

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 253 | मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 | कार्तिक माह, कृष्ण, प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया



सरकार ने फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के बदले नियम : अब E100 Ethanol से भी चलेंगी गाड़ियां

जागरण मोर्चा

दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन अधिसूचित कर दिए, जिससे शुद्ध रूप से एथनॉल वाले ईंधन 'ई-100' पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों का रास्ता साफ हो गया है। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ई85 (85 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) तथा ई100 जैसे उच्च एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन पर चलने के लिए भी सक्षम बनाए जाते हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ई20 (पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल का मिश्रण) से अधिक और ई100 तक के ईंधन विकल्पों का इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें इसके लिए डिजाइन और प्रमाणित किया गया है। इसका मतलब है कि ई20 या सामान्य पेट्रोल पर चलने वाले वाहन ई85 या ई100 ईंधन का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।

मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, नियमों में किए गए संशोधन के तहत वाहन वर्गीकरण की कुछ सीमाओं, ईंधन विनिर्देशों और उत्सर्जन संबंधी परीक्षणों में इस्तेमाल होने वाले तकनीकी संदर्भों में भी बदलाव किया गया है। इसके अलावा, इन बदलावों से प्रभावित हल्के पेट्रोल और डीजल वाहनों के लिए वजन की सीमा 3,000 किलोग्राम से बढ़ाकर 3,500 किलोग्राम कर दी गई है।

सरकार कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने के लिए पेट्रोल में एथनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दे रही है। देश में ई20 ईंधन की शुरुआत हो चुकी है, जिसमें 20 प्रतिशत एथनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है। मारुति सुजुकी इंडिया ने इस साल जून में देश का पहला फ्लेक्स-फ्यूल यात्री वाहन वैगनआर पेश किया था, जो ई20 से लेकर ई100 तक के एथनॉल-पेट्रोल मिश्रण वाले ईंधन पर चल सकता है।

इसके अलावा, टोयोटा, टाटा मोटर्स और हुंदै समेत अन्य वाहन विनिर्माता भी भारतीय बाजार के लिए फ्लेक्स-फ्यूल वाहन विकसित कर रहे हैं। मंत्रालय ने इससे पहले वाहन उत्सर्जन नियमों में संशोधन का प्रस्ताव दिया था, ताकि अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन और वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल का दायरा बढ़ाया जा सके। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य ई85 और ई100 के साथ बी100 बायोडीजल तथा हाइड्रोजन-सीएनजी मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल का प्रावधान करना था। मंत्रालय ने इससे पहले उत्सर्जन नियमों में बदलाव का प्रस्ताव रखा था, ताकि अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन और अन्य वैकल्पिक ईंधनों के इस्तेमाल का दायरा बढ़ाया जा सके। प्रस्तावित बदलावों में E85, E100, B100 बायोडीजल और हाइड्रोजन-सीएनजी मिश्रित ईंधन से जुड़े प्रावधान भी शामिल थे।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों से जुड़े नियमों में संशोधन के बाद इन ईंधनों को लेकर लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि E20, E85 और E100 का मतलब क्या है और इनमें कितना अंतर होता है? दरअसल, इन नामों में 'E' का मतलब एथनॉल है, जबकि इसके साथ लिखी संख्या ईंधन में एथनॉल के प्रतिशत को दर्शाती है।

एक नजर



अनंत सिंह की विधायकी पर खतरे का साया

पटना। बिहार में मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह को लेकर सियासत जारी है। जनता दल यूनाइटेड (JDU) ने उन्हें 2 दिन पहले पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। उनकी पत्नी और पूर्व विधायक नीलम देवी को भी जेडीयू की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया है। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने शनिवार को बताया कि उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त करने के लिए एक विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखा गया है। पार्टी ने दसवीं अनुसूची का हवाला देते हुए उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग स्पीकर से की है। इसका आदेश भी पार्टी कार्यालय की तरफ से जारी किया गया था। ऐसे में सवाल यह है कि उनकी सदस्यता जाएगी या बचेगी?।

UP के 15 हजार आपदा मित्र इको-गार्डन में डटे



लखनऊ। आपदा के समय अपनी जान दांव पर लगाकर दूसरों को बचाने वाले 'आपदा मित्र' आज खुद अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। राज्य कर्मचारी का दर्जा, तय न्यूनतम वेतन और बीमा की गारंटी की मांग को लेकर 'उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन' के बैनर तले 23 अक्टूबर से लखनऊ के इको-गार्डन में अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। एसोसिएशन के राज्य सचिव प्रवीण कुमार पटेल का कहना है कि प्रदेश के 14,921 आपदा मित्र योगी राज में बिना वेतन और भत्ते के काम करने को मजबूर हैं। 2018 से लेकर अब तक कोरोना काल हो, महाकुंभ, छठ पूजा, माघ मेला या गणतंत्र दिवस परेड—हर जगह आपदा मित्रों ने अपनी सेवाएं दी हैं। लेकिन इसके बावजूद सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है। ताज्जुब की बात यह है कि इतने दिनों से धरना चल रहा है, लेकिन सरकार ने अब तक बातचीत तो दूर, उनका मांग पत्र तक नहीं लिया है।

2.12 लाख करोड़ के रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी, सेना को मिलेंगे नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली: रक्षा क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 26 अक्टूबर को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) की बैठक में करीब 2.12 लाख करोड़ रुपये के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें आधुनिक तोप प्रणाली, हेलीकॉप्टर, एयर डिफेंस सिस्टम, निगरानी उपकरण और लंबी दूरी तक हमला करने वाले ड्रोन शामिल हैं। इन प्रस्तावों का मकसद तीनों सेनाओं की मारक क्षमता, निगरानी और हवाई सुरक्षा को मजबूत करना है। खास बात यह है कि कुल स्वीकृत 'स्वीकृति की आवश्यकता' (AoN) में से करीब 82 फीसदी खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी।

भारतीय सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल्स सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, गन शॉट रिस्पॉन्स सिस्टम लाइट मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर्स वेरी शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और प्लेटफॉर्म-आधारित काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, अनमैन्ड एरियल सिस्टम (लॉन्ग रेंज), सर्विलांस UAV, इंटीग्रेटेड सर्विलांस एंड स्ट्राइक सिस्टम और लॉन्ग रेंज कामिकेज ड्रोन सिस्टम भी इस सूची में शामिल हैं। इनसे सेना की निगरानी, लक्ष्य साधने और दुश्मन के हवाई खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाई मोबिलिटी व्हीकल्स कठिन इलाकों में आवाजाही और लॉजिस्टिक सपोर्ट को बेहतर बनाएंगे। सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम मशीनीकृत इकाइयों को गतिशीलता और मारक क्षमता प्रदान करेगा। वहीं, GSRS एक 'फोर्स मल्टीप्लायर' के रूप में काम करेगा और बलों को वास्तविक समय में स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराएगा। इससे परिचालन के दौरान स्थिति का आकलन करने में मदद मिलेगी।

हेलीकॉप्टर और ड्रोन से मजबूत होगी निगरानी

लाइट मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर्स (LMRH) का इस्तेमाल भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना दोनों करेंगी। इनका उपयोग टोही और निगरानी, युद्ध, सैनिकों की खोज और बचाव, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत जैसे कार्यों में किया जाएगा। VSHORADS नई पीढ़ी के छोटे हवाई खतरों से निपटने में सक्षम होगा। वहीं, C-UAS आधुनिक युद्धक्षेत्र में टैंकों की सुरक्षा और उनके बचे रहने की क्षमता को बढ़ाएगा। निगरानी और ड्रोन सिस्टम सेना की निगरानी तथा लक्ष्य साधने की क्षमताओं को बेहतर बनाएंगे।

गाजा को तहस नहस करने के बाद भी चुनाव जीत पाएंगे नेतन्याहू? आज हो जाएगा फैसला

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। इजरायल में कल यानी 27 अक्टूबर को नई सरकार के लिए वोट डाले जाएंगे। 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमास के हमले के बाद इजरायल में पहली बार राष्ट्रीय चुनाव होने जा रहे हैं। इन चुनावों को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व पर जनता की राय जानने के मौके के तौर पर देखा जा रहा है। इसे इजरायल के 78 साल के इतिहास का सबसे अहम चुनाव माना जा रहा है। चुनाव के नतीजे नेतन्याहू के दशकों लंबे राजनीतिक करियर को खत्म कर सकते हैं या उन्हें वहां की राजनीति का बेताज बादशाह बना सकते हैं। वह इजरायल के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नेता हैं।

नेतन्याहू, उनकी पार्टी और उनकी सरकार में शामिल दूसरी पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला है। हालांकि, उनकी सरकार 1988 के बाद इजरायल की पहली ऐसी संसद है, जिसने समय से पहले भंग हुए बिना अपना पूरा चार साल का कार्यकाल पूरा किया है। इजरायल में कल यानी 27 अक्टूबर को चुनाव होंगे। इन चुनावों में नेसेट यानी इजरायल की संसद के सभी 120 सदस्यों को चुना जाएगा। चुनाव के दिन इजरायल में सार्वजनिक छुट्टी रहती है। देश के ज्यादातर हिस्सों में मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और रात 10 बजे तक चलेगा। कुछ छोटे इलाकों, अस्पतालों और जेलों में मतदान का समय थोड़ा कम होगा। इजरायल में लोग किसी एक उम्मीदवार को नहीं, बल्कि किसी राजनीतिक पार्टी को वोट देते हैं। हर पार्टी अपने उम्मीदवारों की एक लिस्ट बनाती है। इस लिस्ट में उम्मीदवारों के नाम एक तय क्रम में होते हैं। मतदाता बैलेट पेपर पर अपनी पसंद की पार्टी या उसके उम्मीदवारों की लिस्ट को चुनते हैं। जिस पार्टी को सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं, उसके नेता के देश का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना होती है। हालांकि, सबसे ज्यादा वोट पाने वाली पार्टी के नेता का प्रधानमंत्री बनना तय नहीं होता। इजरायल में चुनाव की व्यवस्था पूरे देश में पार्टियों को मिले वोटों के अनुपात पर आधारित है। संसद में जगह पाने के लिए किसी पार्टी को कुल वैध वोटों में से कम से कम 3.25 प्रतिशत वोट हासिल करने होते हैं। उम्मीद है कि करीब 10 पार्टियां वोटों की इस न्यूनतम सीमा को पार कर लेंगी। सरकार बनाने के लिए किसी पार्टी या उसके साथ आने वाली पार्टियों को संसद में कम से कम 61 सीटों का समर्थन चाहिए।

राहुल गांधी के काफिले की गाड़ियां टकराई, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश दौरे पर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के काफिले से जुड़ी गाड़ियों के आपस में टकराने की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 91वें किलोमीटर के पास पांच गाड़ियां और एक एंबुलेंस आपस में भिड़ गई। हादसे में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और सुरक्षा से जुड़े कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

राहुल गांधी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बल्दीराय थाना के 89.6 पर राहुल गांधी के काफिले की एक गाड़ी टकराई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गाड़ी के बोनट में आई चोट। वाहन में बैठे सभी लोग सुरक्षित। मौके पर यूपीडा की टीम मौजूद। बताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ, जब राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के दौरे पर थे। टक्कर के बाद काफिले में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हादसे में घायल लोगों को लेकर फिलहाल विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के कारणों का भी अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सोमवार सुबह लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से सुलतानपुर रवाना हो गए, जहां एक विशेष सांसद-विधायक अदालत उनके खिलाफ मानहानि के एक मामले में फैसला सुनाने वाली है। यह मामला 2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ गांधी की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़ा है।

अखिलेश का भाजपा पर वोट चोरी की साजिश का आरोप, बोले- एक नाम की कई जिलों में एंट्री

जागरण मोर्चा



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मतदाता सूची में हेराफेरी और वोटों की चोरी की साजिश रचने का आरोप लगाया। यादव ने निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची को आधार से अनिवार्य रूप से जोड़ने तथा मतदान केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था करने की मांग की।

यादव ने पार्टी राज्य मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मतदाता सूची की पड़ताल के दौरान कई चौंकाने वाले मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में एक ही व्यक्ति के नाम पर सैकड़ों स्थानों पर मतदाता प्रविष्टियां दर्ज हैं। उन्होंने कहा, ''सुनीता पत्नी राजेश, जिनकी उम्र 42 वर्ष है, के नाम की प्रविष्टि 420 जगह मिली है। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची में दो नामों की पड़ताल करने पर कुल 2,341 प्रविष्टियां मिली हैं। इसी तरह राजकुमारी पत्नी राजकुमार के नाम की प्रविष्टियां 315 जगह मिली हैं और अन्य गणना के आधार पर यह संख्या 1,627 तक पहुंचती है। सपा प्रमुख ने सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में दशरथ नाम के व्यक्ति के नाम पर 100 से अधिक फॉर्म भरे जाने और विकास नाम के युवक का नाम कई मतदान केंद्रों की सूची में होने का भी दावा किया। उन्होंने कहा कि इन मामलों की जानकारी निर्वाचन आयोग को दिए जाने के बाद कार्रवाई शुरू हुई है। यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि किसी पात्र मतदाता का नाम छूटे नहीं और किसी व्यक्ति के कई स्थानों पर नाम दर्ज न हों। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस्तेमाल से मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर किया जा सकता है।

ज्ञानेश कुमार को हटाएं, 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा: राहुल

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। नई दिल्ली: कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली विपक्षी दलों की रैली पर कमेंट किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में दिल्ली के व्यापारियों को संबोधित करते हुए अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने व्यापारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहिए कि वो आरोपी नंबर 4 ज्ञानेश कुमार को हटाएं तो विपक्ष का आंदोलन 30 सेकंड में रुक जाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर करते हुए पोस्ट में दिल्ली के व्यापारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उनकी बात सुन रही है और उनके साथ खड़ी है।

राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि 'कांग्रेस दिल्ली के हर व्यापारी के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मेट्रो सरकार ने बंद की, सड़कें सरकार ने सील की, राजधानी पर ताला सरकार ने लगाया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं- न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य। कांग्रेस सांसद ने व्यापारियों से कहा कि 'पीएम मोदी से कहिए- आरोपी नंबर 4, ज्ञानेश कुमार को हटाएं, 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा।' कांग्रेस नेता ने हालांकि अपने इस पोस्ट में यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्होंने ज्ञानेश कुमार को 'आरोपी नंबर 4' किस संदर्भ में कहा है।

81 साल के लूला ने चौथी बार जीता ब्राजील का राष्ट्रपति चुनाव

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। ब्राजील से एक बड़ी खबर है। ब्राजील के वामपंथी राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने रविवार को एक कमबैक किया और उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणपंथी सीनेटर फ्लेवियो बोल्सोनारो को हराकर बाजी मार ली है। खास बात है कि पहले दौर में बोल्सोनारो लूला से आगे थे। एक दिन बाद यानी मंगलवार को 81 साल के होने जा रहे इस वामपंथी नेता ने सभी अनुमानों को गलत साबित करते हुए लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े देश में चौथी बार सत्ता हासिल की है।

न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार आधिकारिक नतीजे बताते हैं कि लूला को 51.75 प्रतिशत वोट मिले, जबकि फ्लेवियो बोल्सोनारो को 48.25 प्रतिशत वोट मिले। फ्लेवियो बोल्सोनारो पूर्व दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे हैं और चुनाव के दिन तक पोल में अपनी बढ़त को लेकर काफी आश्वस्त थे। लूला की जीत के साथ, ब्राजील ने उस दक्षिणपंथी लहर को रोक दिया है, जिसने अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया और पेरू जैसे कई देशों को दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर धकेल दिया था। बोल्सोनारो की इस दंक्षिणपंथी लहर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंपर का समर्थन हासिल था।घोटालों और एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने वाले चुनावी प्रचार के बाद, रविवार को मतदान के दौरान काफी अफरा-तफरी मच गई।

सम्मेलन चुनौतियों का सामना करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

दिल्ली में दो दिवासीय 'BRICS संसदीय फोरम' शुरू : स्पीकर बिरला

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली: संसद भवन के ऐतिहासिक संविधान सदन में सोमवार से दो दिवसीय '12वें BRICS संसदीय फोरम, 2026' का आयोजन शुरू हो गया। समारोह के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने फोरम में शामिल हुए तमाम देशों की संसदों से दुनियाभर में शांति, सहयोग और लगातार चलने रहने वाले विकास समेत अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संसदीय सहयोग के माध्यम से साझा चुनौतियों के समाधान विकसित करने और नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। BRICS सदस्य एवं साझेदार देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत करते हुए बिरला ने कहा कि भारत में उनकी उपस्थिति संसदीय सहयोग, संवाद, पारस्परिक सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास को प्रदर्शित करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित BRICS राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन में जॉइंट स्टेटमेंट को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। उन्होंने कहा कि विश्व इस समय क्षेत्रीय संघर्षों, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, व्यापारिक तनाव, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों का प्रभाव किसी एक देश की सीमाओं तक सीमित नहीं रहता। ऐसे समय में संवाद, कूटनीति और आपसी सहयोग का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि संसदें आपसी समझ और विश्वास को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय तनाव कम करने और वैश्विक चुनौतियों के शांतिपूर्ण समाधान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। संसदीय कूटनीति के माध्यम से विभिन्न देशों के जनप्रतिनिधि अपने अनुभव साझा कर सकते हैं, साझा हितों की पहचान कर सकते हैं और परस्पर सहयोग के नए अवसर विकसित कर सकते हैं। दो दिन के इस सम्मेलन में रेजिलिएंस (लचीलापन), इनोवेशन, कोऑपरेशन (सहयोग) और सस्टेनेबिलिटी से जुड़े चार मुख्य विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। युवा पीढ़ी के लिए उन्होंने कहा कि उन्हें उनकी प्रतिभा के अनुरूप अवसर तथा सम्मानजनक जीवन मिलना चाहिए। संसदों का दायित्व है कि वे युवाओं की आकांक्षाओं को समझें, उनकी आवाज को उचित स्थान दें और उनकी प्रतिभा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ें। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

अब भारत के दोस्त को मनाने निकलेंगे शहबाज शरीफ, रूस जाकर व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द ही रूस की यात्रा पर जाने वाले हैं। वह मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं।

पाकिस्तान वर्तमान समय में सुरक्षा, ऊर्जा, महंगाई समेत विभिन्न मोर्चों पर संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में पाकिस्तान दुनियाभर के अनेक देशों से मदद का आस लगाकर बैठा है। अब पाकिस्तान ने भारत के मित्र देश रूस की ओर देखने को फैसला किया है।

रिपोर्ट के हवाले से जानकारी सामने आई है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आने वाले हफ्तों में रूस की यात्रा कर सकते हैं। शहबाज शरीफ इस यात्रा के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करेंगे। आइए जानते हैं कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के रूस दौरे का मकसद क्या है।

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के रूस दौरे की तारीख को लेकर अब तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। हालांकि, 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने राजनयिक सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि शहबाज शरीफ के रूस दौरे की तैयारियां की जा रही हैं। इससे पहले शहबाज शरीफ मार्च महीने में रूस की यात्रा पर जाने वाले थे। हालांकि, क्षेत्र में जारी तनाव की स्थिति को देखते हुए इस यात्रा को टाल दिया गया था।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



गैस रिसाव से चिमनी में धमाका झुलसी महिला की दिल्ली में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। कस्बे के मोहल्ला ठाकुरद्वारा में गैस रिसाव के बाद चिमनी में हुए भीषण धमाके में गंभीर रूप से झुलसी महिला राधा शर्मा (35) की सोमवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



शुक्रवार सुबह करीब 5:20 बजे अमित शर्मा की पत्नी राधा शर्मा रसोई में गैस चूल्हा जलाने पहुंची थीं। पुलिस के मुताबिक, गैस पाइप चूहे द्वारा कटा होने से रिसाव हुआ था। आशंका है कि रिसकर निकली गैस मॉड्यूलर किचन में लगी चिमनी में जमा हो गई। राधा ने जैसे ही लाइटर जलाया, चिमनी में तेज धमाका हो गया। इसकी चपेट में आकर राधा करीब 80 फीसदी झुलस गई थीं। परिजन उन्हें तत्काल बरेली के अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया था। वहां उपचार के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि मकान के दरवाजे और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। शीशे टूटकर बिखर गए और दीवारों में जगह-जगह दरारें पड़ गईं। रसोई का दरवाजा उखड़कर करीब 20 मीटर दूर जा गिरा। घर में रखा सोफा और अन्य सामान भी अस्त-व्यस्त हो गया। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी धमाके के बाद बंद हो गए। आसपास के मकानों की खिड़कियों के शीशे टूटने की भी बात सामने आई थी। धमाके की आवाज करीब 500 मीटर तक सुनाई दी थी, जबकि घटनास्थल से करीब 150 मीटर दूर तक के मकानों में कंपन महसूस किया गया। आसपास के लोग तेज आवाज सुनकर नींद से जाग गए थे। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि वह घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर डनलप पर सामान लेकर जा रहा था। धमाका होते ही उसका डनलप थरथराने लगा। वहीं, करीब 150 मीटर दूर रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि धमाके से उनका मकान कांप उठा। उन्हें लगा कि जैसे घर के पास किसी ट्रक का टायर फट गया हो। हादसे के वक्त मकान में परिवार के दस सदस्यों के अलावा तीन किरायेदार भी सो रहे थे। धमाके के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन रसोई की ओर दौड़े तो राधा आग की लपटों से घिरी मिलीं। किसी तरह उनके कपड़ों में लगी आग बुझाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना पर एसडीएम निधि शुक्ला, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सिमरन मथानिया और सीओ अजय कुमार समेत राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। बरेली से आई फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए थे। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में गैस पाइप कटने से रिसाव और चिमनी में गैस जमा होने को धमाके की वजह बताया था। रसोई में गैस चूल्हे के पास एक बर्तन में दूध भी रखा मिला था। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए थे। हादसे में गंभीर रूप से झुलसी राधा की सोमवार को मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

करेंट की चपेट में आई महिला की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बहेड़ी। करवा चौथ तथा दीपावली पर्व की तैयारी के क्रम में घर की साफ सफाई कर रही एक महिला की बिजली के करेंट की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। अकस्मात हुए इस हादसे से हंसते खेलते परिवार में चीख पुकार मच गयी। मामला क्षेत्र के गाँव सकरस का है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर प्रजेंद्र की पत्नी स्वाति (25) आने वाले त्योहारों के लिए घर में साफ सफाई कर रही थी। उसी दौरान किसी तरह बिजली के तार में करेंट उतर आया । करेंट लगने से स्वाति बुरी तरह झुलस गई। घरवालों की नजर पड़ी तो आननफानन वे उसे लेकर सरकारी अस्पताल को दौड़े पर इलाज शुरू होने की नौबत ही नहीं आई। जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वाति की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हंसते खेलते परिवार में मातम छा गया। असमय हुई मौत से दो मासूम बेटों के सिर से मां का साया उठ गया। गाँव में जिस किसी ने इस दुखद घटना के बारे में जाना, वह परिजनों को तसल्ली देने पीड़ित परिवार के घर की ओर दौड़ पड़ा।मृतका का बड़ा बेटा दक्ष सात साल तथा छोटा लक्ष्य चार साल का बताया गया है। मासूमों को नहीं मालूम कि कुदरत ने उनके साथ कितना क्रूर मजाक कर दिया है। परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे इसलिए रजामंदी के आधार पर कोतवाल दिनेश शर्मा के द्वारा शव उनकी सुपुर्दगी में दे दिया गया।

संक्षेप समाचार



नगर में निकाली गई श्रीराम की बारात

फरीदपुर (बरेली)। श्री आदर्श रामलीला प्रबंध समिति द्वारा आयोजित रामलीला मेले में सीता स्वयंवर और श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग, लक्ष्मण परशुराम संवाद के प्रसंग का मंचन होने के बाद सोमवार को नगर में भव्य राम बारात निकाली गई। राम बारात रामलीला मैदान से शुरू होकर मेन रोड, स्टेशन रोड और साहूकारा समेत प्रमुख मार्गों से होकर पुन: मेला स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वरुपों की आरती उतारकर, तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर स्वरूपों का स्वागत किया। पूरे मार्ग पर जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। बारात में सबसे आगे घोड़ों पर सवार राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के स्वरुपों के साथ भगवान गणेश, भगवान शिव, राजा दशरथ और गुरु वशिष्ठ के स्वरूप शामिल रहे। नगर में जगह-जगह लोगों ने राम बारात का स्वागत किया। मोहल्ला कानूगोयान में अशोक चौधरी, टिंकू जायसवाल और राजू जायसवाल ने स्वरूपों का तिलक कर मिष्ठान खिलाया। साहूकारा में भी कई स्थानों पर आरती उतारकर स्वागत किया गया। मेन रोड पर भाजपा नेता राजेश गुप्ता, रामेश्वर प्रसाद, बृहमाशंकर गुप्ता, सर्वेश अग्रवाल, डॉ. महेश चौधरी आदि ने राम बारात का स्वागत किया। शोभायात्रा में समिति अध्यक्ष राजेश अग्रवाल मामा के साथ सौरभ अग्रवाल, दिनेश सिंह, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, अतुल अग्निहोत्री, शैलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह लवी, संजीव अग्रवाल, उज्ज्वल अग्रवाल, संदीप मोहन अग्रवाल, विजय, गोलू अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विकास अग्रवाल और हर्षित अग्रवाल आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था हेतु क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अमित पाण्डेय और कस्बा इंचार्ज जसवीर सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

केसीएमटी में महिला सुरक्षा पर गोष्ठी आयोजित

बरेली /शेरगढ़। खंडेलवाल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। प्रवक्ता डॉ. शालिनी गुप्ता ने विद्यार्थियों को महिलाओं के अधिकारों, आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को महिलाओं के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण अपनाने और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। प्रबंध निदेशक डॉ. विनय खंडेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार और प्राचार्य डॉ. आरके सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सुरक्षित और समानतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सविता सक्सेना के निर्देशन में किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों में महिला सुरक्षा, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

बकायेदारों पर बिजली विभाग की सख्ती, 45 के कनेक्शन कटे, चार लाख की वसूली

फतेहगंज पश्चिमी। बिजली बिलों का बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं पर विभाग ने सोमवार को सख्त कार्रवाई की। जेई रमेश चंद्र गौतम की अगुवाई में टीम ने क्षेत्र में अभियान चलाकर 45 बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए। इसके साथ ही करीब चार लाख रुपये की बकाया राशि भी वसूल की गई। अभियान के दौरान टीम ने उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर बिजली कनेक्शन और मीटरों की जांच की। साथ ही लोगों को समय पर बिल जमा करने के लिए जागरूक भी किया। नोटिस दिए जाने के बाद भी बकाया जमा न करने पर नई बस्ती निवासी भूरे खां, पप्पू और मोहल्ला सराय निवासी रिजवान समेत 45 उपभोक्ताओं के कनेक्शन विभागीय नियमों के तहत काट दिए गए। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय से बिल जमा करें, ताकि कार्रवाई की नौबत न आए। अभियान में टीजी-2 प्रवीण शर्मा, आदिल मलिक, राजेश बाबू, काशीराम, मोहित माहेश्वरी, शब्बीर अली, प्रमेंद्र और हरबीर सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दो घायल

फतेहगंज पश्चिमी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह पट्टी पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला अंसारी निवासी आशिक अंसारी और अंसार अहमद रविवार सुबह अपने निजी काम से इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर मीरगंज जा रहे थे। इसी दौरान पट्टी पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को आनन-फानन में निजी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है।

मीरगंज में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के अवसर पर रविवार को मीरगंज में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ वाल्मीकि जयंती मनाई गई। ललितपुरी स्थित वाल्मीकि मंदिर में समाज के लोगों ने पूजा-अर्चना कर महर्षि वाल्मीकि को नमन किया। वहीं, नगर पंचायत के महर्षि वाल्मीकि पार्क में भी कार्यक्रम और पाठ का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर उनके जीवन, आदर्शों और महान कृतित्व का स्मरण किया गया।

ललितपुरी स्थित वाल्मीकि मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ से आई टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वहीं, महर्षि वाल्मीकि पार्क में उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना और पाठ कर उनके सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वाल्मीकि जयंती समिति के अध्यक्ष राजू भारती, अशोक वाल्मीकि, संजीव वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, नरेश वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, रामस्वरूप वाल्मीकि, जयपाल वाल्मीकि, प्रेमपाल वाल्मीकि, राजीव गिरी, जगदीश वाल्मीकि और रतन लाल वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

वेतन की मांग को लेकर कर्मी हड़ताल पर

बहेड़ी। क्षेत्र में सहकारी समितियों के कर्मचारी नियमित वेतन की मांग को लेकर कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं। इससे रबी की बुआई के लिए खाद लेने पहुंच रहे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध होने के बावजूद वितरण बंद है। क्षेत्र में आदलपुर, बंजरिया, फिरोजपुर, सियाठेरी, पचपेड़ा, जाम खजूर, हथमन, कंचनपुर, सीकरी, भिलैया और रेतबाड़ा सहित 11 साधन सहकारी समितियां हैं। इनसे सदस्य किसान खाद लेते हैं। वर्तमान में समितियों पर यूरिया और एनपीके का पर्याप्त स्टॉक बताया जा रहा है। इसके बावजूद 22 अक्टूबर से कर्मचारी हड़ताल पर हैं। वे लखनऊ के मयूर गार्डन में नियमित वेतन की मांग को लेकर चल रहे धरने के समर्थन में आंदोलन कर रहे हैं।

नगर में निकली भव्य वाल्मीकि शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



फरीदपुर (बरेली)। नगर में महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा बड़े हर्ष और उल्लास के साथ निकाली गई। सोमवार को मोहल्ला ऊंचा वाल्मीकि मंदिर से प्रारम्भ हुई शोभायात्रा में सर्वप्रथम शोभायात्रा के मुख्य संयोजक सुखदेव सिंह वाल्मीकि और बंटी चौधरी ने स्वरुपों की आरती उतारी। जिसके बाद पूर्व विधायक विजयपाल सिंह ने शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा में महर्षि वाल्मीकि, राम-सीता, मां काली, हनुमान जी, शंकर-पार्वती की सुंदर झांकियां शामिल रहीं। ढोल नगाड़ों डीजे के साथ पूरे उत्साह से निकली शोभायात्रा का भाजपा नेता छत्रपाल दिवाकर, बृहमाशंकर गुप्ता, राजेश गुप्ता, रामेश्वर प्रसाद, विश्व हिंदू परिषद के विभाग कार्यवाह मानवेन्द्र राणा आदि ने स्वागत किया। शोभायात्रा अपने निर्धारित रुट से होते हुए वापस महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर सम्पन्न हुई। जिसमें आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज चौधरी, महामंत्री सनी वाल्मीकि, उप महामंत्री अरुण वाल्मीकि, उपाध्यक्ष धीरज़ वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष निखिल चौधरी, मीडिया प्रभारी गोपाल चौधरी, नामित सभासद विपिन वाल्मीकि, नरेन्द्र पाल, दिलीप कुमार, प्रमोद बलधारी, चन्द्रपाल वाल्मीकि, श्रीराम वाल्मीकि, रामआसरे वाल्मीकि, नरेश वाल्मीकि, ताराचंद वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, मनोज वाल्मीकि के अलावा समिति के संरक्षक नत्थू लाल आजाद, गिरीश चंद्र आदि वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे। शोभा यात्रा के सकुशल संपन्न होने पर आयोजकों ने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया।

युवक पर बांका-लाठी से हमला, धमकी

नवाबगंज। पचपेड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर गिरीश निगम पर बांके से हमला कर दिया गया। पत्नी सोनिया के मुताबिक, 23 अक्टूबर की शाम लखपत सिंह उनके पति को घर से बुलाकर ले गया। आरोप है कि वहां लखपत के भाई दिनेश ने गिरीश के सिर पर बांके से वार कर दिया। बचाने पहुंची सोनिया से भी मारपीट की गई। आरोपियों ने दंपती को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने लखपत सिंह और दिनेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिजली टीम को बंधक बनाने पर केस

जागरण मोर्चा कार्यालय





नवाबगंज। बरौर गांव में बिजली का बकाया वसूलने पहुंची विद्युत विभाग की टीम के साथ अभद्रता और मारपीट की धमकी देने का मामला सामने आया है। अवर अभियंता बाबूलाल की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के मुताबिक, 26 अक्टूबर को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र चुनुआं के अवर अभियंता बाबूलाल संविदा कर्मचारियों पुष्पेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम कुमार और गुड्डू कुमार के साथ उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बरौर गांव में बकाया वसूली के लिए पहुंचे थे। गांव निवासी पानवती के विद्युत कनेक्शन पर 11,033 रुपये बकाया था। भुगतान के लिए कहने पर विवाद हो गया। आरोप है कि अर्पित, पंकज, सचिन और साहिल ने बाबूलाल के साथ गाली-गलौज करते हुए उन्हें घसीटकर दुकान में बंधक बना लिया। इस दौरान सरकारी दस्तावेज फाड़ने, मोटरसाइकिल छीनने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। अवर अभियंता ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें मुक्त कराकर मोटरसाइकिल वापस दिलाई। तहरीर के साथ वीडियो की सीडी और क्षतिग्रस्त दस्तावेज भी सौंपे गए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दहेज में कार न मिलने पर शादी से इनकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। कस्बे की नई बस्ती पश्चिम में दहेज में कार की मांग को लेकर निकाह से इनकार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता गुलाब बानो पत्नी अनीस ने होने वाले ससुराल पक्ष पर जेवरात और सामान वापस न करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुलाब बानो के मुताबिक, उन्होंने अपनी बेटी सना का रिश्ता पीलीभीत के अमरिया थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव निवासी शानू पुत्र रईस अहमद से तय किया था। मंगनी की रस्म में लड़के पक्ष के करीब 80 से 90 लोग शामिल हुए थे। इस दौरान मेहमानों को उपहार दिए गए और खाने-पीने सहित अन्य व्यवस्थाओं पर लगभग साढ़े तीन लाख रुपये खर्च किए गए। आरोप है कि लड़के और उसके माता-पिता को सोने-चांदी के जेवरात भी दिए गए थे।पीड़िता का आरोप है कि निकाह की तैयारियों को लेकर बातचीत के दौरान लड़के पक्ष ने अर्टिगा कार की मांग रख दी। असमर्थता जताने पर निकाह से इनकार कर दिया गया। पंचायत में भी विवाद नहीं सुलझा। आरोप है कि गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। बाद में जेवरात, उपहार और सामान लौटाने के साथ तीन लाख रुपये वापस करने की बात तय हुई, लेकिन आरोपियों ने कथित तौर पर वादा पूरा नहीं किया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

श्रीराम के आदर्शों से मिलती है सत्य की प्रेरणा: सांसद

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। नगर में चल रहे विशाल दशहरा मेला में रविवार को रावण वध के अवसर पर पहुंचे सांसद छत्रपाल गंगवार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का मेला कमेटी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। कमेटी के पदाधिकारियों ने अतिथियों को फूल-मालाएं पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों का जीवंत संदेश है। प्रभु श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, मनुष्य को सत्य, धर्म, न्याय और कर्तव्य के मार्ग से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। भगवान श्रीराम ने अपने आचरण से मर्यादा, त्याग, करुणा और जनकल्याण का आदर्श प्रस्तुत किया। रावण वध का प्रसंग संदेश देता है कि अहंकार, अन्याय और अधर्म का अंत निश्चित है तथा अंततः सत्य और धर्म की विजय होती है। उन्होंने कहा कि रामलीला जैसे सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांसद ने विशाल दशहरा मेला के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी के पदाधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत बनाते हैं। सम्मानित होने वाले जनप्रतिनिधियों में विधायक डॉ. एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता डॉ. एके गंगवार, नवाबगंज चेयरमैन प्रेमलता राठौर के पति भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरू सिंह सागर और लेखराज गंगवार आदि का मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण मेहरोत्रा, उपमंत्री राजेंद्र प्रसाद कटियार व संजोग गुप्ता, मेला इंचार्ज शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट, मदन मोहन दीक्षित, मेला निरीक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप सूरी, ऑडिटर दिलीप गुप्ता, अखिलेश शर्मा अक्कू, कानूनी सलाहकार सुरेंद्र कुमार, शैलेश चंद्र शर्मा, मेला डायरेक्टर सुरेंद्र गौड़, रामधुन गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश रस्तोगी, मेला व्यवस्थापक राम अवतार वाला, अमर सिंह राठौर सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का फूल माला पहनाकर शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर जानीं समस्याएं

बहेड़ी। आजाद समाज पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नसीम अहमद ने सोमवार को उतरासिया, महोलिया, उगनपुर और दहिया बोझ सहित करीब आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं के यथासंभव निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों, बेरोजगारी तथा सरकारी नौकरियों में भागीदारी जैसे मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार और क्षेत्रीय विधायक की उदासीनता के कारण जरूरतमंदों को उनका जायज हक नहीं मिल पा रहा है। बहेड़ी क्षेत्र विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। उन्होंने सरकारी व्यवस्थाओं और निर्णय प्रक्रिया में इन वर्गों को जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी देने की मांग की। साथ ही एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के रिक्त सरकारी पदों को जल्द भरने की मांग उठाई।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



आज खुलेगा 17 प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा

35,146 मतपत्रों की होगी गिनती, आठ टेबल पर चलेगी मतगणना, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

शिक्षक एमएलसी चुनाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के परिणाम को लेकर मंगलवार को स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। संजय गांधी मेमोरियल सेंटर में मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यहां 35,146 मतपत्रों की गिनती के लिए आठ मतगणना टेबल और एक रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) टेबल समेत कुल नौ टेबल लगाई गई हैं। भाजपा और सपा के प्रत्याशियों सहित 17 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला मतगणना के बाद होगा। सोमवार को मंडलायुक्त शंभू कुमार, जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने अन्य अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी सीट के लिए 23 अक्टूबर को मतदान हुआ था। चुनाव में 73.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया और 35,146 शिक्षक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अब मंगलवार को मतपत्रों की गिनती निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार राउंडवार कराई जाएगी। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी दो शिफ्टों में लगाई गई है। मतगणना कर्मियों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मंडलायुक्त एवं रिटर्निंग ऑफिसर शंभू कुमार ने बताया कि प्रत्येक प्रत्याशी अपने आठ मतगणना एजेंटों के साथ परिसर में प्रवेश कर सकेगा। समर्थकों को मतगणना स्थल से 100 मीटर दूर रहना होगा। परिसर में 15 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मतगणना एजेंटों और कर्मचारियों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। पर्याप्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। जीतने वाले प्रत्याशी को विजय जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। इस चुनाव में भाजपा ने डॉ. हरि सिंह ढिल्लों को प्रत्याशी बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी से हाजी दानिश अख्तर मैदान में हैं। इनके अलावा 15 निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें संजय कुमार मित्रा, राजेंद्र कुमार गंगवार, रेनू मिश्रा, राज कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, विमलेंद्र कुमार शर्मा, राजीव कुमार, नरेश कुमार शर्मा, रमेश चंद्र, बहार आलम, रोहित अल्ताफ, विद्युत कुमार, डॉ. सुनीत गिरि, नाज रिजवी और नेत्रपाल शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरिकेडिंग, सेफ हाउस, मतगणना टेबल, कुर्सियों, मतपेटियों को सुरक्षित रखने, मत मिश्रण पेटी और निरस्त मतपत्रों के लिए अलग बक्सों की व्यवस्था का जायजा लिया। कर्मचारियों, रिजर्व कर्मियों, पुलिस बल और एजेंटों के प्रवेश तथा बैठने की व्यवस्था भी जांची गई। पेयजल और सुरक्षा संबंधी इंतजामों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि मतगणना निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल, एसडीएम, एडीएम समेत अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की निगाहें परिणाम पर टिकी हैं।

पानी की टंकी के पास सो रहे बुजुर्ग की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। भमोरा थाना क्षेत्र में पानी की टंकी की रखवाली कर रहे 65 वर्षीय बलराम दीक्षित की धारदार हथियार से हरिओम ठाकुर सहित 3 अन्य लोगों ने हत्या कर दी। रविवार रात हुई इस वारदात का पता सोमवार सुबह उस समय चला, जब परिजन टंकी पर पहुंचे। शव खून से लथपथ पड़ा देख परिवार में कोहराम मच गया, सूचना पर पहुंची थाना भमोरा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। थाना भमोरा क्षेत्र के ग्राम दपता श्याम निवासी आशुतोष दीक्षित ने बताया कि वह पानी की टंकी पर नौकरी करता है कभी कभी उसके चाचा 65 वर्षीय बलराम दीक्षित पानी की टंकी पर आशुतोष दीक्षित के साथ सो जाते है आशुतोष दीक्षित को बुखार आ गया पानी की टंकी पर सोने के लिए नहीं गया , बलराम दीक्षित पानी की टंकी पर अकेले सो रहे थे रात में हरिओम ठाकुर नशे की हालत में आया उसने उनके डंडा मारा और अन्य अज्ञात लोगों ने धार धार हथियार से बलराम पर हमला कर दिया बलराम की मौत हो गई हमला करने वाले फरार हो गए । सुबह गांव के लोगों ने देखा की आदमी पड़ा हुआ है आशुतोष के घर सूचना दी परिवार वाले पानी की टंकी पहुंचे देखा बलराम दीक्षित की लाश खून में लथपथ पड़ी हुई है थाना भमोरा पुलिस को सूचना दी घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा और घटना की जांच शुरू कर दी । आशुतोष दीक्षित का आरोप है बलराम के भाई कृष्ण मुरारी से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है हो सकता है उन्होंने घटना को अंजाम दिया हो।

संजय हत्याकांड: मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के शांति विहार में दशहरा मेला देखकर लौट रहे संजय सक्सेना की पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान राजेश गुर्जर को गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया। इसके अलावा मामले में वांछित कृष्णा गोस्वामी, राहुल तेली और धीरज गुर्जर को भी गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर की रात करीब डेढ़ बजे संजय सक्सेना अपने दोस्त मोनू सैनी के साथ स्कूटी से दशहरा मेला देखकर लौट रहे थे। शांति विहार स्थित होली चौक पर आरोपियों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल संजय को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की बहन साक्षी की तहरीर पर पुरानी रंजिश में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, 25 अक्टूबर को रामगंगा नदी किनारे मंदिर के पीछे संदिग्ध अवस्था में खड़े राजेश गुर्जर को पकड़ने का प्रयास किया गया। आरोप है कि उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से वह घायल हो गया। वहीं, कृष्णा, राहुल और धीरज को कार्टन तिराहे से अंधी पुलिया की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते संजय और उनके साथी पर हमला करने की बात स्वीकार की। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

इज्जतनगर मंडल में सतर्कता सप्ताह शुरू

बरेली। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में सोमवार से सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई। 26 अक्टूबर से एक नवंबर तक चलने वाले अभियान के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की शपथ ली। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में डीआरएम वीणा सिन्हा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। सभी ने भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाने का संकल्प लिया। डीआरएम ने कहा कि सतर्कता को दैनिक कार्यशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है। ईमानदारी और पारदर्शिता से भ्रष्टाचारमुक्त कार्यसंस्कृति विकसित होगी और रेलवे पर यात्रियों का विश्वास बढ़ेगा।

विधायक संजीव अग्रवाल ने किया शोभायात्रा का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पर सोमवार को शहर में महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाया गया। सिटी सब्जी मंडी स्थित प्राचीन भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर से भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव शेभायात्रा हर्षोल्लास से निकाली गई। मुख्य अतिथि कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने महर्षि वाल्मीकि और लव-कुश का पूजन करके हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया।

मुख्य अतिथि कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने अपनी अमर कृति रामायण के माध्यक्ष से संपूर्ण मानवता को सत्य, धर्म, मार्यादा एवं आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया। उनकी रचना सदैव समाज को सद्भाव, समानता, नैतिक मूल्यों की प्रेरण देते रहेंगे। इसके बाद महर्षि भगवान वाल्मीकि जन्मोत्सव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अंशु आर्य के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवान वाल्मीकि के जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा बिहारीपुर और बरेली कॉलेज चैराहा क्षेत्र से होकर आगे बढ़ी। नॉवेल्टी चैराहे पर श्रद्धालुओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह स्वागत के लिए खड़े लोगों ने पुष्पवर्षा की। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान वाल्मीकि के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। डीजे पर जो बोले सो निर्भय बोल, प्रभु वाल्मीकि की जय भजन बजा तो युवा खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। भजनों की धुन पर झूमते युवाओं के साथ महिलाएं और बच्चे भी उत्साह में डूबे नजर आए। इस दौरान एससी-एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य सुषमा गौडियाल, आकाश पुष्कर एडवोकेट, क्षेत्रीय मंत्री ब्रज प्रांत दीपक सोनकर, शोभायात्रा अध्यक्ष अंशु आर्य, स्वागत अध्यक्ष अभिजीत कठेरिया, राहुल राजे, विशाल बिंदु, प्रभात सिंह, हरिवंश सिंह, शिशुपाल कठेरिया, विश्वास महाजन, हरीश बाबू वाल्मीकि, अजय रत्नाकर पार्षद, संतोष कश्यप पार्षद, मनोज भारती, अमरीश कठेरिया, सुरेंद्र चैधरी तमाम लोग उपस्थित रहे।

विभीषण राजतिलक लीला के साथ विदाई समारोह





जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नगर में आयोजित विशाल दशहरा मेला में श्री बाल मुकुंद जी महाराज वृंदावन की प्रसिद्ध रामलीला के कलाकारों ने विभीषण राजतिलक की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। लीला के माध्यम से धर्म की विजय, प्रभु श्रीराम की शरणागत वत्सलता और विभीषण की भक्ति का संदेश दिया गया। मंचन में दिखाया गया कि रावण द्वारा लंका से निकाले जाने के बाद विभीषण प्रभु श्रीराम की शरण में पहुंचते हैं। श्रीराम उन्हें अपनाकर लंका का राजा घोषित करते हैं और उनका राजतिलक करते हैं। इस प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। देर रात मेला कमेटी की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मेले के सफल आयोजन में योगदान देने वाले दुकानदारों, सर्कस, झूला और जलपरी के संचालकों व कलाकारों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मेला कमेटी के पदाधिकारियों और अतिथियों को भी सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण मेहरोत्रा, उप मंत्री राजेंद्र प्रसाद कटियार व संजोग गुप्ता, मेला इंचार्ज शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट, मदन मोहन दीक्षित, मेला निरीक्षित चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप सूरी, ऑडिटर दिलीप गुप्ता, अखिलेश शर्मा अक्कू, कानूनी सलाहकार सुरेन्द्र कुमार, सक्सेना शैलेश चंद्र शर्मा, मेला डायरेक्टर सुरेंद्र गौड़ , रामधुन गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश रस्तोगी और मेल व्यवस्थापक राम अवतार वाला, अमर सिंह राठौर आदि उपस्थित रहे। मेला कमेटी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के योगदान की सराहना की। विशाल दशहरा मेला का समापन मंगलवार को राजगद्दी की लीला के साथ होगा।

अंशु आर्य के नेतृत्व में निकली भव्य शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को प्राचीन महर्षि वाल्मीकि मंदिर, तकिया काले शाह, सिटी सब्जी मंडी से भगवान महर्षि वाल्मीकि की 132वीं प्रकटोत्सव शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष अंशु आर्य के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग पर भगवान वाल्मीकि के जयकारे गूंजते रहे।

आयोजन ने सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। शोभायात्रा को कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार, शहर विधायक डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार व धर्मेंद्र कश्यप, मंत्री शहजिल इस्लाम, पूर्व मंत्री अताउर रहमान, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य डॉ. सुषमा गोढ़ियाल और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। बरेली कॉलेज चौराहे पर युवाओं ने डीजे की धुन पर भजनों के साथ नृत्य किया। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। विभिन्न स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने स्वागत शिविर लगाकर पुष्पवर्षा की। लगातार दूसरे वर्ष सर्वधर्म एकता समिति के अंतर्गत मुस्लिम समाज के लोगों की ओर से धर्म रथ उपलब्ध कराया गया, जिसमें लव-कुश और माता सीता की सुंदर झांकी सजाई गई। इससे गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। शोभायात्रा का स्वागत अनीस बेग, राजेश अग्रवाल, पार्षद , समर्थ मिश्रा, मोहम्मद दारा एडवोकेट सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने किया। ब्रह्मपुरा सद्भावना मेला स्थल पर मेला अध्यक्ष मनोज थपलियाल ने अंशु आर्य का स्वागत किया। मंच संचालन एडवोकेट अमरीश कठेरिया ने किया। आयोजन में समिति के महासचिव अंकुश आर्य, मीडिया प्रभारी एडवोकेट अंकित आर्य, उपाध्यक्ष देवेश आर्य, राहुल वाल्मीकि सहित पदाधिकारियों ने सहयोग किया। अंत में अंशु आर्य ने विभिन्न क्षेत्रों से आई झांकियों को पुरस्कार देकर शोभायात्रा का समापन किया।

वोट चोरी पर भाजपा का कांग्रेस को घेराव

बरेली। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ब्रज क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। सोमवार को सिविल लाइंस स्थित भाजपा जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवीन प्रजापति ने वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस पर पलटवार किया। नवीन प्रजापति ने सरदार पटेल और जवाहरलाल नेहरू के राजनीतिक इतिहास का जिक्र करते हुए कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस को अपने इतिहास और फैसलों की भी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने फिरोज गांधी की कब्र का मुद्दा उठाकर भी कांग्रेस पर कटाक्ष किया। इन आरोपों पर कांग्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

सांसद श्रुति गंगवार का नवाबगंज में भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। सोमवार को नवाबगंज ब्लॉक में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार का प्रथम बार आगमन हुआ, जहाँ क्षेत्रवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार ने की।

कार्यक्रम में पहुँचीं राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार का स्वागत क्षेत्रवासियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप, भव्य आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के साथ किया। इस दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सांसद ने भी अपने ऊपर हो रही पुष्पवर्षा के बीच सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार ने भावुक होते हुए कहा कि "मेरी शक्ति और मेरे सबसे बड़े मार्गदर्शक मेरे पिता राज्यपाल संतोष गंगवार हैं।" उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने जीवन में जो कुछ भी सीखा है, वह अपने पिता से सीखा है और वह उनके ही बताए करकमलों (मार्ग) पर चलते हुए सदैव क्षेत्र की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेंगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता के हर सुख-दुःख में वह हमेशा उनका साथ निभाएंगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, बाल श्रम बोर्ड सदस्य भुजेंद्र गंगवार, नगर संघचालक विश्राम कोहली, प्रिया शंकर एड., व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, चेतराम गंगवार, लालता प्रसाद, बाबूराम गंगवार, भगवानदास गंगवार, जमना प्रसाद गंगवार, प्रेम बाबू गंगवार, अनुज गंगवार, शशि कपूर, राजू हिंदुस्तानी, खेमकरन लाल गंगवार, हरपाल मौर्या, धीरेंद्र गंगवार, द्वारिका प्रसाद, महेंद्र गंगवार, अमित गंगवार, हरीश गंगवार, ओमप्रकाश गंगवार, पर्यावरण मंत्री देवेश देवल और गंगाराम गंगवार सौरभ कटियार, ज्योति गंगवार, यशोदा देवी, रोशनी गंगवार, सरला गंगवार, प्रियंका गंगवार, विमलेश गंगवार, रीना गंगवार, माधुरी त्रिवेदी, प्रवेश गंगवार, मानसी गोंगलिया, यशोदा सक्सेना, रूपा देवी और रती शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com
बदायूं
4
लखनऊ, मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026

दातागंज में भाजपा के किले में सेंध लगाने में सफल हुई सपा

जातीय समीकरण साधने की कोशिश तेज

- कश्यप, मैथिल के बाद मौर्य-शाक्य समाज पर सपा की नजर
- पूर्व विधायक सिनोद शाक्य और केसी शाक्य के साथ कुशाग्र सागर ने भी थामा सपा का दामन

जागरण मोर्चा कार्यालय

देवेश मिश्रा



बदायूं। जिले की राजनीति में समाजवादी पार्टी ने भाजपा को घेरने के लिए अपनी रणनीति तेज कर दी है। खासकर दातागंज विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के मजबूत राजनीतिक आधार में सेंध लगाने की कोशिशें चर्चा में हैं। कश्यप और मैथिल समाज के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के बाद अब सपा मौर्य और शाक्य समाज के मतदाताओं को अपने पाले में लाने की रणनीति पर काम करती दिखाई दे रही है। सोमवार को पूर्व विधायक सिनोद शाक्य और केसी शाक्य के सपा में शामिल होने के साथ ही बिसौली के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर के भी साइकिल पर सवार होने से जिले के राजनीतिक समीकरणों में नए बदलाव की संभावनाएं पैदा हो गई हैं।

लखनऊ में सपा का दामन थामने वाले इन नेताओं के राजनीतिक फैसलों को भाजपा के लिए चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, इन नेताओं के दल बदलने का वास्तविक चुनावी असर आगामी चुनावों में ही स्पष्ट होगा, लेकिन इनके कदम ने जिले की सियासत में चर्चाओं को जरूर तेज कर दिया है।


कुशाग्र सागर।


सिनोद शाक्य।


केसी शाक्य।

शाक्य समाज में सेंध लगाने की कोशिश

दातागंज विधानसभा क्षेत्र में शाक्य समाज का राजनीतिक प्रभाव महत्वपूर्ण माना जाता है। पूर्व विधायक सिनोद शाक्य और केसी शाक्य का सपा में शामिल होना इसी लिहाज से अहम है। सिनोद शाक्य बसपा से दो बार विधायक रह चुके हैं। ऐसे में क्षेत्र में उनका राजनीतिक अनुभव और समर्थकों का आधार सपा के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। उनके सपा में जाने को भाजपा के लिए शाक्य समाज में अपनी पकड़ बनाए रखने की चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, केसी शाक्य को भाजपा विधायक राजीव सिंह का करीबी माना जाता रहा है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि उनके परिवार को ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी तक पहुंचाने में भाजपा के स्थानीय नेतृत्व की भूमिका रही थी। इसके बावजूद उनका पार्टी छोड़कर सपा में जाना भाजपा के स्थानीय संगठन के लिए झटका माना जा रहा है। हालांकि, किसी नेता के दल बदलने से पूरे समाज का वोट एकमुश्त स्थानांतरित हो जाएगा, ऐसा मानना जल्दबाजी होगी।

कुशाग्र सागर के फैसले से बिसौली में भी हलचल

बिसौली के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर के सपा में शामिल होने से जिले की राजनीति को एक और नया मोड़ मिला है। उन्होंने वर्ष 2017 में भाजपा के साथ अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। उनके सपा में जाने के पीछे राजनीतिक समीकरणों और स्थानीय नेतृत्व के बीच बदलते संबंधों को लेकर चर्चाएं हैं। सपा विधायक आशुतोष मौर्य की भाजपा नेताओं से नजदीकियों को भी कुशाग्र सागर के फैसले से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, इसे उनके दल बदलने का आधिकारिक कारण नहीं कहा जा सकता। कुशाग्र सागर का यह कदम बिसौली में भाजपा की रणनीति और सपा की चुनावी तैयारियों, दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भाजपा के सामने जातीय संतुलन की चुनौती

दातागंज में भाजपा के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न जातीय समूहों के बीच अपना जनाधार बनाए रखने की होगी। ब्राह्मण, शाक्य, कश्यप, मौर्य और अन्य पिछड़े वर्गों के मतदाताओं के बीच संतुलन बनाना किसी भी दल के लिए आसान नहीं है। सपा की ओर से अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को साथ लाने की कोशिश इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। सपा यदि इन नेताओं के स्थानीय प्रभाव को संगठनात्मक मजबूती में बदलने में सफल रहती है, तो भाजपा के सामने मुकाबला कठिन हो सकता है। दूसरी ओर, भाजपा के पास भी अपना संगठन, कार्यकर्ता और समर्थकों का आधार है। इसलिए केवल नेताओं के दल बदलने के आधार पर किसी पार्टी की जीत या हार का आकलन करना उचित नहीं होगा।

भाजपा को मजबूत चेहरे की तलाश करनी होगी?

दातागंज की राजनीति में उठ रहे इन सवालों के बीच भाजपा के लिए उम्मीदवार का चयन भी अहम हो सकता है। पार्टी को ऐसे चेहरे पर दांव लगाना होगा, जिसकी स्वीकार्यता केवल एक जाति तक सीमित न हो, बल्कि ब्राह्मण से लेकर शाक्य, कश्यप, मौर्य और अन्य सामाजिक समूहों के बीच भी प्रभाव हो। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जनता से संपर्क और क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की क्षमता भी टिकट के दावेदार की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए भाजपा के सामने अपने जनाधार को मजबूत बनाए रखने और नाराज नेताओं व कार्यकर्ताओं को साधने की चुनौती भी है। वहीं, सपा के लिए इन नए साथियों के बीच समन्वय स्थापित करना और उनके समर्थकों को पार्टी से जोड़ना जरूरी होगा। फिलहाल, सिनोद शाक्य, केसी शाक्य और कुशाग्र सागर के सपा में शामिल होने से जिले की राजनीति में नई हलचल है। दातागंज में भाजपा का किला कितना कमजोर होगा और सपा अपनी रणनीति को कितनी सफलता में बदल पाएगी, इसका फैसला नेताओं के दलबदल से अधिक मतदाताओं के रुख, स्थानीय मुद्दों और आगामी चुनावी मुकाबले से होगा।

दीपावली से पहले रुदायन को मिली सफाई वाहनों की सौगात

- दो छोटे ट्रैक्टर, एक बड़ा ट्रैक्टर और पांच ई-रिक्शे नगर पंचायत में शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय





वाहनों को हरी झंडी दिखाती नगर पंचायत अध्यक्ष व मौजद अधिकारी व कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

बदायूं। दीपावली के त्योहार पर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में नगर पंचायत रुदायन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए खरीदे गए नए वाहनों को चेयरमैन सीमा चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया।

नए वाहनों के नगर पंचायत में शामिल होने से सफाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी है और नगरवासियों में खुशी का माहौल है। नगर पंचायत में काफी समय से सफाई वाहनों की कमी बनी हुई थी। इसके चलते सफाई कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने में परेशानी आ रही थी। नगर पंचायत के पास पर्याप्त धनराशि नहीं होने से नए वाहन खरीदना भी संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसे में वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने नगर की समस्या को शासन के समक्ष उठाते हुए सफाई उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की। शासन से मंजूरी मिलने के बाद दो छोटे ट्रैक्टर, एक बड़ा ट्रैक्टर और पांच ई-रिक्शे खरीदे गए। दीपावली से पूर्व इन वाहनों की शुरुआत करते हुए चेयरमैन सीमा चौधरी ने सफाई कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब संसाधनों की कमी को काम में बाधा न बनने दिया जाए। सभी कर्मचारी आपसी समन्वय से विशेष सफाई अभियान चलाएं और नगर की गलियों, सड़कों तथा सार्वजनिक स्थानों को साफ रखें। उन्होंने त्योहार के दौरान सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।


नए वाहनों से कूड़ा उठाने और सफाई कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता, ठाकुर अनूप सिंह, संजीव गुप्ता मंत्री, डॉ. अजीत मोहन गुप्ता, अशोक यादव, जयकृष्ण गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, भीकम सिंह, विद्या रतन चौधरी, विष्णु गुप्ता हलवाई, महाकालेश्वर, चौधरी ठाकुर दास और किशनलाल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटी हुई घायल

बदायूं। मूसाझाग थाना क्षेत्र के गुलड़िया गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। हादसे में उनकी 15 वर्षीय बेटी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, कंडेला गांव निवासी अभिषेक कुमार पुत्र राधाकृष्ण अपनी बेटी राधिका के साथ बाइक से जा रहे थे। गुलड़िया गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। अभिषेक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव अपने साथ ले गए। पुलिस को पीआई के माध्यम से सूचना दी गई है।

सत्यपाल सिंह यादव के निधन पर शोकसभा, दी श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय


सत्यपाल (फाइल फोटो)

बिसौली। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देशराज सिंह यादव के भाई सत्यपाल सिंह यादव के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि सत्यपाल सिंह यादव सरल, मिलनसार और सहयोगी स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन से परिवार और समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनके जाने से परिजनों को गहरा आघात लगा है। इस दौरान ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल देने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर राकेश कुमार शर्मा, गणेश गोयल, राजकुमार शर्मा, महावीर प्रसाद, नीरज चौहान, सतेंद्र पाल यादव, श्याम लाल शाक्य, शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आधुनिक तकनीक से बढ़ाएं पैदावार

जागरण मोर्चा कार्यालय


किसान गोष्ठी में मौजूद किसान। -जागरण मोर्चा

बिसौली। नगर के वृंदा कोल्ड स्टोरेज परिसर में सोलिस ट्रैक्टर की ओर से एक दिवसीय किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विशेषज्ञों और तकनीकी प्रतिनिधियों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देते हुए पैदावार बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के तरीके बताए। संगोष्ठी में डिवीजनल हेड संजीव मिश्रा ने सोलिस ट्रैक्टर की तकनीकी खूबियों और आधुनिक खेती में उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोलिस ट्रैक्टर उच्च लिफ्टिंग क्षमता, कम ईंधन खपत, शक्तिशाली इंजन और एडवांस फोर-व्हील ड्राइव तकनीक से लैस हैं। ये ट्रैक्टर रोटावेटर, कल्टीवेटर सहित भारी कृषि उपकरणों के साथ बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इससे किसानों का समय और डीजल बचाने में मदद मिलती है। वक्ताओं ने कहा कि बदलते दौर में किसानों को पारंपरिक तरीकों के साथ आधुनिक तकनीक और स्मार्ट कृषि यंत्रों को भी अपनाना चाहिए। वीआर ट्रेडर्स के स्वामी जतिन अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक कृषि मशीनें किसानों का समय और ईंधन बचाने के साथ खेती को अधिक सुविधाजनक बनाती हैं। किसानों तक बेहतर तकनीक पहुंचाना और उनकी आय बढ़ाने में सहयोग करना ही उद्देश्य है। इस अवसर पर स्टेट हेड बीरेन्द्र सिंह, एक्टिविटी हेड विनय मदन, टेरिटरी मैनेजर विशाल मिश्रा, विष्णुकांत अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, केशव अग्रवाल सहित सोलिस टीम के सदस्य और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

500 ग्राम अफीम के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उझानी पुलिस ने तीन आरोपियों को 500 ग्राम अफीम और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार, 26 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना उझानी पुलिस ने मिहोना गांव के रास्ते पर कोल्ड स्टोर के पास घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने संजीव पुत्र रामखिलाड़ी और सरवेंद्र पुत्र रामखिलाड़ी निवासी ग्राम मिहोना तथा अबरार पुत्र अंसार निवासी मानकपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 500 ग्राम अफीम और एक मोटरसाइकिल (यूपी 24 बीएस 2877) बरामद हुई। इस मामले में थाना उझानी में मुकदमा संख्या 414/2026 के तहत धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी उझानी के पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुरेशपाल सिंह और थाना पुलिस की टीम शामिल रही।

नए मतदेय स्थलों पर बनी सहमति

जागरण मोर्चा कार्यालय


संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अवनीश राय। -जागरण मोर्चा

बदायूं। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची पर किसी भी राजनीतिक दल की आपत्ति नहीं मिलने पर नए मतदेय स्थलों के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी के लिए भेजने पर सहमति बनी। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का सम्भाजन किया गया है। सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर को हुआ था। आपत्ति और सुझाव देने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर थी, लेकिन कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। प्रस्ताव 27 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भेजा जाएगा। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाने की जानकारी दी गई। मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। दावे और आपत्तियां 11 दिसंबर तक लिए जाएंगे, जबकि अंतिम सूची चार जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। जिलाधिकारी ने युवाओं और महिला मतदाताओं के नाम जुड़वाने तथा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का बाहरी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

कूड़ा डालने के विवाद में महिला से मारपीट

बदायूं। कोतवाली क्षेत्र की कबूलपुरा कादरी कॉलोनी में घर के बाहर कूड़ा डालने के विवाद में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता जहांआरा की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जहांआरा के मुताबिक, 18 अक्टूबर की सुबह घर के बाहर कूड़ा डालने का विरोध करने पर शब्बन ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद शब्बन, उसकी पत्नी फरजाना, बेटी शिफा और बेटे अयान ने लाठी-डंडों से उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

एक नवंबर को लगेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर, पात्रों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नवंबर 2026 को जनपद न्यायालय परिसर में मेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस शिविर में विभिन्न प्रशासनिक विभागों के समन्वय से पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विवेक संगल के आदेश के क्रम में शिविर की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/त्वरित न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अंकित रस्तोगी ने बताया कि शिविर के माध्यम से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इसके लिए पंपलेट, पोस्टर और बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। शिविर के सफल आयोजन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें शिविर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में न्यायिक शिविर समिति की अध्यक्ष एवं प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री रिंकू, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट राजवीर सिंह, षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ऋषि कुमार, प्रभारी सचिव अंकित रस्तोगी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सागर तायल तथा प्रतिसार निरीक्षक, रिजर्व पुलिस लाइन बदायूं मौजूद रहे। वहीं, सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस विभाग की ओर से खोजी कुत्ते की मदद से जनपद न्यायालय परिसर में जांच-पड़ताल भी की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे रविवार, एक नवंबर को आयोजित होने वाले बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में पहुंचकर उपलब्ध सुविधाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

कोहरे में एक्सप्रेसवे पर घटेगी वाहनों की रफ्तार

बदायूं। सर्दियों में कोहरे और धुंध से होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यूपीडा ने एक्सप्रेसवे पर वाहनों की गति सीमा घटाने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था एक नवंबर 2026 से 15 फरवरी 2027 तक लागू रहेगी। पहले चरण में एक से 15 नवंबर तक कारों की गति दिन में 100 और रात में 80 किमी प्रति घंटा रहेगी। बसों के लिए सीमा 80 और 60, जबकि भारी वाहनों के लिए 60 और 50 किमी प्रति घंटा होगी। दूसरे चरण में कारें 80 और 60, बसें 60 और 50 तथा भारी वाहन 50 और 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकेंगे। नियम पांच एक्सप्रेसवे पर लागू होंगे। एटीएमएस से निगरानी कर तेज रफ्तार वाहनों के ऑनलाइन चालान काटे जाएंगे। दृश्यता 50 मीटर से कम होने पर वाहनों को टोल प्लाजा और एमिनिटी सेंटर के पास रोका जाएगा।

भाकियू चढ़ूनी का 18वें दिन भी धरने जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय


धरने पर बैठे किसान यूनियन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के बैनर तले मालवीय आवास गृह पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 18वें दिन भी जारी रहा। प्रशासन की कथित उपेक्षा से नाराज किसान नेताओं ने अब दिन-रात 24 घंटे धरना जारी रखने का ऐलान किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि दोनों मामलों का समाधान होने तक आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

धरना दो प्रमुख समस्याओं को लेकर दिया जा रहा है। पहला मामला उझानी क्षेत्र के गांव जनुइया निवासी प्रेमवती की कृषि भूमि से जुड़ा है। आरोप है कि रामदुलार से 0.056 हेक्टेयर जमीन का सौदा 1.80 लाख रुपये में तय हुआ था। इकरारनामे के दौरान रकम देने के बावजूद जमीन का बैनामा नहीं किया गया और बाद में दूसरे व्यक्ति को बेचकर कब्जा कर लिया गया। पूर्व में आश्वासन मिलने के बाद भी समाधान नहीं होने पर प्रेमवती धरने पर बैठी हैं। दूसरा मामला शहर के मोहल्ला नई सराय में बीएसएनएल कार्यालय के पीछे सार्वजनिक नाले और आठ फीट चौड़ी गली पर कथित अवैध कब्जे का है। भाकियू ने कब्जा हटाने, जलभराव की समस्या दूर करने और दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष सतीश साहू और जिला प्रभारी कृष्ण अवतार शाक्य ने कहा कि धरना शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान दिलशाद हुसैन, शरीफ अब्बासी, नूरुद्दीन, प्रेमवती, कामनी देवी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

कादरी उर्स को लेकर पुलिस अलर्ट, सीओ सिटी ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण

बदायूं। आगामी कादरी उर्स के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर सुमेध मिलिन्द जाधव ने कोतवाली क्षेत्र के कबूलपुरा स्थित उर्स स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मौधों सिंह विष्ट पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने उर्स स्थल का भ्रमण कर संभावित भीड़ और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। क्षेत्राधिकारी ने संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सतर्क रहने और जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने जायरीन की सुरक्षा तथा आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य उर्स के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था रोकना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा आबिद रजा और फात्मा रजा ने दिखाई हरी झंडी

जागरण मोर्चा कार्यालय



पूर्व मंत्री आबिद रजा व फात्मा रजा का स्वागत करते बाल्मीकि समाज के लोग।



हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना करते पूर्व मंत्री आबिद रजा व पालिका अध्यक्ष।

बदायूं। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आरिफपुर नवादा स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से पूर्व मंत्री आबिद रजा और नगर पालिका परिषद की चेयरमैन फात्मा रजा ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। इस दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों ने दोनों अतिथियों को पगड़ी पहनाकर और फूलमालाएं भेंटकर स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों और डीजे ने लोगों का मन मोह लिया। नगर पालिका परिषद की ओर से शोभायात्रा के मार्ग पर मैटिंग बिछाने की व्यवस्था की गई। इससे आयोजन में नगर पालिका के सहयोग की झलक देखने को मिली। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया और महर्षि वाल्मीकि के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आबिद रजा ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को जयंती की मुबारकबाद देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सभी को समाज में सद्भाव, भाईचारे और अच्छे संस्कारों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के लोग बहादुर और वफादार होते हैं। महर्षि वाल्मीकि के बताए रास्ते पर चलकर समाज को बेहतर दिशा दी जा सकती है। इस दौरान आबिद रजा ने चेयरमैन फात्मा रजा से दीपावली के अवसर पर नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को बोनस देने का आग्रह किया। चेयरमैन ने उनके आग्रह को स्वीकार कर लिया। इससे सफाई कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस मिलने की उम्मीद जगी। फात्मा रजा ने कहा कि वाल्मीकि समाज ने हमेशा उनका साथ दिया है। चेयरमैन रहते हुए समाज के लोगों ने उन्हें कभी किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी। उन्होंने समाज के लोगों के सहयोग के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में सभासद अनवर खां, नवेद, गिरीश शुक्ला, सुरजीत, मोहत्शाम सिद्दीकी, अनीस सिद्दीकी, लालू, छोटू, बब्लू, वाल्मीकि कमेटी के अध्यक्ष राजू लाल, मंत्री अरुण, कोषाध्यक्ष विपिन प्रताप, अनिल विराट, नवीन विद्यार्थी, रमेश डी लाल, कुक्कू, लखन रोहिल, अतुल लंकेश, आकाश राज, राजकुमार और उमेश पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

श्री लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर में श्रद्धा और उल्लास से मनाई शरद पूर्णिमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। नगर में शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। भक्तों ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया। ठाकुर जी के दरबार में मनमोहक झांकियां सजाई गईं। शाम होते ही मंदिर परिसर भजन-कीर्तन और संकीर्तन से भक्तिमय हो उठा। स्थानीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देर रात तक भगवान की आराधना की। पर्व की परंपरा के अनुसार दूध, पोहे और खीर का प्रसाद तैयार कर भगवान को अर्पित किया गया। चांदनी रात में खुले आसमान के नीचे प्रसाद रखा गया। इसके बाद मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों में अमृतमयी गुण होते हैं। इसी विश्वास के चलते श्रद्धालुओं ने चंद्र दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सुभाष चंद्र अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, लता अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, संजय गर्ग, अरविंद अग्रवाल, रितु अग्रवाल, विनय गर्ग, प्रशांत गर्ग, विवेक गर्ग, अंजू गर्ग, केशव अग्रवाल, विभूति अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अनुज अग्रवाल और आशीष गर्ग सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



आकर्षक झांकियों के साथ वाल्मीकि जयंती की भव्य शोभायात्रा रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

इस्लामनगर। नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सह संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच नईम शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। इस दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों ने नईम शास्त्री का फूलमालाओं से स्वागत किया। शोभायात्रा में सजी आकर्षक झांकियां और डीजे लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच नईम शास्त्री ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी को जयंती की मुबारकबाद दी। इस मौके पर तमाम गणमान्य लोग मौजूद थे।

वाल्मीकि शोभायात्रा में मुस्तैद रही पुलिस

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार और पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभाली। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। शोभायात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था रोकने के लिए पुलिस बल लगातार निगरानी करता रहा। पुलिस प्रशासन ने धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष ध्यान दिया। अधिकारियों की सक्रियता के चलते शोभायात्रा को बिना किसी व्यवधान के संपन्न कराने के लिए व्यवस्थाएं की गईं।

मुख्यमंत्री विवाह योजनाः 295 जोड़े बने हमसफर, 14 का हुआ निकाह

जागरण मोर्चा कार्यालय






दीप प्रज्वलित कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता एवं इन जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह। -जागरण मोर्चा

बदायूं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को स्थानीय पूनम लॉन में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 281 हिंदू जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाज से विवाह किया, जबकि 14 मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया। इस तरह कुल 295 जोड़े एक-दूसरे के हमसफर बने। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और बिल्सी विधायक हरीश शाक्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पर हरिबोल महाराज की कृपा बनी रहे। उन्होंने बेटियों से ससुराल में सभी का मान-सम्मान बनाए रखने और बेटों से अपनी जीवनसंगिनी के साथ उसके मायके पक्ष को भी बराबर सम्मान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच से जीवन में खुशियां आती हैं। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से अनेक जोड़े अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने नवविवाहित दंपतियों को बधाई देते हुए कामना की कि उनका जीवन प्रेम, विश्वास, समृद्धि और खुशियों से परिपूर्ण रहे। साथ ही योजना के माध्यम से बच्चों का विवाह संपन्न कराने वाले परिवारों को भी शुभकामनाएं दीं। योजना के तहत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े के लिए एक लाख रुपये का प्रावधान है। इसमें 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री, 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च तथा शेष 64 हजार रुपये वधू के खाते में जमा किए जाते हैं। समारोह के अंत में प्रतीकात्मक रूप से कुछ जोड़ों को विवाह प्रमाणपत्र और उपहार सामग्री वितरित की गई। अतिथियों एवं अधिकारियों ने नवदंपतियों पर पुष्पवर्षा कर उनके सुखी गृहस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, पीडी डीआरडीए सत्येंद्र सिंह, डीसी एनआरएलएस रवि प्रकाश, ब्लॉक प्रमुख कादरचौक वीरेंद्र राजपूत, ब्लॉक प्रमुख अंबियापुर रेखारानी और जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा सहित संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग के महाराज सिंह ने किया।

दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं। सदर कोतवाली क्षेत्र के पुराना बाजार स्थित बड़ी सराय मोहल्ले में रविवार को 30 वर्षीय विवाहिता यासमीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में पंखे से लटका मिला। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मायके पक्ष ने पति और ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को ले जाने को लेकर मायके और ससुराल पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पति पर मारपीट और दहेज प्रताड़ना का आरोप: इस्लामनगर कस्बे के मोहल्ला कुम्हारान निवासी मृतका के भाई छुट्टन के मुताबिक, यासमीन की शादी करीब 18 साल पहले बड़ी सराय निवासी असलम से हुई थी। दंपती के दो बेटे हैं। आरोप है कि असलम शराब पीने और जुआ खेलने का आदी है। वह आए दिन यासमीन के साथ मारपीट करता था और अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करता था।

प्रेम प्रसंग और रुपये मांगने पर विवाद का आरोप: मायके पक्ष का आरोप है कि असलम का मोहल्ले की ही एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। हाल ही में देवर की शादी में वह उस महिला को साथ ले जाने की जिद कर रहा था, जिसका यासमीन ने विरोध किया था। आरोप है कि 23 अक्तूबर को देवर की शादी के लिए रुपये मांगने पर भी असलम ने यासमीन के साथ मारपीट की थी। रविवार को भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। इसके बाद मायके पक्ष ने ससुरालियों पर यासमीन की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया।

शव ले जाने को लेकर पोस्टमार्टम हाउस पर हंगामा: पोस्टमार्टम के बाद यासमीन का शव ले जाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। मायके पक्ष के लोग शव अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़े थे, जबकि ससुराल पक्ष भी अंतिम संस्कार के लिए शव ले जाना चाहता था। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और उनके बीच झड़प हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

छछऊ धाम से कछला गंगा घाट पहुंची भव्य नारियल विसर्जन यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ 21 हजार एक नारियल अर्पित, श्रद्धालुओं में देखने को मिला अपार उत्साह

बदायूं। माता काली शक्तिपीठ छछऊ धाम से भव्य नारियल विसर्जन यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा कछला गंगा घाट पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ 21 हजार एक नारियलों का विसर्जन किया गया। इस दौरान माता काली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की। यात्रा के दौरान शक्तिपीठ के महंत मुकेश पुजारी ने पत्रकारों से बातचीत में नारियल विसर्जन की धार्मिक परंपरा और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह परंपरा माता काली के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और विश्वास का प्रतीक है। भक्त अपनी मनोकामनाओं और धार्मिक संकल्पों के साथ माता रानी की आराधना करते हैं तथा परंपरा के अनुसार नारियल अर्पित करते हैं। छछऊ धाम से कछला गंगा घाट तक निकली यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। पूरे आयोजन में धार्मिक श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों की झलक दिखाई दी। आयोजन के माध्यम से सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश भी दिया गया। यात्रा के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

ब्लूमिंगडेल स्कूल में ताइक्वांडो खिलाड़ियों की येलो बेल्ट परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व स्टाफ। -जागरण मोर्चा

बदायूं। आज ब्लूमिंगडेल स्कूल, बदायूं में ताइक्वांडो खिलाड़ियों की येलो बेल्ट परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एवं ग्रैंडमास्टर अनिल कुमार बॉबी द्वारा आयोजित की गई। अनिल कुमार बॉबी कलर एवं ब्लैक बेल्ट परीक्षा के परीक्षक भी हैं। बदायूं ताइक्वांडो संघ के सचिव अजय पाल सिंह एवं प्रशिक्षक देवपाल सिंह की देखरेख में खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों, किक्स एवं अन्य कौशलों का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए येलो बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर ब्लूमिंगडेल स्कूल के डायरेक्टर ईशान मेहंदी रत्ता एवं प्रधानाचार्य संजीव राठौड़ ने सफल खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो जैसे मार्शल आर्ट्स खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, एकाग्रता और आत्मरक्षा की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनमें शारीरिक और मानसिक विकास के साथ आत्मरक्षा के कौशल को बढ़ावा देना रहा।

इनरव्हील क्लब ने बांटीं यूनिफॉर्म

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। -जागरण मोर्चा

बदायूं। इनरव्हील क्लब बदायूं की चेयरमैन विजिट का आयोजन राजमहल गार्डन में किया गया। कार्यक्रम में कानपुर से पधारीं डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. मनीषा बाजपेयी मुख्य अतिथि रहीं, जबकि पास्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन (पीडीसी) साधना रस्तोगी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में क्लब की पदाधिकारियों और सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

क्लब की अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी एवं सचिव पूजा रस्तोगी के नेतृत्व में आंगनवाड़ी प्रोजेक्ट के तहत बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म और खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों की मदद करना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवा, बाल कल्याण और जरूरतमंदों की सहायता के लिए इनरव्हील क्लब की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज के प्रति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। चेयरमैन विजिट के दौरान क्लब की गतिविधियों और सेवा कार्यों पर भी चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सामाजिक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। क्लब भविष्य में भी विभिन्न सेवा परियोजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करता रहेगा।

चोरी की बाइक संग आरोपी गिरफ्तार

बदायूं। अलापुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से हीरो स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार, 26 अक्टूबर को पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 227/26, धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित आरोपी मुनेन्द्र पुत्र कृपाल निवासी रमनगला, थाना अलापुर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से यूपी 24 एएस 9096 नंबर की चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

बदायूं में सपा की सक्रियता से भाजपा परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

देवेश मिश्रा



पूर्व मंत्री आबिद रजा। -जागरण मोर्चा

बदायूं। जिले में समाजवादी पार्टी की बढ़ती राजनीतिक सक्रियता ने आगामी चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मी तेज कर दी है। पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने की कोशिशों के बीच भाजपा खेमे में भी राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज होने लगी हैं।

सपा की नजर बदायूं जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करने की रणनीति बनाने पर है। ऐसे में स्थानीय नेताओं की भूमिका और उनके जनाधार को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिले की राजनीति में आबिद रजा का नाम एक प्रभावशाली नेता के रूप में चर्चा में रहता है। राजनीतिक जानकारों के बीच यह चर्चा है कि आबिद रजा बदायूं में समाजवादी पार्टी की चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। बदायूं शहर के साथ शेखूपुर, सहसवान और आसपास के क्षेत्रों में उनके राजनीतिक प्रभाव को लेकर भी चर्चाएं होती रही हैं। आबिद रजा की पहचान एक मुखर वक्ता और अपनी बात को प्रभावशाली ढंग से रखने वाले नेता के रूप में की जाती है। उनकी भाषण शैली लोगों का ध्यान आकर्षित करती है।

छह विधानसभा सीटों पर जीत की रणनीति में जुटी समाजवादी पार्टी, हिंदू-मुस्लिम मतदाताओं के बीच पकड़ बनाने की चुनौती

राजनीतिक दृष्टि से उनकी एक खासियत यह भी मानी जाती है कि वे विभिन्न समुदायों के लोगों के बीच अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने पर जोर देते रहे हैं। हिंदू मतदाताओं के बीच उनकी पकड़ को लेकर भी राजनीतिक हलकों में चर्चा होती है। दूसरी ओर, भाजपा से जुड़े कुछ नेताओं के सपा में शामिल होने की चर्चाओं और संगठनात्मक गतिविधियों के बीच जिले का राजनीतिक माहौल लगातार सक्रिय हो रहा है। सपा के सामने अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और विभिन्न सामाजिक वर्गों तक पहुंच बनाने की चुनौती है।

बदायूं की छह विधानसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य हासिल करने के लिए सपा को स्थानीय समीकरणों, जनसमर्थन और मजबूत नेतृत्व के बीच बेहतर तालमेल बैठाना होगा। ऐसे में आने वाले समय में आबिद रजा की राजनीतिक सक्रियता और पार्टी की संगठनात्मक रणनीति जिले की सियासत की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

20 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां में पुलिस ने एक आरोपी को 20 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर आबकारी अधिनियम और आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में पहले से 16 मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरफ्तारी 25 अक्टूबर की रात करीब 11:22 बजे शाहजहांपुर-खुटार हाईवे पर फ्लाईओवर से लगभग 50 मीटर मोहम्मदी की ओर हुई। आरोपी की पहचान कस्बे के कुरगंजा मोहल्ला निवासी मुरारी (31) पुत्र बाबूराम के रूप में हुई है। तलाशी में उसके पास से 20 ग्राम स्मैक कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 627/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 में रिपोर्ट दर्ज हुई है। इस कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल शिवकुमार और कांस्टेबल सुधीर शामिल थे।

एक साल से अधूरा दुर्गा मंदिर कॉरिडोर

एक करोड़ का दुर्गा मंदिर कॉरिडोर एक साल बाद भी अधूरा, घटिया निर्माण से उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। शहर को सुंदर बनाने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के दावों के बीच मंडी स्थित दुर्गा मंदिर कॉरिडोर योजना एक साल बाद भी अधूरी पड़ी है। करीब एक करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना का काम नवंबर 2025 में शुरू हुआ था। अब तक करीब 90 मीटर सड़क ही बन सकी है। हाल यह है कि बनी सड़क भी जगह-जगह से उखड़ने लगी है। कई स्थानों पर सड़क का काम अधूरा छोड़ दिया गया है, जबकि आधे से ज्यादा निर्माण कार्य बाकी है। वहीं लाखों रुपये की लागत से लगाई गईं फैंसी लाइटों के कनेक्शन तक नहीं हो सके हैं। कुछ लाइटें जलने से पहले ही टूट गईं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के प्रयास से स्वीकृत इस योजना का उद्देश्य दुर्गा मंदिर के आसपास के क्षेत्र का सुंदरीकरण करना है। इसके तहत मंदिर के चारों ओर करीब 300 मीटर सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। योजना पूरी होने से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय व्यापारियों को सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कॉरिडोर के तहत कुछ हिस्सों में सड़क बनाई गई है, जबकि कई स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भी पूरा नहीं हो सका। जो सड़क बन चुकी है, वह भी जगह-जगह से उखड़ने लगी है। इससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, परिसर में लगाई गईं फैंसी लाइटें भी अब तक रोशन नहीं हो सकी हैं। कनेक्शन न होने के कारण सुंदरीकरण का उद्देश्य अधूरा दिखाई दे रहा है।



अधूरी बनी सड़क। -जागरण मोर्चा



बंद पड़ी लाइटें। -जागरण मोर्चा

एक दर्जन बार पत्राचार, फिर भी नहीं हटा अतिक्रमण

कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता हेमंत राज ने बताया कि सड़क निर्माण में अतिक्रमण बाधा बना है। इसे हटवाने के लिए प्रशासन को करीब 12 बार पत्राचार किया जा चुका है। उपलब्ध जगह के अनुसार निर्माण कराने का अनुरोध भी किया गया, लेकिन नगर निगम प्रशासन और व्यापारियों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। मंडी वाली रोड पर पुराने गेट के पास डेढ़ से दो मीटर तक अतिक्रमण हटना है। मंदिर के पीछे कोयला मार्केट से मुन्नूगंज फाटक तक और मीठ मार्केट में करीब 100 मीटर सड़क बन चुकी है। अब मंदिर के दोनों मुख्य गेटों की ओर निर्माण बाकी है। सहायक अभियंता के अनुसार, प्रशासन जगह खाली करा दे तो एक सप्ताह में शेष निर्माण पूरा कराया जा सकता है।

शाहबाद के ग्रामीण की चंडीगढ़ में हुए सड़क हादसे में हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। चंडीगढ़ में सवारियां छोड़कर घर लौट रहे शाहबाद के एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के लोधीपुर गांव निवासी प्रेमपाल का 35 वर्षीय पुत्र ब्रजेश पिछले कई वर्षों से परिवार सहित चंडीगढ़ में रह रहा था। वह वहां रहकर मेहनत-मजदूरी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था और छुट्टी के बाद पार्ट टाइम में प्राइवेट कैब चलाकर सवारियां पहुंचने लाने का काम भी कर लेता था।बीती रात ब्रजेश चंडीगढ़ के फेज-6 में सवारियां छोड़कर अपनी कैब से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उसकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ब्रजेश की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मृतक की पत्नी और अन्य परिजन रोते-बिलखते मोर्चरी पहुंचे। ब्रजेश अपने पीछे दो बेटों और पत्नी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। खबर लिखे जाने तक पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर अपने पैतृक गांव लोधीपुर के लिए रवाना हो गए।



मृतक ब्रजेश।

पुवायां में हर्षोल्लास से मनाई वाल्मीकि जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। आज महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती के अवसर पर निगोही रोड पुवाया में महानसंत, आदिकवि, महार्षि श्री बाल्मीकि जी के मंदिर में भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा ने जाकर माल्यार्पण कर नमन किया। जिला अध्यक्ष के द्वारा रामरतन फौजी को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

महर्षि वाल्मीकि जन्मदिन समारोह पर आज निगोही रोड स्थित वाल्मीकि मंदिर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा एवं नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता के द्वारा द्वारा विधिवत पूजन नमन करके वाल्मीकि शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया इस शोभा यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा कहा गया कि महर्षि वाल्मीकि भगवान हम सबके लिए एक आदर्श और पूजनीय है पुवायाँ में परम पूज्य भगवान श्री महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें ज्ञान, समानता, सामाजिक समरसता एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव, सम्मान और सेवा की भावना को सुदृढ़ करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। महर्षि वाल्मीकि की शोभा यात्रा निगोही रोड वाल्मीकि मंदिर से शुरू होकर राजीव चौक पहुंची जहां से राजा मार्केट होते हुए तिराहा एवं चौराहा बाजार होकर मोहल्ला कुरगंजा स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर जाकर समाप्त हुई शोभा यात्रा में वाल्मीकि समाज के महिलाएं पुरुष एवं बच्चे भगवान वाल्मीकि की जय जय कर करते हुए चल रहे थे वाल्मीकि शोभा यात्रा का नागरिकों के द्वारा कई स्थानों पर स्वागत किया गया।





भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा के द्वारा वाल्मीकि भगवान को माल्यार्पण करते हुए। -जागरण मोर्चा

अलग अलग सड़क हादसों में चार जख्मी

शाहबाद। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। तीन घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जिला संभल के राजेंद्र गिरी, शाहबाद के केसरपुर निवासी संतोष तथा जिला बदायूं के रैदौली गांव निवासी वीरवती और रामदेवी सड़क हादसों का शिकार हो गईं। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने राजेंद्र गिरी, रामदेवी और वीरवती की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया।

मेरा कोई भांजा नहीं, छवि धूमिल करने की कोशिश: सांसद अरुण सागर

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। लखनऊ में शाहजहांपुर के लोगों द्वारा सपा ज्वाइन करने पर जनपद की राजनीति में हलचल मची हुई है। शाहजहांपुर के कई नेता लखनऊ में समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। इनमें गौरव सागर नाम के एक व्यक्ति ने खुद को शाहजहांपुर के भाजपा सांसद अरुण सागर का भांजा बताया। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। जिसमे ये कहा जा रहा है कि गौरव सागर शाहजहांपुर के भाजपा सांसद अरुण सागर भांजे हैं। वीडियो सामने आने के बाद भाजपा सांसद अरुण सागर ने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गौरव सागर को वह व्यक्तिगत रूप से नही जानते हैं और न ही वह उनका रिश्तेदार है। इसके अलावा जिले की जनता मेरे लिए सर्वोपरि है। हमसे हर वर्ग और जाति के लोग मिलते हैं लेकिन इसका मतलब ये नही कि कोई व्यक्ति खुद को मेरा रिश्तेदार बताकर छवि धूमिल करे। अरुण सागर ने बताया कि गौरव सागर अखिलेश यादव की मौजूदगी में खुद को उनका भांजा बताकर उनकी और पार्टी की छवि खराब कर रहा है। सांसद ने कहा कि करीब दस साल पहले भी इस शख्स ने उनके नाम का गलत इस्तेमाल किया था, तब भी उन्होंने इसका खंडन किया था कि वह व्यक्ति मेरा रिश्तेदार नही है। उन्होंने भविष्य में ऐसे गलत प्रचार करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की बात भी कही है।



▶ भाजपा सांसद बोले-वह मेरा रिश्तेदार नहीं, मेरी और पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश

भाजपा को छोड़ सपा में शामिल हुए प्रदीप पांडेय

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। किसी समय समाजवादी पार्टी के जनपद में खेवनहार के रूप में जाने जाने वाले कुशल संगठन कर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले प्रदीप पांडे ने फिर साइकिल पर सवार होकर घर वापसी कर ली है।दो बार नगर विधानसभा क्षेत्र से कद्दावर मंत्री सुरेश खन्ना को कड़ी टक्कर देने वाले प्रदीप पांडे को भाजपा ने भारतीय खाद्य निगम का प्रांतीय स्तर पर डायरेक्टर मनोनीत कराया था मगर भाजपा में घुटन महसूस कर रहे पूर्व जिला अध्यक्ष और जिला कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री पांडे नेएक बार फिर सपा का दामन थाम कर नई राजनीतिक पारी शुरू करने का मन बना लिया हैउनके घर वापसी परवर्तमान जिला अध्यक्ष तनवीर खान सहितअनेक सपा नेताओं नेस्वागत किया है । इसके अलावा तिलहर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य सौरभ सिंह गांधी, गौरव सागर, तिलहर विधानसभा से बसपा के विधानसभा अध्यक्ष समेत अन्य लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं उन्हें लखनऊ में एक कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने सपा में शामिल कराया।



प्रदीप पांडे।

धूमधाम से मनेगा तीन दिवसीय गुरुकुल महोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

तिलहर, शाहजहांपुर। नगर के प्राचीन ग्राम रुद्रपुर स्थित श्री कन्या गुरुकुल रुद्रपुर मेंतीन दिवसीय गुरुकुल महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें छात्रावास का लोकार्पण तथा गौशालाका शिलान्यास भी किया जाएगा । तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश व प्रदेश के सुधीर भारती स्थान से अनेक अतिथिगण और विशिष्ट जन भाग लेंगे।

सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विद्यालय के संचालक अनुभव आर्य ने विद्यालय की प्रधानाचार्य व अन्य सदस्यों के साथ जानकारी दी। 31 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे से आर्य समाज मंदिर तिलहर से एक शोभायात्रा निकल जाएगी जो कि नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए आर्य समाज पर ही संपन्न होगी इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ आर्य समाज के सदस्य भव्य झांकियां के साथ सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 1 नवंबर को प्रात:5 से 6:00 बजे योग शिविर 8:00 बजे से 9:30 तक यज्ञ 10 से 12 तक उद्घाटन समारोह 12 से 2 तक भोजन विश्राम दो से कर सर्व धर्म समभाव चर्चा 6 से 7 भजन 7 से 10 रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन प्रवचन आदि होंगे इसी प्रकार द्वितीय और तृतीय दिवस भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे 3 नवंबर को 10 से 12:00 बजे शौर्य प्रदर्शन और समापन कार्यक्रम



प्रेस वार्ता के दौरान गुरुकुल संचालक अनुभव आर्य व प्रधानाचार्या। -जागरण मोर्चा

▶ साहसिक कार्यक्रमों के साक्षी बनेंगे आगंतुक

संपन्न होगा इस दौरान तीन दिन तक संक्षिप्त रामलीला और भगवान राम की प्रेरणा पूर्ण झांकियां का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में हापुड़ के स्वामी महेश योगी कासगंज के लोकेंद्र देव आर्य मीरगंज के राजवीर देव महाराज उत्तराखंड के हरीश शास्त्री बरेली के भगवान देव आर्य मुंबई के उत्पल वापी बरेली के सुरेंद्र आर्य बहराइच की गीता शास्त्री और सुल्तानपुर के राममगन आर्य सम्मिलित होंगे 2 नवंबर को बरेली के हंगामा ग्रुप द्वारा विशेष संगीत में कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी संचालक के अनुसार कार्यक्रम के दौरान चार दिन तक अनवरत ऋषि लंगर का आयोजन किया जाएगा।

लाइनमैन श्यामपाल हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसे

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां में खुटार क्षेत्र के सिल्हुआ गांव के लाइनमैन श्यामपाल रविवार दोपहर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गए। उन्हें पुवायां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा गदिनिया गांव में तार ठीक करते समय हुआ। श्यामपाल गंगसरा बिजली उपकेंद्र पर तैनात हैं। रविवार दोपहर वह बिलंदापुर फीडर से जुड़े गदिनिया गांव में हाईटेंशन लाइन के लटकते तारों को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान वह पास से गुजर रही कृषि फीडर की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए और करंट लगने से झुलस गए। हादसे के बाद मौके पर लोग जमा हो गए। घायल लाइनमैन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस घटना से बिजली विभाग के कर्मचारियों में भी चिंता है। हाईटेंशन लाइन के पास काम करते समय सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठ रहे हैं।



हाई टेंशन बिजली लाइन की चपेट में आकर लाइनमैन घायल।

स्पोर्ट्स मीट में नन्हों ने दिखाया दम

▶ मार्च पास्ट और खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह से लिया हिस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। लीड कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को 2 दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ प्रधानाचार्या तराना जमाल और निदेशक मोहम्मद ने ध्वजारोहण कर तथा कबूतर और गुब्बारे उड़ाकर किया। पहले दिन प्री-नर्सरी से कक्षा 3 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने मार्च पास्ट, स्वागत गीत, स्कूल गीत, साइकिल व साड़ी ड्रिल और विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य प्रस्तुत किए। खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी की बिस्किट रेस में अथर्व पांडे, हनी और अलीजा प्रथम रहे। एलकेजी की बोतल हैंगिंग रेस में अरीबा फातिमा, अनबिया बाजाहत, अयांश सक्सेना और रघुराज मिश्रा ने पहला स्थान पाया। यूकेजी की बॉल सर्च रेस में आयजा, अलीना खान, मोहम्मद आहिल और सैयद मोहम्मद अरहान प्रथम रहे। कक्षा 1 की हॉपिंग रेस में शौर्य सक्सेना, मोहम्मद आदम, अर्सलान खान और वैभवी, कक्षा 2 की लेमन स्पून रेस में अहान, मोहम्मद अरहान और जैना तथा कक्षा 3 की नोटबुक बैलेंसिंग रेस में मोहम्मद अली, आयुष अमल और अफ्जा एजाज ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या तराना जमाल ने बताया कि कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों की खेल प्रतियोगिताएं 27 अक्टूबर को नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में होंगी।



बंद मकान में 95 हजार नकदी समेत कीमती आभूषण चोरी

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के अनवा गांव के पास में बने एक मकान में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए नकदी समेत कीमती सामान उड़ा लिया। पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले के खुलासे में लग गई। टांडा गांव निवासी त्रिलोकी के मुताबिक बीती 24-25 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर दो अलग अलग बेगों से 80,000 और 15,000 रुपये नकदी समेत एक बैग में रखी चांदी की हसली व दो पाजेब चोरी कर ली। सुबह आंख खुलने पर परिवार को चोरी का पता चला तो कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जल्द खुलासे की बात कही है।

हरिशंकर रोपण अभियान यात्रा निकली



हरिशंकर रोपण यात्रा में मोहम्मदी के विधायक लोकेंद्र सिंह ने भाग लिया।

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। हरिशंकरी माला अभियान के अंतर्गत नैमिष तीर्थ परिक्रमा पथ पर परमपूज्य ऋषिगणों की पुण्य स्मृति में प्रत्येक कोस पर हरिशंकरी रोपण संबंधी यात्रा के तृतीय दिवस आज ऋषि द्रोणाचार्य ऋषि लोमश ऋषि याज्ञवल्य ऋषि सतातप ऋषि संकृति ऋषि गालव ऋषि अगस्त्य ऋषि अंगिरा ऋषि सतातप ऋषि संकृति ऋषि गालव ऋषि अगस्त्य महर्षि अंगिरा ऋषि बोधायन ऋषि धौम्य सहित अन्य पूज्य ऋषिगणों के नाम से विभिन्न कोस पड़ावों पर हरिशंकरी का रोपण किया गया। आज की यात्रा में लोकभारती अवध प्रान्त अध्यक्ष श्री पवन सिंह चौहान, मोहम्मदी से विधायक श्री लोकेंद्र प्रताप सिंह एवं अनेक गणमान्य नागरिकों लोक भारती के राष्ट्रीय सह संयोजक कुंवर नीरज सिंह , राजीव सिंह, जेवा कोठी,लोकभारती बृज प्रान्त जल प्रमुख संजय त्रिपाठी, नदी कार्यकर्ता प्रेमशंकर बाजपेई, अधीर त्रिवेदी ने शाहजहांपुर जनपद प्रतिनिधि रूप में सहभागिता की। इसके अतिरिक्त लोक भारती परिवार के प्रमुख सदस्य पूरी यात्रा में साथ चल रहे हैं।

लड्डू गोपाल की प्रभात फेरी संपन्न

पुवायां, शाहजहांपुर। नगर के तिराहा बाजार स्थित बड़े ठाकुरद्वारा मंदिर से सोमवार को कार्तिक मास की प्रभात फेरियों का शुभारंभ हुआ। सुबह छह बजे पुजारी अनिल मिश्रा ने पूजा-अर्चना के बाद लड्डू गोपाल के विग्रह के साथ भक्तों की टोली को नगर भ्रमण पर रवाना किया। प्रभात फेरी तिराहा बाजार से सरस्वती शिशु मंदिर और रामलीला मैदान होते हुए वापस ठाकुरद्वारा मंदिर पहुंची। यहां पूजन और आरती के बाद विग्रह को मंदिर में स्थापित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हरे कृष्णा, हरे राम सहित विभिन्न भजनों का कीर्तन किया। पहली प्रभात फेरी का स्वागत राजेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, संदीप गुप्ता, मनमोहन गुप्ता, कौशल किशोर गुप्ता, विश्वमोहन गुप्ता और मनोज गुप्ता सहित अन्य भक्तों ने किया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

चलती बाइक से चक्कर आने पर गिरी बुजुर्ग महिला, हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर

चंदौसी। बदायूं जिले के थाना फैजगंज बेहटा अंतर्गत गांव हबीबपुर निवासी बुजुर्ग महिला ओमवती पत्नी रीगप्रसाद अपनी पौत्री काजल के साथ बिलारी से अपने गांव लौट रही थीं। इसी दौरान थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली और विजयपुर के बीच अचानक चक्कर आने से ओमवती चलती बाइक से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के समय बाइक उनकी पौत्री काजल चला रही थी। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल बुजुर्ग महिला ओमवती को चंदौसी सीएचसी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर धूमधाम से निकली भव्य शोभायात्रा

अतिथियों ने फीता काटकर किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में मोहल्ला संजय बस्ती स्थित वाल्मीकि मंदिर पर महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव का आयोजन बड़ी ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ किया गया।

कार्यक्रम की रात्रि को मंदिर परिसर में भव्य कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसके पश्चात भगवान वाल्मीकि जी की आरती कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। सोमवार को समारोह समिति के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंजू दिलेर, साध्वी गीता प्रधान, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान विशेष अतिथि अंशुल टनाटन ,अखिलेश खिलाड़ी, मौसम गुप्ता, सुभाष वाल्मीकि तथा दीपक वाल्मीकि ने भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

यात्रा के प्रारंभ में उपस्थित वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन,आदर्शों और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। समिति के अध्यक्ष अमित वाल्मीकि ने अपने सहयोगियों संग मुख्य अतिथियों व गणमान्य नागरिकों को पगड़ी पहनाकर, प्रतीक चिह्न व पवित्र रामायण भेंट कर सम्मानित किया। शोभायात्रा संजय बस्ती से प्रारंभ हुई यह भव्य शोभायात्रा खुर्जा गेट, अजंता रोड, कैथल चौराहा, ब्रह्म बाजार, बड़ा बाजार, मुरादाबाद गेट,फव्वारा चौक, रामस्वरूप रोड, संभल गेट होती हुई खुर्जा गेट पहुंचकर संपन्न हुई।

शोभायात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि, लव कुश भगवान भोलेनाथ, मां शेरावाली की झांकियां शामिल रहीं और काली का खेलते अखाड़े का स्वरूप सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा के दौरान रास्ते भर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जलपान से यात्रा का स्वागत किया। समापन पर समिति अध्यक्ष अमित वाल्मीकि एवं सहयोगियों ने शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन का आभार व्यक्त किया और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अभय चौधरी, शंकर चौधरी, विपिन चौहान, विशु वाल्मीकि, रंजीत वाल्मीकि, कैलाश चटवाल, जयकमल, राजकुमार, संजय राजौरिया, अजय चौहान, कपिल बंटी, प्रमोद वाल्मीकि, रिंकू चौहान, रॉकी वाल्मीकि, राहुल चौधरी, राजेश चौहान, मिलन कुमार, पंकज गुड्डू, बबलू प्रधान, आलोक वाल्मीकि, राकेश नन्हा, अनुज चौहान, राजू अंजान, गौरव चौकडाला, तुषार वाल्मीकि, विकास वाल्मीकि, बंटी भंडारी, प्रिंस मसीह, नीरज पेंटर, निक्की वाल्मीकि, अभिषेक, कुणाल, सुमितअनुज अंजान, मनीष अंजान, सुमित वाल्मीकि, अर्पित वाल्मीकि, संकित वाल्मीकि, विनय वाल्मीकि, सौरभ वाल्मीकि, शोभित वाल्मीकि, आकाश राज, रचित, ऋतिक, पार्थ, विकास, विवेक, मंजीत वाल्मीकि सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।


चंदौसी में शोभायात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि की आरती करते अतिथि।


चंदौसी में शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथि। –जागरण मोर्चा


मां शेरावाली की झांकी।


मां काली का अखाड़ा।

एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था परखी, किया मार्च

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। जनपद सम्भल में वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सोमवार को एसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने थाना चंदौसी व हयात नगर स्थानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने जुलूस के मार्गों और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने संबंधित आयोजनकर्ताओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द, शांति और पारंपरिक उल्लास के साथ जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की और इस संबंध में आवश्यक चर्चा की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी ने पुलिस बल के साथ इलाके में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को पूरी सतर्कता, मुस्तैदी और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले या किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि को अंजाम देने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय पुलिस क्षेत्राधिकारी और दोनों थानों के प्रभारी अधिकारी भी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


वाल्मीकि जयंती जुलूस मार्गो का पुलिस बल के साथ निरीक्षण करते एसपी।

एल्डर्स कमेटी ने घोषित किया चुनावी कार्यक्रम, 4 नवंबर को होगा मतदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सोमवार को बार रूम में एल्डर्स कमेटी की एक आवश्यक बैठक दोपहर 2 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन अनिल कुमार गुप्ता एडवोकेट ने की, जिसमें कमेटी के सदस्यगण शकील अहमद वारसी एडवोकेट, मोहम्मद सगीर सैफी एडवोकेट और राज बहादुर एडवोकेट उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान एल्डर्स कमेटी ने गत 6 अक्टूबर को बार एसोसिएशन के सचिव द्वारा दिए गए पत्र पर विचार-विमर्श किया। सचिव ने अपने पत्र में अनुरोध किया था कि एल्डर्सर कमेटी द्वारा जो मतदाता सूची तैयार की गई है, उसी के आधार पर चुनाव संपन्न कराए जाएं। इस पर कमेटी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से विचार करते हुए चुनाव प्रक्रिया शीघ्र घोषित करने का निर्णय लिया। नामांकन 28 अक्टूबर 29 अक्टूबर तक सुबह 11:30 से दोपहर 3:30 बजे तक । नाम वापसी व आपत्ति दर्ज कराने की तिथि 30 अक्टूबर दोपहर 12:00 से 2 बजे तक। मतपत्रों की जांच व आपत्तियों का निस्तारण दिन 30 अक्टूबर दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक। प्रत्याशियों की अंतिम सूची 30 अक्टूबर सायं 5 बजे। मतदान 4 नंबर सुबह 9 बजे से सायं 05:00 बजे तक। एल्डर्स कमेटी द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

धूमधाम से मनाई गई बाल्मीकि जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी और महर्षि वाल्मीकि जी का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने तथा संचालन डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया, जबकि आयोजन पंडित सुरेश चंद्र शर्मा ने संभाला। मुख्य अतिथि कवि माधव मिश्र ने गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी थी। उन्होंने देश और समाज के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। साथ ही, उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके द्वारा रचित वाल्मीकि रामायण के महत्व पर भी विस्तार से विचार रखे। समारोह में डॉ. निशा गुप्ता,डॉ. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, हिमांशु यादव, विकास यादव, शिवकुमार, अश्विनी शर्मा, आशीष कश्यप, सपना मौर्य, माधव यादव, अफजल खान, प्रवीन शर्मा, ज्योति मौर्य समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।


चंदौसी में गणेश शंकर व महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनातें पदाधिकारी।

गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट, तीन घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुंदर में रविवार की देर रात रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि मामूली बात पर पिता-पुत्र ने युवक पर हमला बोल दिया, बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य परिजनों को भी पीटकर घायल कर दिया।

पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने नामजद पिता-पुत्र के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला चाह धोबियान निवासी आशीष कुमार वार्ष्णेय पुत्र यशपाल वार्ष्णेय ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह रविवार रात करीब 9:30 बजे सेठ हलवाई की दुकान से सामान लेकर अपने घर वापस लौट रहा था। जब वह मोहल्ला सुंदर स्थित शरद शर्मा के घर के सामने पहुंचा, तो वहां पहले से मौजूद शरद शर्मा और उसके पुत्र श्याम ने उसे रोक लिया और अचानक गंदी गंदी गालियां देने लगे।आशीष ने जब अभद्रता का कारण पूछा, तो आरोपी आग बबूला हो गए और उसे लात-घूंसों व डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, जिन्होंने बमुश्किल बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।इस खूनी संघर्ष में प्रार्थी आशीष कुमार, उसके ससुर प्रमोद कुमार और उसका साला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी शरद शर्मा और उसके पुत्र श्याम के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।


चंदौसी के मोहल्ला सुंदर में मारपीट करते लोग।

हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास

चंदौसी। जुनावई थाना क्षेत्र के लाबर गांव में वर्ष 2023 में ग्रामीण की गोली मारकर हत्या के मामले में न्यायालय ने चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 1.10 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है।मामले में गांव के विजयपाल पुत्र दुर्जन सिंह, जय नारायण पुत्र दुर्जन सिंह, कालीचरण उर्फ काली पुत्र रामफल और जयपाल पुत्र थान सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मुकदमे की सुनवाई जिला न्यायालय में अपर एवं सत्र न्यायाधीश तथा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह की अदालत में हुई। पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी हरिओम प्रताप सैनी ने पैरवी की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने सोमवार को चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। मिलावटखोरों और अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चंदौसी में एक बड़ी कार्रवाई की है। बिना किसी खाद्य लाइसेंस के संचालित प्रतिष्ठान पर छापेमारी कर टीम ने लगभग 2700 बोतल मिथ्याछाप मिसब्रांडेड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर जब्त किया और कारोबार को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने चंदौसी स्थित गुरु कृपा नामक प्रतिष्ठान पर अचानक छापा मारा। छापेमारी के दौरान जांच में सामने आया कि यह प्रतिष्ठान बिना किसी वैध खाद्य लाइसेंस के धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा था। मौके पर जीके प्रीमियम ब्रांड नाम से बेची जा रही संदिग्ध पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की 2700 बोतलें पाई गईं। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पानी की सभी 2700 बोतलों को मौके पर ही जब्त कर लिया और प्रतिष्ठान का संचालन पूरी तरह बंद करा दिया। साथ ही, जब्त किए गए पानी की शुद्धता व गुणवत्ता की जांच के लिए नमूना एकत्र कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित संचालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


चंदौसी में ड्रिंकिंग वॉटर की बोतलों का नमूना एकत्र करती खाद्य सुरक्षा की टीम।

रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। गांव गुमथल स्थित ब्रह्मपुरी स्थल पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास गौरव कुमार शास्त्री जी ने भगवान श्री कृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं, कंस वध तथा श्री कृष्ण-रुक्मिणी विवाह के मनमोहक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए।

कथा व्यास गौरव कुमार शास्त्री जी ने कंस वध का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य का कल्याण हो जाता है। भगवान के चरणों में ध्यान लगाने से जीवन धन्य होता है और ईश्वर की असीम कृपा प्राप्त होती है। अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देने वाले इस प्रसंग को सुनकर पूरा माहौल 'जय श्री कृष्णा' के जयकारों से गूंज उठा। श्री कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर विशेष उत्साह देखने को मिला। कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत की गई सुंदर-सुंदर सजीव झांकियों ने भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में लीन होकर झूमने और नाचने लगे। कथा के समापन पर महाआरती की गई और तत्पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कथा के आयोजन में अजय पाठक, विवेक शर्मा, अवनेश शर्मा, राकेश शर्मा, विनय शर्मा, अनमोल पाठक, विकास शर्मा, नंदकिशोर प्रधान, सुधीर गुप्ता, कमल मिश्रा, जोगेंद्र पंडित, प्रदीप शर्मा, अंशु शर्मा, नरेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, शिवशंकर शर्मा, अनुज शर्मा, दीपक शर्मा, शशिकांत शर्मा, सर्वेश शर्मा, सोनी शर्मा, आरती शर्मा, लक्ष्मी देवी, सुशीला देवी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


गांव गुमथल में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास गौरव कुमार शास्त्री।

10 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म, मामला दर्ज

चंदौसी। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में 10 वर्षीय बालक को चॉकलेट का लालच देकर घर बुलाने और उसके साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिता के अनुसार, रविवार शाम करीब 6:30 बजे उनका बेटा मोहल्ले में साइकिल चला रहा था। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ला निवासी शाहनवाज उर्फ नन्दू उसे चॉकलेट का लालच देकर अपने घर ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। शाम करीब 7:30 बजे बालक रोते हुए घर पहुंचा और पिता को आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

करवा चौथ चन्दौसी के बाजारों में खरीदारी और पार्लरों में उमड़ने लगी भीड़

त्योहार से पहले ही सुहागिनों में दिखा करवा चौथ का क्रेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। करवा चौथ के पावन पर्व को लेकर सोमवार को नगर के बाजारों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। त्यौहार की तैयारियों को लेकर सुबह से ही मुख्य बाजारों में रौनक देखने को मिली,जो देर शाम तक जारी रही। सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के इस पावन व्रत की तैयारियों के लिए बाजार पहुंचीं। साड़ी,लहंगे और वस्त्रों के शोरूम के अलावा विशेष रूप से चूड़ी, कॉस्मेटिक, मेकअप और ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की जबरदस्त चहल-पहल देखी गई। सजावट और खरीदारीः बाजार के चूड़ी बाजार, मुख्य मार्ग और कॉस्मेटिक दुकानों पर महिलाओं ने अपनी साड़ियों से मैचिंग कांच और लाक की चूड़ियां, कंगन, बिंदी, सिंदूर और श्रृंगार का सामान खरीदा। मेहंदी का क्रेज करवा चौथ पर मेहंदी लगवाने का विशेष महत्व होने के कारण बाजारों में सड़क किनारे और दुकानों के बाहर बैठे मेहंदी आर्टिस्टों के पास महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाओं ने हाथों पर आकर्षक और आधुनिक डिजाइनों की मेहंदी रचबाई। ब्यूटी पार्लरों में बुकिंग करवा चौथ की पूर्व संध्या और त्यौहार के दिन खुद को संवारने के लिए नगर के ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की भारी भीड़ रही। पार्लर संचालकों के अनुसार,फेस पैक,ब्लीच और हेयर स्टाइलिंग के लिए एडवांस बुकिंग की गई है।


राखी गुप्ता, विकास नगर ने कहा करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के रिश्ते की डोर को और मजबूत करता है। यह पर्व हमारी प्राचीन परंपरा और आपसी समर्पण का सबसे सुंदर प्रतीक है।


सविता शर्मा, स्टेशन रोड का कहना था,पूरे दिन का निर्जला उपवास और पति की लंबी उम्र की कामना करने का यह व्रत हर सुहागिन के लिए बेहद खास होता है। सोलह शृंगार कर जब हम चांद का इंतजार करती हैं, तो वह पल जीवन भर याद रहता है।


राखी वार्ष्णेय, शक्ति नगर ने बताया,आज के दिन घर-परिवार में एक अलग ही रौनक और उत्सव का माहौल होता है। सभी महिलाएं पूजा करती हैं और सुहाग की सलामती की दुआ मांगती हैं।


हेमा अग्रवाल, बहजोई रोड ने कहा,यह पर्व केवल उपवास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवार की खुशहाली और आपसी प्रेम का उत्सव है। चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोलने की परंपरा हमारे मन में एक अलग ही ऊर्जा भर देती है।

'विदेशी साजिशों' की राजनीति

'विदेशी ताकतों की साजिश' एक राजनीतिक मुहावरा बन कर रह गया है। यह आज की राजनीति में ही नहीं, बल्कि इंदिरा गांधी ने भी अपने प्रधानमंत्री काल के दौरान जयप्रकाश नारायण और मोरारजी देसाई को 'सीआईए एजेंट' करार दिया था। जब जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे, तब राममनोहर लोहिया सरीखे समाजवादी नेता को भी 'विदेशी एजेंट' करार दिया गया था। भारत में ऐसा कोई भी प्रधानमंत्री नहीं हुआ, जिसके कालखंड में 'विदेशी ताकतों की साजिश और हस्तक्षेप' के आरोप न लगाए गए हों। आज सत्तारूढ़ भाजपा यह आरोप नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी पर चस्पां करने में जुटी है। यहां तक बयान दिए गए हैं कि राहुल गांधी विदेश जाते हैं, वहां संदिग्ध लोगों से मिलते हैं, उनके साथ साजिशें तैयार करते हैं और फिर भारत लौट कर देश-विरोधी एजेंडा लागू करते हैं। यह राजनीति मुद्दाहीन, नागरिक समस्याओं और संकटों से विरक्त और देश को स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी इस संदर्भ में एक कदम आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष का नाम नहीं लिया, लेकिन एक सार्वजनिक मंच से कहा कि 'फेल्ड प्रॉडक्ट' को लॉन्च करने के लिए कुछ लोग देश की प्रतिष्ठा को ही मिट्टी में मिला देने पर तुले हैं। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर कांग्रेस को 'परजीवी' करार दिया और कहा कि कांग्रेस के एक परिवार से ही पार्टीवाले परेशान और दुखी हैं। कांग्रेस नेता जब अकेले में मिलते हैं, तो वे अपनी पीड़ा और अन्याय बयां करते हैं। आखिर एक ही 'फेल्ड प्रॉडक्ट' को कितनी बार लॉन्च किया जाएगा? इतनी लॉन्चिंग तो श्रीहरिकोटा में भी नहीं होती, जितनी कांग्रेस में एक ही आदमी की हुई है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने नाम नहीं लिया, लेकिन दुनिया जानती है कि कांग्रेस में वह परिवार और चेहरा कौन है और 'फेल्ड प्रॉडक्ट' किसे कहा जा रहा है? देश में आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। राहुल गांधी की राजनीति को 'अराजक', 'हंगामाखेज' और 'तोड़फोड़ वाली' करार दिया जा रहा है। सवाल है कि यदि राहुल गांधी देश-विरोधी साजिशों और गतिविधियों में संलिप्त हैं, तो उन पर आपराधिक केस दर्ज कर उन्हें जेल में डाल देना चाहिए। कानूनी फैसला अदालत करेगी। अराजक राजनीति का एक उदाहरण इतिहास में दर्ज होगा, जब मार्च, 1974 में तत्कालीन 'जनसंघ' के युवा नेताओं-सुशील मोदी और रविशंकर प्रसाद-के नेतृत्व में बिहार के 'राजभवन' का घेराव करने की कोशिशें की गईं। मुख्यमंत्री के काफिले का घेराव किया गया, विधानसभा भवन में आग लगाने की कोशिश की गई, विधानसभा सचिव के आवास-दफ्तर का भी घेराव कर तोड़-फोड़ की गई। उस किस्म की राजनीति ने जन-जीवन को भी अस्त-व्यस्त किया। जयप्रकाश नारायण ने उन कोशिशों, कथित आंदोलन या विरोध-प्रदर्शन को 'क्रांति' मानने से इंकार कर दिया था। हम आपसे ही पूछना चाहते हैं कि क्या वे सड़किया प्रदर्शन 'अराजक' नहीं थे? आज रविशंकर प्रसाद भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं। सुशील मोदी 'दिवंगत' हो चुके हैं। यदि वह राजनीति अराजक, हंगामेदार नहीं थी, तो कमोबेश राहुल गांधी ने किसी सरकारी आवास, भवन में आग लगाने की न तो कोशिश की है, न ऐसा आह्वान किया है और न ही साजिश रची है। वह सड़किया मार्च के दौरान 'आकाशवाणी भवन' में जरूर घुसे थे, लेकिन एक पेड़ के नीचे धरने पर बैठे रहे, अलबत्ता हम उसे 'अवैध सेंधमारी' मानते हैं। भाजपा और मोदी सरकार के प्रवक्ता आज तक यह स्पष्ट नहीं कर पाए हैं कि 'विदेशी साजिश' में कौन-कौन संलिप्त रहा है और किसने, कितनी फंडिंग की है। ले-देकर जॉर्ज सोरोस का नाम ही दोहराया जाता रहा है। दुनिया जानती है कि वह वैचारिक तौर पर भारत के खिलाफ रहा है और भारत-विरोधी बयानबाजी भी करता रहा है। मोदी सरकार ने साढ़े 12 साल के कालखंड में उसे 'भारत का दुश्मन' करार क्यों नहीं दिया? उसके खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू क्यों नहीं की? भारत के एनजीओ को उसकी फंडिंग क्यों नहीं रोकी? क्यों प्रतिबंधित नहीं किया? देश-विरोधी साजिश, अंतत:, देशद्रोह होता है और उसका बाकायदा नया कानून भी मौजूद है। सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन तो संवैधानिक अधिकार है। जन-सैलाब से परेशानी हो सकती है, लेकिन वह देश के खिलाफ विदेशी साजिश कैसे हो सकती है? जनहित के मसलों पर विरोध प्रदर्शनों की तो इजाजत होनी चाहिए।

एकांगी दृष्टिकोण के असर में मानवाधिकार संगठन

यह कोई पहला मौका नहीं है, जब भारतीय सुरक्षा बलों और सरकार पर उसकी कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार संगठनों ने सवाल उठाया हो। कश्मीर घाटी में आतंकी मासूम खून बहाते रहे, तब मानवाधिकार संगठनों ने कोई सवाल नहीं उठाया, लेकिन जब भी इन आतंकियों के खिलाफ भारतीय बलों ने कड़ी कार्रवाई की, उनके समर्थकों को सीखचों के पीछे डालना शुरू किया, मानवाधिकार संगठनों को उनके मानवाधिकार की चिंता होने लगी। ऐसे में हालिया आंदोलनों के दौरान भारत सरकार की कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार संगठन सवाल नहीं उठाते तो ही हैरत होती।



नीट परीक्षा के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी के बीस जुलाई के संसद मार्च के दौरान जो हिंसा हुई, उसके खिलाफ अगर सुरक्षा बल, ताकत का इस्तेमाल नहीं करते तो बाद में वे ही सवालों के घेरे में होते। संसद से महज दो सौ मीटर की दूरी पर जिस तरह आंदोलन में शामिल असामाजिक और अराजक तत्व उकसाऊ कार्रवाई कर रहे थे, उसमें पुलिस और प्रशासन के पास बल प्रयोग के अलावा कोई दूसरा चारा भी नहीं था। दुनिया की उदार से उदार समझी जाने वाली शायद ही कोई सरकार होती, जो अपनी संसद में उपद्रवियों को घुसने की राह देती। सोचिए अगर, उस दिन उपद्रवी संसद में घुस जाते और भारतीय संसद के साथ कुछ वैसी ही अनहोनी होती, जैसा अभी हालिया प्रदर्शन के दौरान अल्बानिया में हुआ है तो क्या भारतीय लोकतांत्रिक समाज उसे स्वीकार कर पाता? निश्चित तौर पर इन सवालों का जवाब सिर्फ ना है।

भारत में हालिया आंदोलनों की शुरूआत नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में हुई। इसी दौरान अचानक से एक नई पार्टी 'कॉकरोच जनता पार्टी' बनी और उसके बैनर तले देशभर के युवाओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर डेरा डाल दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आंदोलनों को शॉक ऑब्जर्बर के रूप में देखा जाता है। मर्यादित आंदोलनों और धरना-प्रदर्शनों के जरिए लोकतांत्रिक समाज अपने गुस्से का इजहार करता रहा है। समझदार सरकारें भी सीमित और मर्यादित आंदोलनों को लोगों के गुस्से की अभिव्यक्ति के प्रतीक के रूप में लेती रही हैं। मर्यादित आंदोलनों के जरिए लोक अपना गुस्सा निकालकर शांत हो जाता है। लेकिन ध्यान रखना चाहिए कि लोक में अराजक तत्व भी होते हैं और वे आंदोलनों की ताक में रहते हैं। लोकतांत्रिक आंदोलनों में वे मौका पाते ही घुस जाते हैं और अराजकता को बढ़ावा देते हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के बीस जुलाई के संसद में मार्च में ऐसा ही हुआ। सुरक्षा बलों पर पत्थर फेंकने में जेनुइन छात्रों की संख्या कम, अराजक और असामाजिक तत्वों की संख्या ज्यादा रही। इस तथ्य को सुरक्षा बलों ने भी स्वीकार किया है।

बीस जुलाई के संसद मार्च के पहले तक नीट और दूसरी परीक्षाओं में धांधली रोकने की मांग वाला आंदोलन मर्यादित दायरे में था। हालांकि इस दौरान भी शांत खड़े सुरक्षा बलों के साथ बदसलूकी हुई, प्रधानमंत्री को गंदी-गंदी गालियां देते हुए पोस्टर सार्वजनिक रूप से लहराये गए। इन्हें सोशल मीडिया पर उत्तेजित अंदाज में प्रस्तुत भी किया गया। फिर भी सरकारी तंत्र संयमित रहा। सुरक्षा बलों के नरम रूख के पीछे आंदोलन में शामिल युवा रहे। सुरक्षा बलों और प्रशासन को लगता था कि अगर युवाओं के खिलाफ कार्रवाई हुई तो मामला बिगड़ सकता है। लेकिन जैसे ही यह आंदोलन एसआईआर के खिलाफ और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की ओर बढ़ा, इसने राजनीतिक रंग ले लिया। निश्चित तौर पर इस पूरे आंदोलन में छात्र कहीं नेपथ्य में जाते हुए दिखे और मोर्चे पर कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी दल दिखे। लेकिन सुरक्षा बलों ने अपना संयम बनाए रखा। चुनाव आयोग पर प्रदर्शन के लिए संसद से निकले विपक्षी सांसदों और उनके समर्थकों को एहतियातन हिरासत में लिया गया। लोगों को जुटने से रोका गया। हो सकता है कि इस दौरान कुछ लोगों के साथ हाथापाई भी हुई हो, किसी को चोट लगी हो। आंदोलन में ऐसा होना स्वाभाविक भी है। दुनिया की कोई भी सरकार आंदोलनकारियों का फूलों से स्वागत नहीं करती।

सरकार और सुरक्षा बलों ने जिस तरह संयम दिखाकर सिर्फ हिरासत में लेकर आंदोलन को हिंसक होने से रोकने में सफलता पाई, उसका समाज के एक बड़े हिस्से ने स्वागत भी किया है। आंदोलनकारियों के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता को आसानी से भाजपा का एजेंट कहा जा सकता है। लेकिन त्योहारी मौसम में कारोबारी नुकसान पहुंचा रहे कनॉट प्लेस के कारोबारियों का आंदोलन के विरोध में खड़ा होना मामूली बात नहीं है। इससे साफ हुआ कि जनता भी ऐसे आंदोलनों को पसंद नहीं कर रही। दुर्भाग्य यह है कि चाहे एमनेस्टी इंटरनेशनल हो या फिर ह्यूमनराइट वाच, या संयुक्त राष्ट्र संघ की समिति, उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम, सुरक्षा बलों के संयम, प्रधानमंत्री को दी गई गालियों की ओर ध्यान नहीं दिया। एसआईआर और नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ हुए आंदोलनों के दौरान पुलिस कार्रवाई पर एमनेस्टी इंटरनेशनल और संयुक्त राष्ट्र संघ की समिति एवं विशेषज्ञों का चिंता जताना दरअसल मामले का एक तरफा संज्ञान लेना है। ह्यूमन राइट्स वॉच और संयुक्त राष्ट्र की नस्लीय भेदभाव उन्मूलन समिति यानी यूएनसीईआरडी ने अपनी रिपोर्टों में, देश में धार्मिक अल्पसंख्यकोंके खिलाफ भेदभावपूर्ण नीतियां अपनाने और उनके खिलाफ नफरती भाषण आदि का आरोप लगाया है।

अमरीका से व्यापार समझौते की उम्मीद

हाल ही में 21 अक्टूबर को अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भारत और अमरीका एक नए व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया कि दोनों देश समझौता करने के इच्छुक हैं और यह नया सौदा पिछले सभी द्विपक्षीय समझौतों से काफी अलग होगा। ट्रंप का यह बयान अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के हालिया भारत दौरे के दौरान आया। मार्को ने 20 से 22 अक्टूबर के बीच भारत दौरे के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य शीर्ष नेताओं के साथ व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा सहयोग के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। रुबियो ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के जामनगर संयंत्र का दौरा किया और भारत की इस अनूठी रिफायनिंग क्षमता की सराहना की। रुबियो ने यह भी कहा कि भारत-अमरीकी व्यापार वार्ता अब अंतिम और तकनीकी स्तर पर पहुंच चुकी है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दशकों में वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक मानचित्र पर भारत और अमरीका के संबंध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक साझेदारी के रूप में उभरे थे, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में ये संबंध अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई आर्थिक नीतियों, संरक्षणवादी दृष्टिकोण और सख्त टैरिफ रणनीति के कारण एक चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मोड़ पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। आज भारत के समक्ष एक तरफ अमरीकी बाजार में अपने मजबूत निर्यात को सुरक्षित रखने की चुनौती है, तो दूसरी तरफ रूस से रियायती दरों पर अपनी ऊर्जा जरूरतों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का रणनीतिक संतुलन साधने का दबाव है। इस खींचतान के



बीच हालिया अमरीकी नीतिगत फैसले, वीजा नियमों में अत्यधिक सख्ती, जेनेरिक दवाओं पर प्रस्तावित शुल्क की चुनौतियों के बावजूद अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री रुबियो की हालिया सकारात्मक टिप्पणियों से भारत और अमरीका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) एक नई पटकथा के साथ उभरते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद से लेकर 2016 तक भारत और अमरीका के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों में एक प्रभावी दौर देखने को मिला। वर्ष 2000 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 6 गुना बढ़कर अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान अमरीकी बाजार में भारतीय आईटी सेवाओं, फार्मास्युटिकल उत्पादों, कपड़ों और रत्नों की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ, जिससे भारत की आर्थिक साख वैश्विक स्तर पर स्थापित हुई। इस आर्थिक प्रगति को 2008 के ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते और 2016 में भारत को मिले मेजर डिफेंस पार्टनर के दर्जे से गहरा रणनीतिक बल मिला। रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण के नए द्वार खुलने के साथ-साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो ने अमरीकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान एच-1बी वीजा नीति ने भारतीय कुशल पेशेवरों को अमरीका में कार्य करने और वैश्विक पहचान बनाने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए। निवेश के दृष्टिकोण से भी यह दौर बेहद समृद्ध रहा, जहां 2000 से 2016 के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, जीई, आईबीएम और बोइंग जैसी शीर्ष अमरीकी कंपनियों ने भारत के तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्रों में भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई किया। साथ ही भारतीय कंपनियों ने भी अमरीकी बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रंप काल में शुरू हुई संरक्षणवादी नीतियों, टैरिफ और वीजा पाबंदियों से ठीक पहले तक दोनों देशों के आर्थिक रिश्ते मुक्त और रणनीतिक सहयोग की मजबूत नींव पर लगातार आगे बढ़ते रहे। ऐसे में अब अमरीका से व्यापार समझौते की संभावनाओं का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। हाल ही में 17 अक्टूबर को अमरीकी प्रशासन द्वारा लींडसे ग्राहम अधिनियम के तहत रूसी तेल खरीददारों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने के कठोर फैसले को 60 दिनों के लिए स्थगित करना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है। मध्य पूर्व के तनाव और यूक्रेन-रूस संघर्ष से उपजे ऊर्जा संकट के बीच अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की ऊर्जा जरूरतों और स्रोतों के विविधीकरण की सराहना की है। रूस से प्रतिस्पर्धी दरों पर कच्चा तेल खरीदने की इस छूट से भारत में ईंधन की लागत नियंत्रित रहेगी और घरेलू बाजार में महंगाई का दबाव कम होगा। इसके साथ ही इस फैसले ने टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अल्पकालिक अनिश्चितता से बचाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों का प्रवाह बनाए रखने में मदद की है। निःसंदेह तेल टैरिफ पर 60 दिनों की राहत के बावजूद, आव्रजन और वीजा नियमों में सख्ती के कारण भारतीय आईटी पेशेवरों, कॉर्पोरेट जगत और चिकित्सा विशेषज्ञों पर संकट गहराता जा रहा है। एच-1बी वीजा पर लगाए गए 1 लाख डॉलर के अतिरिक्त शुल्क को एक वर्ष के लिए बढ़ाने और जांच प्रक्रिया को बेहद सख्त करने से बड़ी भारतीय आईटी कंपनियों के पंजीकरण में 92 प्रतिशत तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि कुल मंजूर एच-1बी वीजा में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 71 प्रतिशत है।

विदेशी है "हाथ"

हर आंदोलन में विदेशी हाथ,
ये तो बहुत ही पुराना राग है।
जनता पूछ रहीं रोटी का प्रश्न,
किसी साज़िश का संवाद है।

देश के बच्चे बोले-शिक्षक दो,
हमारी कक्षाओं में जान नहीं।
इन हुक्मरानों ने कहा-"ठहरो,
इसमें भी कुछ "राज़" तो नहीं!

सड़क हैं टूटीं, स्कूल भी जर्जर,
बेरोज़गारी बेहिसाब-बेनक़ाब।
जनता जब भी आवाज़ उठाए,
खुलती है साज़िश की किताब।

यहाँ कभी विदेशी हाथ दिखेगा,
कभी विदेशी चाल भी मिलेगी।
अपने "घर" की आग बुझाने में,
यह दुनियाभर की ढाल मिलेगी।



संजय एम तराणेकर
(व्यंग्यकार)

द्वंद्व से बाहर

हिमाचल में आकर ज्ञान व चिंतन के यज्ञ तो बहुत होने लगे हैं, लेकिन प्रदेश का अपना मौलिक चिंतन है कहां। समाज का एक बड़ा पक्ष उपलब्धियों को निचोड़कर व्यक्तिगत गहमागहमी में उलझ गया, तो शहर होते नागरिकों को अपने हिस्से की भीड़ में गुम होना रास आ गया। आखिर जीवन का इवेंट क्या है और महफिल का रंग क्या है। देश भर की हस्तियां अपने साथ सैकड़ों मुद्दे लाकर कसौली के लिटफेस्ट को स्वतंत्र अभिव्यक्ति, राष्ट्रीय सरोकारों और द्वंद्व से बाहर निकालने का रास्ता ईजाद कर रहे हैं। खुशवंत सिंह लिटफेस्ट के हवाले से कसौली के राष्ट्रीय मूल्य बढ़ जाते हैं। इस बार भी 80 के करीब हस्तियां जब यहां पहुंची, तो संवाद के विषय लोकतांत्रिक घुटने से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक तथा पुस्तकों के आवरण से फिल्म के पर्दे तक चर्चाएं होने लगीं। हम इसे एक संस्था का कार्यक्रम होते देखते हैं, लेकिन इस बहाने क्या कसौली खुद को देख पाता है। पर्यटन की आवभगत में कसौली का वजूद कांपता है। कांपती है धरोहर और कदमों के नीचे प्राचीन पत्थर कांपते हैं। क्या हमने चंडीगढ़ के नजदीक हिमाचल के सबसे पहले स्पर्श यानी कि कसौली को इस लायक बनाया कि वहां पर्यटन के फासले दिल के भी नजदीक पहुंचें। हिमाचल में पर्यटन ब्रांडिंग के कई डेस्टिनेशन हैं और अगर इन शहरों में इवेंट चलें, तो प्रदेश में सार्थक ऊर्जा पैदा होगी। वैसे हमारे नेताओं के प्रभुत्व और प्रभाव से कहीं भी कोई सांस्कृतिक समारोह पैदा हो जाता है, लेकिन सियासी ढलान पर हमीर उत्सव भी शिथिल हो जाता। आश्चर्य यह कि कहीं भी प्रभाव से कोई



समारोह राज्य स्तरीय घोषित हो जाता, जबकि लोक परंपराएं लुप्त हो रही हैं। सांस्कृतिक समारोहों की रौनक के लिए 'माइक' बिक जाते हैं और कोई पंजाबी का मशहूर सिंगर 'लिप सिंगिंग' करके भारी राशि ले जाता है। पिछले कुछ सालों से शिमला-धर्मशाला के अलावा मंडी व हमीरपुर में भी फिल्मों के आर्ट, मजमून, अदायगी और तकनीक पर न केवल प्रदर्शन हुए, बल्कि ऐसी चर्चाएं हुईं, जिनसे यहां की प्रतिभाओं को वैचारिक गति मिली। बेशक कई सरकारी समारोहों में साहित्य पर विवेचन हुआ, लेकिन हम अकसर एक ही लकीर को पीटते हैं। साहित्य अकादमी और विभाग के आयोजनों में कविता, कहानी, व्यंग्य या लघु कथा से ज्यादा ध्यान उसकी भागीदारी में जुटे साहित्यकारों पर होता है। आश्चर्य यह कि विभाग कहीं भी ओपन मंच नहीं खोल पाया। विश्वविद्यालयों की संगोष्ठियां भी बंद पर्दों के भीतर किसी न किसी 'वाद' में संलिप्त हैं। शोध की परंपराएं सिर्फ पीएचडी की डिग्री हैं, जबकि न हिमाचल अपने वजूद को पहचान पाया और न ही सभ्यता-संस्कृति और परंपराओं को परिमार्जित कर पाया। यही कारण है कि युवाओं में नवाचार के प्रति कोई समर्पण भाव सामने नहीं आया।

क्वांटम युग में सुरक्षित संचार

कभी संचार की सुरक्षा का अर्थ मजबूत ताले, जटिल संकेत शब्द और अत्याधुनिक कूटलेखन तक सीमित था, लेकिन अब तकनीकी दुनिया उस मोड़ पर पहुँच रही है जहाँ सुरक्षा की परिभाषा ही बदलने वाली है। क्वांटम प्रौद्योगिकी ने प्रयोगशालाओं की सीमाओं से बाहर निकलकर वास्तविक संचार प्रणालियों में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। भारत में हाल में 5.56 किलोमीटर लंबी मुक्त-अंतरिक्ष क्वांटम कुंजी वितरण प्रणाली का सफल प्रदर्शन इसी परिवर्तन का महत्वपूर्ण संकेत है। इस परीक्षण ने यह दिखाया है कि प्रकाश के क्वांटम गुणों का उपयोग करके दो अलग-अलग स्थानों के बीच अत्यंत सुरक्षित संचार की आधारभूत व्यवस्था विकसित की जा सकती है। यह उपलब्धि केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि उस भविष्य की तैयारी है जिसमें डिजिटल सूचना की सुरक्षा आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का केंद्रीय प्रश्न बनने वाली है।

आज बैंकिंग से लेकर स्वास्थ्य, अंतरिक्ष, ऊर्जा, दूरसंचार और प्रशासन तक लगभग प्रत्येक महत्वपूर्ण व्यवस्था डिजिटल नेटवर्क पर निर्भर है। जितनी तेजी से डिजिटल निर्भरता बढ़ रही है, उतनी ही तेजी से साइबर हमलों की जटिलता भी बढ़ रही है। वर्तमान कूटलेखन प्रणालियाँ शक्तिशाली हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा मुख्यतः इस धारणा पर टिकी है कि कुछ गणितीय समस्याओं को हल करना अत्यंत कठिन है। भविष्य के शक्तिशाली क्वांटम




अवनीश कुमार गुप्ता

कंप्यूटर ऐसी कुछ समस्याओं को अपेक्षाकृत कम समय में हल करने की क्षमता विकसित कर सकते हैं। इसलिए आज सुरक्षित रखी जा रही संवेदनशील सूचनाओं को कल की तकनीक से सुरक्षित रखना एक गंभीर चुनौती है। क्वांटम संचार इसी चुनौती के लिए एक नई वैज्ञानिक दिशा प्रस्तुत करता है।

क्वांटम कुंजी वितरण का मूल विचार अत्यंत रोचक है। इसमें क्वांटम अवस्था का उपयोग करके दो पक्षों के बीच एक गुप्त कुंजी साझा की जाती है। क्वांटम अवस्था में हस्तक्षेप करने या उसे मापने का प्रयास उसके स्वरूप में परिवर्तन पैदा कर सकता है। इस परिवर्तन को संचार प्रणाली में छेड़छाड़ के संकेत के रूप में पहचाना जा सकता है। इसका अर्थ यह नहीं कि क्वांटम संचार अपने आप हर प्रकार के साइबर अपराध को समाप्त कर देगा। वास्तविक सुरक्षा के लिए उपकरणों, सॉफ्टवेयर, प्रमाणीकरण, नेटवर्क संरचना और मानव प्रक्रियाओं को भी मजबूत रखना होगा। फिर भी इसका महत्व इस बात में है कि सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण आधार प्रकृति के मूलभूत नियमों से प्राप्त होता है, केवल गणितीय कठिनाई से नहीं।

भारत का 5.56 किलोमीटर का मुक्त-अंतरिक्ष परीक्षण इसी दिशा में उल्लेखनीय कदम है। इसमें क्वांटम कुंजी वितरण को वास्तविक वातावरण में परखा गया, जहाँ प्रयोगशाला की नियंत्रित परिस्थितियों के बजाय प्रकाश को खुले वातावरण से होकर गुजरना पड़ा। ऐसे वातावरण में मौसम, धूल, वायुमंडलीय हलचल, कंपन और अत्यंत सटीक दिशानिर्धारण जैसी समस्याएँ सामने आती हैं। इसलिए प्रयोगशाला में किसी सिद्धांत को सिद्ध कर देना और उसे वास्तविक दूरी पर स्थिर संचार व्यवस्था में बदल देना दो अलग-अलग उपलब्धियाँ हैं। हालिया प्रदर्शन इस दूसरी दिशा में बढ़ती भारतीय क्षमता का संकेत देता है। परीक्षण में पाँच प्रतिशत से कम क्वांटम बिट त्रुटि दर के साथ सुरक्षित कुंजी निर्माण किया गया, जो व्यावहारिक प्रयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस उपलब्धि का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि भारत ने क्वांटम तकनीक को केवल एक प्रयोगात्मक विषय के रूप में नहीं देखा है। राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के लिए 6,003.65 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य क्वांटम संगणना, क्वांटम संचार, क्वांटम संवेदन और क्वांटम सामग्री जैसे क्षेत्रों में देश की स्वदेशी क्षमता विकसित करना है। दीर्घकाल में भारत लगभग 2,000 किलोमीटर तक सुरक्षित उपग्रह आधारित क्वांटम संचार और लंबी दूरी के क्वांटम कुंजी वितरण नेटवर्क जैसी क्षमताएँ विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसका अर्थ है कि आज का 5.56 किलोमीटर का प्रयोग किसी अंतिम उपलब्धि का नहीं, बल्कि एक बड़े राष्ट्रीय तकनीकी लक्ष्य की शुरुआती सीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। क्वांटम संचार का भविष्य केवल सुरक्षित संदेश भेजने तक सीमित नहीं है। अत्यधिक सटीक समय निर्धारण, उपग्रह आधारित प्रणालियाँ, नौवहन, वैज्ञानिक मापन, संवेदन तकनीक और भविष्य की संचार संरचनाएँ भी इससे प्रभावित हो सकती हैं। क्वांटम संवेदक अत्यंत सूक्ष्म परिवर्तनों को पहचानने में सक्षम हो सकते हैं। इससे भूगर्भीय अध्ययन, चिकित्सा अनुसंधान, अंतरिक्ष विज्ञान और औद्योगिक निगरानी जैसे क्षेत्रों में नए अवसर खुल सकते हैं। इसी कारण क्वांटम प्रौद्योगिकी को केवल साइबर सुरक्षा का उपकरण मानना इसके व्यापक प्रभाव को सीमित कर देना होगा। यह अगली पीढ़ी की वैज्ञानिक अवसंरचना का आधार बन सकती है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



सार्थक कोली का मेडिकल कॉलेज में चयन, परिवार में खुशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- नीट में दूसरे प्रयास में हासिल की सफलता, जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई



सार्थक कोली।

खटीमा। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कोली के पुत्र सार्थक कोली का नीट परीक्षा के माध्यम से स्वर्गीय जगजीवन राम मेडिकल कॉलेज, पिथौरागढ़ में चयन हुआ है। उनकी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। सार्थक ने कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई सर्राफ पब्लिक स्कूल, खटीमा से की। उन्होंने दूसरे प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाने में सफलता हासिल की। सार्थक ने अपनी सफलता का श्रेय माता रंजना और अपने शिक्षकों को दिया। उनके पिता एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कोली ने उत्तराखंड में मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज की स्थापना और इसके लिए क्षेत्रीय विधायक मयूख महर तथा सांसद अजय टम्टा के प्रयासों को भी महत्वपूर्ण बताया। सार्थक की उपलब्धि पर राणा थारू परिषद के अध्यक्ष दान सिंह राणा, कांग्रेस नेता अरविंद कुमार, भाजपा नेता भवानी भंडारी और नंदन सिंह खड़ायत सहित कई लोगों ने बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी सार्थक को शुभकामनाएं दीं। कोली परिवार से उनके पारिवारिक संबंध हैं। उनकी शुभकामनाओं पर सार्थक के दादा नरपति राम ने आभार व्यक्त किया।

पुलिस की गांव कुईखेड़ी में शराब माफिया के ठिकाने पर कार्रवाई, एक गिरफ्तार

107 लीटर कच्ची शराब की खाम बरामद,7 हजार लहन नष्ट, गदरपुर पुलिस की ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



गिरफ्तार कच्ची शराब बनाने वाला पुलिस की गिरफ्त में। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर/गदरपुर। जनपद में पुलिस का नशे के खिलाफ आपरेशन प्रहार तहत अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने गांव कुईखेडी. में शराब माफिया के ठिकाने पर कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। साथ ही 107 कच्ची शराब की खाम बरामद कर सात हजार लहन नष्ट की। एसएसपी के निर्देश पर जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण,निर्यात, तस्करी,बिक्री आदि पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत सीओ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गदरपुर बीएस बृजवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सघन चैकिंग अभियान के दौरान पंचायत घर के पास स्कैनिया पहुंचे। यहां पर पुलिस को सूचना मिली ग्राम कुईखेड़ी सकैनिया में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान बलबीर सिंह उर्फ बीरू पुत्र मक्खन सिंह निवासी ग्राम कुईखेड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से कच्ची शराब की खाम बरामद की और सात हजार लहन नष्ट की। कोतवाल बीएस बृजवाल ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल,एसएसआई मदन सिंह बिष्ट, चौकी प्रभारी सकैनियां विजय कुमार, एसआई संजय बोरा, महिला एसआई मेघा शर्मा, जीवन चंद्र, विजेन्द्र नेगी, रघुवर रावत आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

संक्षेप समाचार

अनियंत्रित बाइक ने पैदल राहगीर को मारी टक्कर

खटीमा। पीलीभीत मुख्य रोड पर चारुबेटा के समीप रविवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि पैदल चल रहा एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 8:40 बजे चारुबेटा में मस्जिद वाली गली के पास मुख्य सड़क पर दुर्घटना की सूचना मिली। बताया गया कि अनियंत्रित बाइक ने पहले सड़क पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को टक्कर मारी और फिर पीलीभीत की ओर से आ रही कार से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक और कार क्षतिग्रस्त हो गईं।हादसे में घायल पैदल यात्री को मौके पर मौजूद लोगों ने निजी वाहन से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, बाइक चालक मनदीप सिंह (25) पुत्र त्रिलोक सिंह, निवासी चंदेली, थाना खटीमा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस की मदद से नागरिक चिकित्सालय खटीमा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।दुर्घटना के समय कार प्रशांत मिश्रा पुत्र सत्य प्रकाश मिश्रा, निवासी शिव कॉलोनी, खटीमा चला रहे थे। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाकर आवश्यक कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोशल मीडिया पर अपमानित करने और जानमाल के खतरे का आरोप



पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते जामा मस्जिद-मदरसा रहमानिया के प्रशासक कामिल खान। –जागरण मोर्चा

खटीमा। जामा मस्जिद-मदरसा रहमानिया के प्रशासक कामिल खान ने पूर्व पदाधिकारियों पर सोशल मीडिया के माध्यम से अपमानित करने और जानमाल का खतरा पैदा होने की आशंका जताई है। उन्होंने इस संबंध में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, जामा मस्जिद-मदरसा रहमानिया के पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ वक्फ बोर्ड के निर्देश पर खटीमा कोतवाली में मुकदमा संख्या 294/26 दर्ज किया गया है। इसमें बीएनएस की धारा 316(2), 318(4) और 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज है। मामले की विवेचना जारी है। कामिल खान का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से संबंधित लोग सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर उन्हें अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने अपनी जानमाल को खतरा होने की आशंका भी जताई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने और उनके खिलाफ कथित रूप से प्रसारित की जा रही गलत पोस्ट हटवाने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

अखिलेश यादव की टिप्पणी पर सीएम धामी ने जताई नाराजगी

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सपा प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए इसे उत्तराखंड के लोगों के लिए अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता खटीमा गोलीकांड, मसूरी गोलीकांड और रामपुर तिराहा कांड को आज तक नहीं भूली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड स्वाभिमानी वीरों की भूमि है। प्रदेश के लोगों के प्रति इस तरह की टिप्पणी उचित नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी इस मामले में अपना रुख स्पष्ट करने की बात कही। धामी ने कहा कि उत्तराखंड का अपमान करने वाली टिप्पणियों का जवाब प्रदेश की जनता वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में देगी।

खड़गे की टिप्पणी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन,कांग्रेस का फूंका पुतला

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला दहन कर उनके बयान की निंदा की गई। सोमवार को भाजपाई डीडी चौक पर एकत्रित हुए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला दहन किया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के बीच विचारों का मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन राजनीतिक विरोध में व्यक्तिगत और पारिवारिक विषयों को निशाना बनाना उचित नहीं है। सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं से जिम्मेदार भाषा और मर्यादित आचरण की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान और देश का विकास होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत टिप्पणियों के माध्यम से राजनीतिक कटुता बढ़ाना।विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना जीवन देश की सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित किया है। ऐसे में उनके परिवार को लेकर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध के नाम पर भाषा की मर्यादा का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं है। लोकतंत्र में जनता विकास कार्यों, नीतियों और नेताओं के आचरण के आधार पर अपना निर्णय देती है। इस मौके पर जिला महामंत्री तरुण दत्ता,प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेन्द्र मिश्रा,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलोत, जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर,मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल,रचित सिंह, मनीष, दीपक, जीतेन्दर, विक्की, आकाश, गोविन्द शर्मा, अनुज शर्मा, सुरेंद्र चौधरी और नमन चावला समेत अन्य लोग मौजूद थे।

बच्चों के अधिकारियों को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिविर में बच्चों को कानूनी जानकारी देते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

खटीमा। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में सोमवार को बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश लाल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं वरिष्ठ सिविल जज आशीष तिवारी ने विद्यार्थियों को बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों के अधिकारों, पॉक्सो एक्ट तथा बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। पुलिस विभाग की एसआई प्रियंका धामी ने भी विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम, नशे के दुष्प्रभावों और पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी अनुचित गतिविधि की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया। शिविर में हौशिला, हेमलता पाठक, पीएलवी विमल कुमार, आशा देवी, भगवती राणा, न्यायालय से विनोद सहित विद्यालय के शिक्षक और सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं यह विशेष जागरूकता कार्यक्रम 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक लगातार आयोजित किया जाएगा।

बीमार हर्षिता के इलाज के लिए आगे आया प्रशासन, बेहतर उपचार के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



नागरिक चिकित्सालय पहुंचकर हर्षिता का हाल-चाल जानते जिपंअ अजय मौर्या।

खटीमा। नागरिक चिकित्सालय में उपचाराधीन हर्षिता बोरा के इलाज को लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने संवेदनशीलता दिखाई है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अस्पताल पहुंचकर हर्षिता के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उसके पिता से मुलाकात कर उपचार की स्थिति के बारे में जाना। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नोडल अधिकारी दिनेश यादव से वीडियो कॉल के माध्यम से वार्ता की गई। इसमें हर्षिता को जल्द से जल्द उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और हरसंभव सहायता देने के निर्देश दिए गए। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने परिवार को आश्वस्त किया कि हर्षिता के इलाज में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और उसे बेहतर उपचार दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीपी सिंह, सतीश चंद्र भट्ट, भवानी भंडारी, बॉबी ढींगरा, सतीश मौर्य और वीरेंद्र मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

घटना के छठवें दिन सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।

रुद्रपुर। सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा। उधर युवक की मौत की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक 20 अक्टूबर की रात काशीपुर रोड गाबा चौक पर दो बाईकों की भिड़ंत हो गई थी। उस दौरान एक बाईक पर सवार एक महिला की मौत हो गई थी। जबकि बाईक दूसरी बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को उपचार को तीन पानी के पास एक अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में भमरौला निवासी 21 वर्षीय रोहन पुत्र देवानंद और साहिल गंभीर घायल हुए। घायलों में रोहन की रविवार की रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल से चौकी पहुंची सूचना पर उप निरीक्षक मोहन चंद जोशी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा। जबकि दूसरे घायल युवक साहिल का उपचार चल रहा। उधर युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में मझला था। मृतक किसी कंपनी में काम करता था। घटना की विवेचना चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी प्रदीप पंत कर रहे हैं।

पुलभट्टा पुलिस ने 6 कुंतल संदिग्ध मांस सहित 10 तस्कर दबोचे

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलभट्टा पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी। –जागरण मोर्चा

किच्छा (उधम सिंह नगर)। पुलभट्टा थाना अंतर्गत सिरौली - इंदिरा नगर क्षेत्र अवैध रूप से तस्करों द्वारा गौकशी एवं पशुओं का वध कर मांस सप्लाई की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देशों के बाद हरकत में आई पुलभट्टा पुलिस ने रोकथाम के लिए अभियान चलाया। पुलिस कप्तान के दिशा निर्देशन में पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम द्वारा गौकशी एवं अवैध मांस तस्करी के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए औचक छापामार कार्रवाई कर करीब 6 कुंतल संदिग्ध मांस बरामद कर मौके से 10 आरोपियों को रंगेहाथ दबोच लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने चार जीवित पशुओं को भी बंधन मुक्त कराते हुए बचा लिया।

जानकारी के अनुसार पुलभट्टा पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर सिरौली कला एवं इन्दिरा नगर क्षेत्र में अवैध रूप से पशुओं का वध कर मांस तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। एसएसपी गणपति के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दौलत राम वर्मा द्वारा अभियान के लिए पुलभट्टा थाना पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया। योजना के तहत प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने सोमवार की सुबह सिरौली इन्द्रा नगर में चिन्हित किए गए स्थानों की घेराबंदी कर औचक छापामार कार्रवाई की गई, ताकि कोई आरोपी फरार न हो सके। पुलिस टीम ने एक मकान में अवैध रूप से पशुओं का वध कर रहे 10 आरोपियों को रंगे हाथ मौके पर दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों द्वारा मांस के टुकड़े किए जा रहे थे। पुलिस टीम को देखकर तस्करों ने भागने का भी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। टीम ने मौके से करीब 6 कुंतल संदिग्ध मांस जब्त करते हुए वध के लिए लाए गए चार पशुओं को जीवित बचा लिया। पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सक की टीम भी मौके पर पहुंच गई और बरामद मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भिजवा दिया। पुलभट्टा पुलिस द्वारा की गई औचक कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके से पकड़े गए सभी आरोपियों को पुलभट्टा पुलिस थाने ले आई और सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी दौलत राम वर्मा ने बताया कि थाना अंतर्गत सिरौली कला एवं इंदिरा नगर क्षेत्र में तस्करों द्वारा अवैध रूप से पशुओं का वध कर रुद्रपुर, रामपुर, बिलासपुर, बहेड़ी, सितारगंज आदि क्षेत्र में मांस की तस्करी किए जाने की मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेकर एसएसपी अजय गणपति के दिशा निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फार लोकल एवं सीएम धामी की प्रेरणा

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में प्रतिष्ठान का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि अजय भट्ट। –जागरण मोर्चा

खटीमा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फार लोकल के आह्वान पर मोनाल इंटरप्राइजेज द्वारा उत्तराखंड में एल्कालाइन वॉटर आयोनाइजर डिवाइस के लोकल निर्माण की शुरुआत की है। प्रतिष्ठा का विधिवत उद्घाटन सांसद अजय भट्ट ने किया। प्रतिष्ठान स्वामी नीता सक्सेना ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना से प्रेरित एवं सीएम धामी की प्रेरणा से यह पहल की गई है । उनका उद्देश्य है कि नई तकनीक से स्थानीय निर्माण को बढ़ावा देकर व्यावसायिक प्रदेश स्तर पर पहुंचे और रोजगार के क्षेत्र में युवा आत्मनिर्भर हो सकें। सांसद भट्ट ने पीएम की सोच को साकार करने व सीएम धामी की प्रेरणा से संस्थान के टेक्निकल हेड निविदा सक्सेना एवं उनके माता-पिता नीता सक्सेना एवं पिता नीरज सक्सेना को बधाई दी और कहा कि संस्थान गुणवत्ता के अनुरूप उपभोक्ताओं को उत्पादन उपलब्ध कराने के साथ ही बेरोजगार युवाओं के भी प्रेरणा स्रोत बनें। प्रो. नीता सक्सेना ने यहां पहुंचे अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर दर्ज मंत्री मोहनी पोखरिया, रंजीत सिंह नामधारी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, सतीश भट्ट, रंजन अग्रवाल, सतीश गोयल, अमित पांडे आदि मौजूद रहे।

योजना | कुलपति ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

पंतनगर विवि की शिक्षा को उद्योगपरक बनाने की ऐतिहासिक पहल : सभी पाठ्यक्रमों में ब्रिज कोर्स की संकल्पना लागू

जागरण मोर्चा कार्यालय



पत्रकारों से बातचीत करते कुलपति डॉ एसके कश्यप। –जागरण मोर्चा

पंतनगर। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर ने शिक्षा को उद्योगपरक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय ने सभी पाठ्यक्रमों में ब्रिज कोर्स की अवधारणा लागू करने की योजना बनाई है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ उन्हें रोजगार एवं उद्यमिता के लिए तैयार करना है।

कुलपति डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप के नेतृत्व में शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत कृषि,पशु चिकित्सा एवं पशु पालन,प्रौद्योगिकी, सामुदायिक,मत्स्य,कृषि व्यवसाय प्रबंधन और विज्ञान एवं मानविकी सहित विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को संबंधित उद्योगों के विशेषज्ञों से जोड़ा जाएगा। विशेषज्ञ विद्यार्थियों को औद्योगिक संभावनाओं,बाजार की मांग, स्टार्टअप स्थापना और करियर के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन देंगे। योजना के तहत खाद्य प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों को फूड प्रोसेसिंग कंपनियों तथा बीज विज्ञान के विद्यार्थियों को बीज उद्योग से जुड़े उद्यमियों का मार्गदर्शन मिलेगा। इससे विद्यार्थी अपने विषय के व्यावहारिक पक्षों और उद्योग जगत की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए विश्वविद्यालय की लर्निंग टीम और फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर ने पिछले छह महीनों से कार्य किया है। प्रत्येक विभाग ने अपने विषय से संबंधित 10 से 15 प्रमुख उद्योगों और उद्यमियों की सूची बनाई है। विश्वविद्यालय के पास 500 से अधिक उद्योग विशेषज्ञों का नेटवर्क तैयार हो गया है। कुलपति डा. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने बताया कि यह पहल केवल अतिथि व्याख्यानों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि विद्यार्थियों को नियमित संवाद, परियोजना मूल्यांकन, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट में भी सहयोग प्रदान करेगी। उद्योग विशेषज्ञ ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से विद्यार्थियों से जुड़ेंगे। उनके सुझावों के आधार पर पाठ्यक्रमों को उद्योग जगत की बदलती जरूरतों के अनुरूप अद्यतन करने में भी मदद मिलेगी। महाविद्यालयों में उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस पहल से विद्यार्थियों को डिग्री पूरी करने से पहले ही उद्योगों की कार्यप्रणाली और रोजगार की संभावनाओं को समझने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय की यह पहल कृषि शिक्षा को व्यावहारिक, रोजगारपरक और उद्यमिता-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। इस दौरान निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

शॉर्ट सर्किट से पैकेजिंग इंडस्ट्री में धधकी आग

रुद्रपुर। चौकी बगवाड़ा क्षेत्र जिंदल पैकेजिंग इंडस्ट्री में आग लग गई। आग से आस पास हड़कंप मच गया। आग की सूचना पर दमकल कर्मी पहुंचे। उन्होंने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों का नुक़सान की आशंका जताई जा रही है। ग्राम मलसा गिरधरपुर में राजेंद्र कुमार जिंदल की जिंदल पैकेजिंग इंडस्ट्री नाम से फैक्ट्री है। जहां पर पालीथिन बनाए जाते हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह फैक्ट्री में रोज की भांति काम चल रहा था। इसी बीच कंपनी से आग की लपटे निकलने लगी। कंपनी के अधिकारियों कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। कंपनी के आस पास स्थित कंपनियों में भी हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि आग की सूचना पर दमकल कर्मी वाहन लेकर पहुंचे। कर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक आग से लाखों का नुक्सान हो गया।

वाल्मीकि जयंती पर रामायण पूजन और सुंदरकांड का पाठ

रामायण के श्लोकों और रामचरितमानस के छंदों की प्रतियोगिता में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार को खालसा इंटर कॉलेज, टॉपरपुरवा में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने पवित्र ग्रंथ रामायण का पूजन कर सुंदरकांड का पाठ किया। इसके साथ ही रामायण के श्लोकों और रामचरितमानस के छंदों की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व और आध्यात्मिक परिवर्तन की प्रेरक गाथा सुनाई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बनने की उनकी यात्रा ने समाज को भक्ति, ज्ञान और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेकर अच्छे संस्कार अपनाने और अपने आचरण में नैतिक मूल्यों को स्थान देने के लिए प्रेरित किया।रामायण के श्लोकों और रामचरितमानस के छंदों पर आधारित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का निर्णय विद्यालय के आचार्य अमित वर्मा और पिंकी यादव ने किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की सहयोगी शिक्षिका सरनजीत कौर ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अयोध्या तीर्थ की निश्शुल्क यात्रा कराने का प्रस्ताव रखा। प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने भी विद्यार्थियों को निश्शुल्क अयोध्या यात्रा कराने की घोषणा की। इस घोषणा से विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर अध्यापक डॉ. अरविंद सिंह, सुनील सिंह और अनुराधा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश नमो मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल वर्मा, विद्यालय प्रबंधक कलविंदर सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।



जयंती पर पुष्प माला अर्पित करते कार्यकर्ता बंधु। –जागरण मोर्चा

सितारगंज मंडी में धान की तौल जारी

तीन सरकारी कांटों पर 165 किसानों का 13,247 क्विंटल धान तौला, 3.50 करोड़ रुपये का भुगतान बकाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। नई मंडी समिति में धान की तौल लगातार जारी है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सरकारी कांटों पर धान की तौल के साथ ही कच्चे आढ़तियों ने भी खरीद शुरू कर दी है। इससे अपनी उपज बेचने के लिए मंडी में इंतजार कर रहे किसानों को राहत मिली है। किसानों की सुविधा को देखते हुए रविवार को अवकाश के दिन भी मंडी में धान की तौल की गई, जिससे खरीद प्रक्रिया को गति मिली है। सोमवार को एसएमओ विनय चौधरी ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के तीन कांटों पर अब तक करीब 165 किसानों का 13,247 क्विंटल धान तौला जा चुका है। विभाग की ओर से किसानों से धान खरीदने और उसकी तौल करने का काम लगातार किया जा रहा है। मंडी में तौल जारी रहने से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को धान बिक्री के एवज में करीब 3.50 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना अभी बाकी है। ऐसे में धान खरीद के साथ किसानों को समय पर भुगतान करना भी महत्वपूर्ण है। भुगतान में देरी होने से किसानों को अपनी अन्य कृषि जरूरतों और घरेलू खर्चों को पूरा करने में आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, मंडी में कच्चे आढ़तियों की ओर से भी धान खरीद शुरू किए जाने से किसानों के पास अपनी उपज बेचने के लिए एक और विकल्प उपलब्ध हो गया है। सरकारी कांटों के साथ आढ़तियों के यहां भी खरीद होने से मंडी में धान की तौल का काम लगातार आगे बढ़ रहा है। इससे उन किसानों को फायदा मिलने की उम्मीद है, जो अपनी उपज बेचने के लिए इंतजार कर रहे थे। धान खरीद का सीजन किसानों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में मंडी में तौल व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के साथ ही खरीदे गए धान का भुगतान समय पर किया जाना भी जरूरी है। किसानों को उम्मीद है कि उनकी उपज की तौल और भुगतान की प्रक्रिया तेजी से पूरी होगी, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।



नई मंडी समिति में धान की तौल कराते किसान। –जागरण मोर्चा

खाटू श्याम और सांवरिया सेठ के विग्रह पहुंचे बरुआबाग, जयकारों से गूंजा क्षेत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। खाटू श्याम और सांवरिया सेठ के जयकारों से रविवार को बरुआबाग गूंज उठा। राजस्थान से दोनों विग्रह लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं का ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्पवर्षा के बीच भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दोनों विग्रहों के आगमन के साथ ही बरुआबाग स्थित धाम में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों को लेकर उत्साह बढ़ गया है। रविवार को दुर्गेश गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था राजस्थान के सीकर जिले से खाटू श्याम और सांवरिया सेठ के विग्रह लेकर सितारगंज पहुंचा। जत्थे के पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया और पुष्पवर्षा कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान खाटू श्याम और सांवरिया सेठ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भक्तों ने दोनों विग्रहों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सभासद रवि रस्तोगी ने बताया कि बरुआबाग स्थित धाम में मुख्य आचार्य पंडित सूर्यकांत तिवारी के सानिध्य में दोनों विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। इसके लिए 18 से 20 नवंबर तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।



बरुआबाग में फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए गणमान्य लोग।

गांव की गलियों से सियासत का सफर, अब विधानसभा तक पहुंचने की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन। गांव की गलियों से शुरू हुआ राजनीतिक सफर अब विधानसभा की दहलीज तक पहुंचने की तैयारी में है। लुधौरी के निसार अहमद ने स्थानीय स्तर पर राजनीति की शुरुआत करने के बाद समाजवादी पार्टी में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं। क्षेत्र पंचायत सदस्य से लेकर जिला सचिव और निघासन विधानसभा प्रभारी तक का सफर तय कर चुके निसार अहमद अब विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। पार्टी में लंबे समय से सक्रियता और संगठनात्मक जिम्मेदारियों के आधार पर वह निघासन से चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहे हैं।निसार अहमद के राजनीतिक सफर की शुरुआत वर्ष 2010 में हुई। इसी वर्ष वह प्रबुद्धजीवी प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष बने और क्षेत्र पंचायत का चुनाव जीतकर सदस्य निर्वाचित हुए। इसके बाद 17 मार्च 2011 को लखीमपुर में समाजवादी जन आंदोलन के दौरान गिरफ्तारी देकर उन्होंने पार्टी के आंदोलन में भागीदारी की। स्थानीय राजनीति से आगे बढ़ते हुए उन्होंने संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई।वर्ष 2014 में निसार अहमद लुधौरी के उप प्रधान बने। इस जिम्मेदारी के साथ उन्होंने गांव के स्तर पर जनहित से जुड़े कार्यों में भागीदारी की। इसके बाद पार्टी में उनकी सक्रियता जारी रही। वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस पद के बाद संगठन में उनकी भूमिका का दायरा बढ़ा। समाजवादी पार्टी में लगातार सक्रिय रहने के क्रम में वर्ष 2021 में निसार अहमद को जिला सचिव और निघासन विधानसभा प्रभारी बनाया गया। विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों और चुनावी कार्यों में उनकी भूमिका रही। वर्ष 2024 में वह सरयू सहकारी चीनी मिल के डेलीगेट भी निर्वाचित हुए। इससे सहकारी क्षेत्र में भी उनकी भागीदारी बढ़ी।वर्तमान में निसार अहमद समाजवादी पार्टी के जिला सचिव और निघासन विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अब उनका लक्ष्य विधानसभा चुनाव में पार्टी का टिकट हासिल कर निघासन का प्रतिनिधित्व करना है। टिकट की दावेदारी को लेकर वह अपनी राजनीतिक सक्रियता और संगठन में निभाई गई जिम्मेदारियों को प्रमुख आधार बता रहे हैं।

संक्षेप समाचार

किशोरी को घर से ले जाने का आरोप, दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

निघासन (लखीमपुर)। झंडी चौकी क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी को घर से ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के भाई ने दो युवकों पर बहला-फुसलाकर उसे ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों नामजद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।क्षेत्र निवासी लालबहादुर के अनुसार, 18 अक्टूबर को उसकी बहन घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान पदुआ थाना क्षेत्र निवासी रोहित और अकबाल उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। पीड़ित पक्ष ने दोनों को रिश्ते में जीजा-साला बताया है। घटना के बाद किशोरी के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों नामजद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और किशोरी की बरामदगी के लिए टीम गठित की गई है।

मुख्यमंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश



जन समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। –जागरण मोर्चा

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी ने सर्किट हाउस में जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों/समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, पारदर्शिता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि लोगों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है तथा प्रशासन की जवाबदेही और संतोषजनक समाधान सबसे महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के विकास हेतु विभिन्न आवश्यकताओं, कार्यों आदि पर चर्चा करते हुए जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान सांसद अजय भट्ट, राज्यसभा सांसद दिनेश आर्या, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट, विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया, अध्यक्ष उत्तराखंड मंडी परिषद डा. अनिल कपूर डब्बू, दर्जा राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा, मोहन पाठक के साथ ही कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, आईजी कुमाऊं निवेदिता कुकरेती, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी एपी बाजपेई, नगर आयुक्त पारितोष वर्मा, पुलिस अधीक्षक यातायात डा. जगदीश चंद्रा, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी मोनिका सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सितारगंज में 57वीं वाहिनी SSB ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह, जवानों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

सितारगंज। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज में सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। को श्री गंगा सिंह उदावत, कमांडेंट, 57वीं वाहिनी के निर्देशन में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कमांडेंट महोदय द्वारा वाहिनी के सभी अधिकारियों एवं जवानों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

पूर्व विधायक के त्रयोदशा कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

दिवंगत पूर्व विधायक को श्रद्धांजलि देकर परिजनों को बंधाया ढांढस, पांच थानों की पुलिस रही तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

धौरहरा। धौरहरा विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे वरिष्ठ नेता बाला प्रसाद अवस्थी के त्रयोदशा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उनके पैतृक आवास ग्राम बेल्तुआ पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। डिप्टी सीएम के आगमन पर आवास पर भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों,समर्थकों और शुभचिंतकों की मौजूदगी रही।क्षेत्र में 'बाला दद्दू' के नाम से लोकप्रिय बाला प्रसाद अवस्थी के निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर है।उनके त्रयोदशा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।उन्होंने परिजनों से मिलकर इस कठिन समय में उन्हें ढांढस बंधाया।परिजनों से मुलाकात कर जताई संवेदना त्रयोदशा कार्यक्रम के दौरान दिवंगत नेता के पुत्र राजीव अवस्थी,संजीव अवस्थी और विनीत अवस्थी मौजूद रहे।भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता और कोषाध्यक्ष सुदीप निगम विधायक विनोद शंकर अवस्थी,पूर्व उपाध्यक्ष उमा शंकर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए।सभी ने बाला प्रसाद अवस्थी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।बाला प्रसाद अवस्थी का क्षेत्र की राजनीति में लंबे समय तक प्रभाव रहा।उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में भाजपा और बसपा दोनों दलों से विधानसभा चुनाव जीतकर जनता का प्रतिनिधित्व किया। चार बार विधायक रहे बाला की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनके निधन के बाद से ही लगातार समर्थक और शुभचिंतक परिवार से मिलने पहुंच रहे हैं।सुरक्षा के मद्देनजर पांच थानों की पुलिस रही मुस्तैद उप मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए।प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम राशि कृष्णा तहसीलदार आदित्य विशाल,सीएमओ संतोष गुप्ता, धौरहरा सीओ,अभिषेक कुमार निघासन सीओ शमशेर बहादुर सिंह,धौरहरा कोतवाल अवनीश कुमार सिंह, पढ़ुआ थाना प्रभारी मोहित पुण्डीर,के साथ ईसानगर थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह, खमरिया थाना प्रभारी निर्मल तिवारी, सहित हैदराबाद, शारदानगर, मझगई और निघासन थानों की पुलिस तैनात रही।पुलिसकर्मियों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। बाला प्रसाद अवस्थी के त्रयोदशा कार्यक्रम में राजनीतिक नेताओं और समर्थकों की मौजूदगी ने उनके प्रति क्षेत्र के लोगों के सम्मान और जुड़ाव को प्रदर्शित किया। उनके निधन को धौरहरा क्षेत्र की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।



त्रयोदशी कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।

धौरहरा विधायक को गेट पर रोका

लखीमपुर। स्वर्गीय बाला प्रसाद अवस्थी के दसवां कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों से मुलाकात की, इस दौरान धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी को पुलिस ने गेट पर ही रोक दिया और अंदर जाने की अनुमति नहीं दी, वहीं करीब पांच मिनट बाद भाजपा जिलाध्यक्ष को अंदर बुला लिया गया, विधायक को रोके जाने के घटनाक्रम के बाद मौके पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं, हालांकि विधायक को रोके जाने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी।

नकली पुलिस बनकर लोगों से ठगी करने का विरोध करने पर युवक ने पत्नी को पीटा

दहेज उत्पीड़न और जान से मरवाने की धमकी देने के आरोप में पति समेत नौ के खिलाफ केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। गांव गौरीखेड़ा में किराये के मकान में रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करने, तीन तलाक देने और मायके वालों को बताने पर जान से मरवाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि उसका पति नकली पुलिसकर्मी बनकर लोगों से ठगी करता है। जब उसने पति की इस हरकत का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई और सात अक्तूबर को सबके सामने तीन तलाक दे दिया गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति समेत नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव नकहा नयागांव निवासी रूबी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह पांच जून 2022 को बरेली जिले के शरीफनगर निवासी जाहिद के साथ हुआ था। निकाह के समय उसके मायके वालों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के महज पांच दिन बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने कम दहेज लाने का ताना देना शुरू कर दिया। इसके बाद उसका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। महिला के मुताबिक, ससुरालियों की ओर से कथित तौर पर दहेज की मांग और उत्पीड़न किए जाने पर उसके मायके वालों ने दो बार 50-50 हजार रुपये भी दिए। इसके बावजूद उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। लगातार परेशान किए जाने के कारण उसने वर्ष 2023 में बरेली जिले के देवरनिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, बाद में पंचायत और समझौते के बाद उसने अपनी शिकायत वापस ले ली। रूबी ने बताया कि वर्ष 2026 में एक अन्य पंचायत हुई थी। इसमें पति के सितारगंज में किराये के मकान में उसके साथ रहने और मारपीट व दहेज की मांग नहीं करने की बात तय हुई थी। पंचायत में हुए समझौते के बाद दोनों गांव गौरीखेड़ा में किराये के मकान में रहने लगे। महिला का आरोप है कि सितारगंज में रहने के दौरान उसे पता चला कि उसका पति कथित तौर पर नकली पुलिसकर्मी बनकर लोगों से ठगी करता है। जब उसने पति की इस गतिविधि का विरोध किया और ऐसा करने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि सात अक्तूबर को पति ने सबके सामने उसे तीन तलाक दे दिया। महिला ने जब इस घटना की जानकारी अपने मायके वालों को देने की बात कही तो पति ने उसे जान से मरवाने की धमकी दी। रूबी के अनुसार, हाल ही में उसे जानकारी मिली कि उसके पति के खिलाफ पुलभट्टा थाने में ठगी के मामले में भी मुकदमा दर्ज है। इसके बाद उसने पुलिस को तहरीर देकर पति और ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर पति समेत नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भय दस दिन से गांव के आसपास घूम रहे बाघ, तीन मवेशियों को बना चुके हैं निवाला

चार बाघों की दहशत के बीच टांडा पहुंचा हाथियों का दस्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन। मझगई वन रेंज के टांडा गांव में चार बाघों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पिछले दस दिनों से गांव के आसपास घूम रहे बाघों ने लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर दी है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीण दिन में भी घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। अब तक तीन मवेशियों को निवाला बना चुके बाघों के लगातार विचरण से ग्रामीणों को अपनी और परिवार की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। बाघों की लोकेशन का पता लगाने और उन्हें आबादी से दूर खदेड़ने के लिए वन विभाग ने हाथियों का दस्ता बुलाया है। सोमवार को हाथियों का दस्ता टांडा गांव पहुंच गया। इसके बाद बाघों की तलाश का अभियान तेज किए जाने की तैयारी है।ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघों को आबादी से दूर करने के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है।इस बाबत मझगई वन रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि बाघों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में जाल, सोलर लाइटें और दस ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। बाघों की सही लोकेशन का पता लगाने के लिए हाथियों का दस्ता बुलाया गया है। हाथियों की मदद से क्षेत्र में तलाश अभियान चलाकर बाघों को आबादी से दूर घने जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया जाएगा।वन विभाग की टीम गांव में मौजूद रहकर निगरानी कर रही है।



हाथियों का दस्ता पहुंचा टांडा गांव। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





मतदेय स्थलों के पुनर्गठन को लेकर डीएम ने दिए निर्देश



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, पुनरीक्षण और पुनर्गठन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दो किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित मतदेय स्थलों को मतदाताओं की सुविधा के अनुसार नजदीकी शासकीय भवनों में स्थानांतरित करने पर चर्चा हुई। जर्जर भवनों के स्थान पर सुरक्षित भवनों का चयन प्राथमिकता से किया जाएगा। डीएम ने कहा कि राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों का पारदर्शी निस्तारण किया जाएगा। स्वीकृत एवं अस्वीकृत प्रस्तावों का कारण सहित विवरण भी उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में बताया गया कि जनपद की चारों विधानसभाओं में कुल 1662 मतदेय स्थल और 967 मतदान केंद्र हैं। डीएम ने निर्वाचन आयोग की समय-सारणी के अनुसार सभी कार्य समय से पूरा करने और मतदान संबंधी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम, एसडीएम, निर्वाचन अधिकारियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मंगलाचरण और गुरु वंदना के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ, उमड़े हजारों श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय



बीसलपुर। दियोरिया कलां गोरक्ष पीठ आश्रम नूरानपुर में सोमवार से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हो गया। तीन नवंबर तक चलने वाली कथा के पहले दिन मंगलाचरण और गुरु वंदना प्रसंग का वर्णन किया गया। प्रथम दिवस की कथा के यजमान अवनीश जायसवाल और शिवानी जायसवाल रहे। आश्रम के महंत योगी हनुमाननाथ के सानिध्य में आयोजित कथा में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित किया। कथा व्यास पूज्य अंजनी शरण जी महाराज ने गुरु महिमा का आध्यात्मिक विवेचन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और सदाचार का संदेश दिया कथा व्यास ने मंगलाचरण की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में प्रत्येक मांगलिक अनुष्ठान का प्रारंभ आराध्य की वंदना से करने की परंपरा रही है। मंगलाचरण केवल धार्मिक अनुष्ठान का प्रारंभ नहीं, बल्कि अंतःकरण की शुद्धि और ईश्वर के प्रति समर्पण का प्रतीक है। गुरु वंदना प्रसंग की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु ही अज्ञान रूपी तिमिर का निवारण कर मनुष्य को आत्मबोध और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाते हैं। श्रीरामचरितमानस में भी गुरु चरणों की वंदना के माध्यम से ज्ञान और भक्ति की महत्ता प्रतिपादित की गई है।कथा के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से समूचा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, आयोजन समिति के संयोजक राकेश मिश्रा (अनावा), पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फनिक्की सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा का समापन तीन नवंबर को मुख्यमंत्री के दौरेके साथ होगा।

चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न कर रही पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय



अपर पुलिस अधीक्षक के पास उत्पीड़न की शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण।

शेरपुर कलां। मेन रोड पर लगातार हो रही पुलिस चेकिंग के दौरान ग्रामीणों और व्यापारियों को हो रही परेशानियों को लेकर सलमान खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) से मुलाकात की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपकर चेकिंग के नाम पर आम जनता के उत्पीड़न को रोकने की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट रूप से यह बात रखी गई कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और उसका पालन कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है और चेकिंग करना आवश्यक भी है, लेकिन इसकी आड़ में किसी भी निर्दोष ग्रामीण, राहगीर या व्यापारी को बेवजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पुलिस प्रशासन का पूरा सम्मान किया जाता है परंतु आम जनता और व्यापारियों के स्वाभिमान व अधिकारों की रक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है। जनता का सम्मान, व्यापारियों का स्वाभिमान और ग्रामीणों की परेशानी का समाधान" ही उनकी मुख्य प्राथमिकता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उचित दिशा निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पीलीभीत युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा पीलीभीत नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक शान मियां खान दानिश खान परवेज खान शहवाज खान सिराज खान और जहीन खान सहित कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसो पीलीभीत द्वारा धूमधाम से मनाई गई महाराजा अजमीढ़ की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। रविवार को अजमीढ़ जयंती समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज के जिला अध्यक्ष नितिन वर्मा स्वर्णकार ने की,संरक्षक विशन लाल स्वर्णकार, जिलाध्यक्ष नितिन वर्मा स्वर्णकार ने द्वीप जलाकर महाराजा अजमीढ़ को तिलक लगाकर,माला पहनाकर,पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित कई लोगों ने भाग लिया। अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज के जिला महामंत्री विपिन वर्मा स्वर्णकार,जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश स्वर्णकार,जिला उपाध्यक्ष संतोष वर्मा स्वर्णकार,जिला मंत्री एड.सुनील वर्मा स्वर्णकार, नगर अध्यक्ष गोपाल वर्मा स्वर्णकार नगर मीडिया प्रभारी अतुल वर्मा स्वर्णकार सहित समाज के रवि वर्मा, मुकेश वर्मा, रविश वर्मा, विशाल वर्मा, रामावतार वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के दौरान मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाज को मजबूत, संगठित और जागरूक बनाने का संकल्प लिया।वक्ताओं ने शिक्षा को सामाजिक उन्नति का आधार बताते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने, युवाओं को आगे बढ़ाने, राजनीति में समाज की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आपसी एकता बनाए रखने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संगठन और राजनीतिक भागीदारी तीनों महत्वपूर्ण हैं। एकजुट होकर ही समाज अपने अधिकारों और हितों को मजबूती से सामने रख सकता है।अजमीढ़ जयंती के अवसर पर आयोजित इस समारोह ने समाज की एकजुटता, सामाजिक चेतना और संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया।

समाजवादी जनेश्वर मिश्र ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



स्वागत करते सपाई। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी, पीलीभीत के जिला कार्यालय पर रविवार को समाजवादी जनेश्वर मिश्र ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी, पीलीभीत के जिलाध्यक्ष श्री धर्मेश गंगवार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन समाजवादी जनेश्वर मिश्र ब्राह्मण महासभा, पीलीभीत के जिलाध्यक्ष श्री प्रशांत अवस्थी ने किया। इस अवसर पर महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। सभी ने संगठन के विस्तार, आपसी सहयोग और सक्रिय जनसंपर्क के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया।बैठक में प्रमुख रूप से श्री कौशल बाजपेई, आरिफ भाई, समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, प्रशांत अवस्थी, नीरज पाण्डेय, गोविन्द पाण्डेय, दीपक दीक्षित, सुनील तिवारी, कुलदीप मिश्रा, हर्षित शुक्ला, धीरेन्द्र पाण्डे रजनीश पाठक,हिमांशु बाजपेई, आशीष पाण्डेय, सुधीर मिश्रा, मुकेश पाठक, आशीष कुमार एडवोकेट, राजीव यादव एडवोकेट, समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष श्री हरगोविंद गंगवार, मोहम्मद रज़ा अंसारी सहित अनेक सम्मानित नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण



ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड रूम, सीसीटीवी और साफ-सफाई का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के बाद खराब पाई गईं 1058 मशीनों को स्क्रीनिंग के लिए पुलिस सुरक्षा में अधिकारी के साथ हैदराबाद भेजने की प्रक्रिया के तहत वेयरहाउस खोला गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम, निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय कर्मचारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप समाचार

दहेज के लिए विवाहिता को बच्चे सहित घर से निकाला पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज किया मुकदमा

पूरनपुर। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर आठ माह के बच्चे के साथ घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। माधोटांडा निवासी अंजली देवी ने बताया कि उसकी शादी 17 फरवरी 2025 को गांव के ही अरुण कुमार के साथ हुई थी। जिसमे मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ के अनुसार दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद पति अरुण, ससुर प्रभुदयाल, सास हसमुखी और ननद चांदनी कम दहेज लाने के ताने देकर एक लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। पीड़िता ने बताया कि दिसंबर 2025 में गर्भवती होने के दौरान ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इसके बाद उसने मायके में बच्चे को जन्म दिया। काफी पंचायत होने के बाद ससुराल वाले उसे वापस ले गए, लेकिन कुछ समय बाद फिर से दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। छह सितंबर 2026 को ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट की और आठ माह के बच्चे घर से निकाल दिया।वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत माधोटांडा पुलिस से की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ विधि भूषण मौर्य ने बताया कि थाना पुलिस को साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

जमीनी विवाद में किशोरी को बंधक बनाकर पीटा,तीन महिलाओं के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। जमीनी विवाद को लेकर एक किशोरी को बंधक बनाकर मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव पुरैना ता . महाराजपुर निवासी आनंद श्री ने वताया कि उसने रामनरायन से जमीन खरीदकर मकान बनवाया है। रामनरायन पक्ष के लोग अवैध कब्जा करना चाहते है। इसी बात को लेकर जब वह खेत पर थी तभी गांव के रामनरायन की पत्नी गायत्री,वेटी चन्द्रा देवी और लालमती ने रास्ते में उसकी पुत्री संजना को पकड लिया। इसके बाद तीनो आरोपी उसको अपने घर ले गए और लात घूंसो व लाठी डंडे से मारपीट कर घर में वंधक वना लिया। जानकारी पर महिला पहुंची और अपनी पुत्री को छुडाया। आरोपियो ने जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।जमीनी विवाद को लेकर हुई इस घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस की ओर से मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना के आधार पर अग्रिम कार्रवाही की जाएगी।

फावड़े को लेकर मजदूर पर हमला, गंभीर घायल

पूरनपुर। फावड़े को लेकर हुए विवाद में एक युवक द्वारा मजदूर पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव उदरहा निवासी करन सोमवार को सुवह एक राइस मिल में काम करने गया था। राइस मिल पर गांव जैठापुर निवासी गुड्डू से फावड़े को लेकर मजदूर से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर युवक ने कथित तौर पर मजदूर पर फावडे से हमला कर दिया।उस पर फावडे से प्रहार कर घायल कर दिया। इसको लेकर खलवली मच गई। जान से मारने की धमकी दी गई। घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया। घटना के बाद मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद मामले को लेकर कार्रवाई की मांग की गई है। घटना के पीछे की वजह और विवाद से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने वताया कि फिलहाल,मामले में पुलिस से शिकायत किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस की जांच और कार्रवाई के बाद ही घटना की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

महिला से छेंडछाड, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने वताया कि गांव में रामायण चल रही थी। बीस अक्टूबर को वह रात को रामायण देखने जा रही थी, तभी रास्ते में उसको गांव निवासी सत्यपाल ने गलत नीयत से दवोच लिया,आरोप है कि महिला को पकडकर खींचने लगा और उसके साथ छेंडछाड कि, विरोध करने पर आरोपी गाली गलौच करने लगा, जिस पर वह भाग गया, इसके बाद महिला शिकायत करने आरोपी के घर पर गई आरोप है कि गाली गलौच कर मारपीट करने लगे और घर से भगा दिया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सर्राफा व्यवसायी पर जेवर हड़पने और धोखाधड़ी का आरोप न्यायालय के आदेश पर सर्राफा व्यापारी पर प्राथमिकी दर्ज

बीसलपुर। नगर के मोहल्ला ग्यासपुर (बसंत बिहार कॉलोनी) निवासी नीरज शर्मा ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई प्राथमिक में बताया है। कि वह बीसलपुर में किराना दुकान चलाते हैं। उन्होंने अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए 'वैष्णो ज्वैलर्स' के संचालक अमित गुप्ता उर्फ शीलू से दो प्रतिशत मासिक ब्याज की दर पर अपनी पत्नी के सोने के जेवरात जिसकी कीमत करीब 2 .20 लाख रुपये थी। वह गिरवी रखे थे। पीड़ित लगातार हर महीने ब्याज का भुगतान भी कर रहा था। आरोप है कि जब उसने अपने जेवरात वापस मांगे तो आरोपी व्यवसायी अमित गुप्ता टालमटोल करने लगा और पूरे पैसे एक साथ जमा करने का दबाव बनाने लगा। मार्च 2025 में पूरी धनराशि अदा करने के बाद भी आरोपी ने झूठे बहाने बनाकर जेवर वापस नहीं किए और समय टालता रहा। पीड़ित का आरोप है कि व्यवसायी ने उनके साथ विश्वासघात व छल-फरेब कर उनके कुल लगभग 15 लाख रुपये मूल्य के जेवरात हड़प लिए हैं। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में बीसलपुर थाना पुलिस को कई बार आवेदन दिया, जिस पर पुलिस ने जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन 6 महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 13 जुलाई 2026 को पुलिस अधीक्षक पीलीभीत को भी पंजीकृत डाक द्वारा प्रार्थना पत्र भेजा गया, लेकिन वहां से भी राहत न मिलने पर उन्होंने अदालत का रुख किया। पीड़ित नीरज शर्मा ने न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज करवायीं है। कोतवाली बरारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि पीड़ित नीरज शर्मा की तहरीर पर सर्राफा व्यापारी के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

वोट चोरी कर वनाई गई सरकारें: अशोक राजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



संबोधित करते अशोक राजा। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। सपा नेता अशोक राजा ने विधानसभा पूरनपुर के तराई क्षेत्र के ग्राम राजपुर तालुके महाराजपुर वीर खेड़ा धुरिया पलिया आदि का दौरा कर जनता से रूबरू हुए उन्होंने पीडीए की एक पंचायत को संबोधित करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश की सरकार एवं भारत सरकार दोनों ही जनमत की सरकार नहीं है यह आलोक तांत्रिक तरीके से वोटो की चोरी करके बनाई गई सरकारे हैं आज उत्तर प्रदेश में दलित पिछड़े अल्पसंख्यकों के अधिकारों को खत्म करने का काम यह सरकार कर रही है पिछड़े दलितों अल्पसंख्यकों के अधिकारों को बचाने का काम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी कर रहे हैं उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज किसानों को खाद नहीं मिल रही है उन्हें दोनों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है हर व्यक्ति को सोसाइटी से लेकर गैस एजेंसी बैंक अस्पतालों में सरकार ने लाइन में लगाने का काम किया है आज जरूरत है की गरीब किसान मजदूर पिछड़े दलित को एक मंच पर आकर श्री अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करना है और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाएं तभी इस देश के गरीब मजलूम लोग सुरक्षित रह सकेंगे उन्हें अपना अधिकार मिलेगा इस दौरान उनके साथ अरविंद यादव विशाल यादव आकाश कश्यप ठाकुर दधीचि सिंह धर्मवीर सिंह पाल मोहित यादव अभिषेक राठौर शालिग्राम भारती निष्कर्ष राजकुमार पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

मेला देखकर वापस जा रहे सिपाही सहित दो लोग घायल

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मूसेपुर निवासी प्रेम शंकर पुत्र प्रेमपाल उम्र करीब 26 वर्ष उत्तर प्रदेश पुलिस में लखनऊ में स्थित थाना चौक में तैनात है वह बीते कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर अपने घर आए थे वह बीती रात अपने साथी सचिन पुत्र महेश कुमार के साथ बीसलपुर में चल रहे मेला श्री रामलीला देखकर बीती रात लगभग 12:30 बजे बाइक द्वारा घर वापस जा रहे थे उनकी बाइक जैसे ही बीसलपुर पीलीभीत रोड पर स्थित जय गुरुदेव आश्रम के पास पहुंची वैसे ही आवारा सांड से टक्कर हो गई टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार रोड पर गिर कर घायल हो गए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां से प्रेम शंकर की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया जबकि सचिन को पीलीभीत जिला अस्पताल बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है।

समस्या संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धान खरीद प्रक्रिया में सुधार कराने और किसानों को राहत देने की मांग उठाई

धान खरीद में किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग। -जागरण मोर्चा

बीसलपुर। धान खरीद केंद्रों पर किसानों को हो रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम प्रमेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धान खरीद प्रक्रिया में सुधार कराने और किसानों को राहत देने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि धान खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण और सत्यापन नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते किसान अपनी उपज सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने में असमर्थ हो रहे हैं। संगठन ने पंजीकरण और सत्यापन पर लगी रोक हटाकर प्रक्रिया को सुचारु रूप से शुरू कराने की मांग की, ताकि किसानों को धान बेचने के लिए परेशान न होना पड़े। संगठन ने प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीद के लिए निर्धारित सत्यापन सीमा को बढ़ाकर 22 से 25 क्विंटल करने की मांग भी उठाई। कार्यकर्ताओं का कहना था कि मौजूदा सीमा के कारण किसानों की पूरी उपज की खरीद में दिक्कत आ रही है। सीमा बढ़ने से अधिक किसानों को अपनी उपज सरकारी केंद्रों पर बेचने का अवसर मिल सकेगा।

ज्ञापन में धान क्रय केंद्रों पर बिचौलियों की ओर से कथित फर्जी तौल किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई। संगठन ने प्रत्येक क्रय केंद्र पर प्रतिदिन खरीदे जाने वाले धान की मात्रा सार्वजनिक करने का सुझाव दिया, जिससे खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित धान क्रय केंद्रों को मंडी परिसर या अन्य उपयुक्त स्थानों पर सामूहिक रूप से संचालित कराने की मांग की गई। संगठन का कहना है कि इससे धान की वास्तविक तौल सुनिश्चित करने और खरीद व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

संगठन ने प्रशासन से किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान कराने की अपील की। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रेम सागर पटेल, देवेश कुमार, बृजेश और जसविंद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने मांगें पूरी नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



रणजी ट्रॉफी: मुंबई के लिए रघुवंशी और मुशीर के शतक, दिल्ली के कप्तान बदोनी भी चमके; मध्य प्रदेश की स्थिति मजबूत

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के पहले दिन मुंबई के अंगकृष रघुवंशी (114) और मुशीर खान (109) ने शतक जड़े, जबकि दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने नाबाद 106 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। मध्य प्रदेश के सारांश जैन ने सात विकेट लेकर बिहार को 99 रन पर समेट दिया। कर्नाटक के शिखर शेट्टी ने पांच और सर्विसेज के पुलकित नारंग ने छह विकेट झटके। चंडीगढ़ ने भी हिमाचल प्रदेश के खिलाफ दो विकेट पर 363 रन बनाकर शानदार शुरुआत की।

रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबलों के पहले दिन बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई के लिए अंगकृष रघुवंशी और मुशीर खान ने शतक जड़कर हरियाणा के खिलाफ टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वहीं, दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने लगातार दूसरा शतक लगाकर झारखंड के खिलाफ टीम को संभाला। मध्य प्रदेश के सारांश जैन ने सात विकेट लेकर बिहार की पारी समेट दी और अपनी टीम को मुकाबले में मजबूत बढ़त दिलाई।कर्नाटक के शिखर शेट्टी ने त्रिपुरा के खिलाफ पांच विकेट झटके, जबकि सर्विसेज के पुलकित नारंग ने ओडिशा के छह बल्लेबाजों को आउट किया। विभिन्न केंद्रों पर खेले जा रहे मुकाबलों में कई टीमों ने पहले दिन ही अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मुंबई ने हरियाणा के खिलाफ पहले दिन तीन विकेट पर 290 रन बनाकर मजबूत स्थिति हासिल की। अंगकृष रघुवंशी ने 114 रन की पारी खेलकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाया, जबकि मुशीर खान ने 109 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 208 रन की साझेदारी की। रघुवंशी ने 180 गेंदों पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से रन बनाए। वहीं, मुशीर ने 185 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके और एक छक्का लगाया। दिन का खेल खत्म होने तक कप्तान सिद्धेश लाड 29 और सरफराज खान 20 रन बनाकर क्रीज पर थे।

दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए झारखंड के खिलाफ नाबाद 106 रन बनाए। दिल्ली ने पहले दिन पांच विकेट पर 309 रन बना लिए। एक समय टीम 181 रन पर पांच विकेट गंवाकर मुश्किल में थी, लेकिन बदोनी और सुमित माथुर ने छठे विकेट के लिए नाबाद 124 रन की साझेदारी कर स्थिति बदल दी। माथुर 50 रन बनाकर खेल रहे थे।

निर्णायक टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया टीम में बदलाव: ये दो खिलाड़ी हुए बाहर, स्मिथ को देना होगा फिटनेस टेस्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



केप टाउन। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला 27 अक्तूबर से खेला जाना है। इससे पहले कंगारू टीम में बदलाव किए गए हैं और दो खिलाड़ियों को रिलीज किया गया है। स्टीव स्मिथ के खेलने पर भी संशय है और उन्हें फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा।

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को एक नया ओपनर मिलेगा, क्योंकि निक मैडिन्सन और बैकअप विकेटकीपर सैम हार्पर को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वहीं, अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अपनी गर्दन की चोट के लिए फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे। मैडिन्सन इस सीरीज की अपनी चार पारियों में 0, 48, 0 और 8 रन ही बना सके थे। वह अब स्वदेश लौट रहे हैं, जहां वे होबार्ट में तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में न्यू साउथ वेल्स की ओर से खेलेंगे। यह मैच शुक्रवार से शुरू हो रहा है। उनके जाने के बाद अब मैथ्यू रेनशॉ, ट्रेविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। इस बीच हार्पर को भी टीम से रिलीज कर दिया गया है, जो शनिवार से गाबा में क्वींसलैंड के खिलाफ होने वाले शेफील्ड शील्ड मैच में विक्टोरिया की तरफ से खेलेंगे। जोश इंग्लिस की अंगुली में फ्रैक्चर होने के बाद हार्पर को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था, लेकिन अब इंग्लिस फिट हैं और अगर एलेक्स कैरी को कोई दिक्कत आती है, तो वे विकेटकीपिंग कर सकते हैं। मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, हमें लगता है कि स्मिथ को खेलने के लिए अभी काफी कुछ ठीक होना बाकी है, लेकिन अगर हमें कोई सुखद नतीजे मिलते हैं, तो आप उन्हें खेलते हुए देख सकते हैं। स्मिथ को गकेबेरहा में खेले गए दूसरे टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लग गई थी। हालांकि उनके फिट होने की उम्मीद है, लेकिन अगर वे फिट नहीं होते हैं, तो मार्नस लाबुशेन पर अपनी नंबर तीन की जगह बचाने का दबाव बढ़ जाएगा, खासकर तब जब कैमरून ग्रीन और इंग्लिस भी चोट से उबरकर वापस आ चुके हैं।

पंत और बुमराह की होगी मैदान पर वापसी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज होनी है। इससे पहले जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत मैदान पर वापसी कर सकते हैं। बुमराह और पंत न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए टीम का हिस्सा बन सकते हैं। ये दोनों खिलाड़ी फिलहाल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ट्रेनिंग कर रहे हैं।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के न्यूजीलैंड ए के खिलाफ भारत ए के तीसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में खेलने की उम्मीद है, जो 7 से 10 नवंबर तक लिंकन में खेला जाना है। इस मुकाबले में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के भी शामिल होने की पूरी संभावना है, बशर्ते उन्हें बीसीसीआई की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लीयरेंस मिल जाए। पंत और बुमराह दोनों ही न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं, जो वेलिंगटन (19 से 23 नवंबर) और क्राइस्टचर्च (27 नवंबर से 1 दिसंबर) में खेली जाएगी। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, पंत और बुमराह फिलहाल बंगलूरू स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में ट्रेनिंग कर रहे हैं, जहां पंत शुक्रवार को पहुंचे थे, जबकि बुमराह सोमवार को पहुंचे। बुमराह का सीओई पहुंचना किसी भी सीरीज से पहले सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य रिटर्न-टू-प्ले शर्तों को पूरा करने के लिए है, जिसके बाद वे एक नवंबर को न्यूजीलैंड के लिए उड़ान भरेंगे। बुमराह ने आखिरी बार जापान में हुए एशियाई खेलों में हिस्सा लिया था, जहां अक्तूबर की शुरुआत में भारत ने स्वर्ण पदक जीता था।

वनडे विश्व कप: 'रोहित-विराट ही भारत को दिलाएंगे ट्रॉफी'

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने रोहित शर्मा और विराट कोहली का समर्थन करते हुए कहा है कि अगर दोनों खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2027 में खेलते हैं, तो भारत के पास खिताब जीतने का बेहतरीन मौका होगा। सुरेश रैना ने कहा कि रोहित और विराट अभी भी टीम के अहम सदस्य हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि अगर दोनों आगामी वनडे विश्व कप में हिस्सा लेते हैं, तो ट्रॉफी भारत के पास आएगी।

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने 25 जून 1983 को कपिल देव की कप्तानी में वेस्टइंडीज को हराकर अपना पहला वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद दो अप्रैल 2011 को महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में श्रीलंका को मात देकर टीम इंडिया ने अपना दूसरा वनडे विश्व कप खिताब जीता। रैना ने कहा कि भारत ने लंबे इंतजार के बाद हाल के वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट्स में सफलता हासिल की है। उन्होंने 1983 और 2011 वर्ल्ड कप जीत की याद दिलाते हुए दावा किया कि भारत तीसरा वनडे वर्ल्ड कप भी जीत सकता है। भारत के लिए 18 टेस्ट, 226 वनडे और 78 टी20 मैच खेलने वाले सुरेश रैना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद फिलहाल परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। वह अपने बेटे के साथ क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने बताया, मैं अपनी जिंदगी का आनंद ले रहा हूं। मैं अपने बच्चों, अपनी पत्नी के साथ समय बिता रहा हूं। मुझे यात्रा करना पसंद है। मैं बेटे के साथ छत पर खेलता हूं, उसे प्रैक्टिस पर लेकर जाता हूं। मेरा बेटा छह साल का है, वो अभी से लेदर बॉल से प्रैक्टिस करता है। जब लेदर बॉल आपको लगती है, तो काफी चोट लगती है। मेरी अंगुलियां भी इससे टूटी हैं, लेकिन मेरा बेटा अभी से इस गेंद से प्रैक्टिस कर रहा है। बच्चों को फोन के बजाय आउटडोर खेलना चाहिए।

अंडर-19 चैंपियनशिप: आदित्य ने विश्व मुक्केबाजी के फाइनल में बनाई जगह

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। भारतीय युवा मुक्केबाज आदित्य ने अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। आदित्य ने पुरुष 55 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में निहात गासिमोव को हराया। आदित्य का अब खिताबी मुकाबले में सामना रूस के इस्लाम मागोमेदोव से होगा।

आदित्य ने मोंटेनेग्रो के बुडवा में चल रही विश्व मुक्केबाजी अंडर-19 चैंपियनशिप के पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में अजरबेजान के निहात गासिमोव को हराकर फाइनल में जगह बनाई और इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय मुक्केबाज बने। एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आदित्य ने रविवार रात तीनों राउंड में दबदबा बनाए रखा और जजों ने उनके पक्ष में 5-0 का फैसला सुनाया। अब स्वर्ण पदक के मुकाबले में उनका सामना रूस के इस्लाम मागोमेदोव से होगा।

इससे पहले मेघा श्योकंद ने महिला 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में किर्गिस्तान की मेरिम चिनीबेकोवा को आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के आधार पर हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले रविवार शाम महिला 65 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में हर्षिका ने अमेरिका की लॉरिन एलमोर को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उन्हें 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। इससे पहले प्राची टोकस को भी महिला 80 किग्रा से अधिक भार वर्ग के सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक मिला।

हाइलो ओपन में भारतीय शटलरों की अग्निपरीक्षा, पीवी सिंधू समेत कई खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। फ्रेंच ओपन की उपविजेता पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। जापान ओपन का खिताब जीत चुकीं सिंधू की नजरें अब एक और ट्रॉफी पर होंगी। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और एचएस प्रणय से उम्मीदें रहेंगी, जबकि महिला एकल में अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा भी चुनौती पेश करेंगी।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे 5 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद शानदार फॉर्म में चल रहीं सिंधू की नजरें अब इस टूर्नामेंट का खिताब जीतने पर होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद उन्होंने पेरिस में आयोजित फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई, जहां उन्हें दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ तीन गेम के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। हाइलो ओपन के पहले दौर में सिंधू का सामना तुर्किये की नेस्लिहान अरिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन का मुकाबला फिनलैंड के जोआकिम ओल्डोर्फ से होगा। लक्ष्य 2019 में हाइलो ओपन का खिताब जीत चुके हैं और इस बार भी उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। हालांकि, इस सीजन अंतरराष्ट्रीय सर्किट में उनका प्रदर्शन निरंतरता की कमी से प्रभावित रहा है। वहीं, आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी पहले दौर में ताइवान के सु ली यांग से भिड़ेंगे। आयुष ने इस साल बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उपविजेता रहकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। इसके बाद अगस्त में विश्व चैंपियनशिप के पहले दौर में उन्होंने चीन के शी यूकी को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। उस समय शी यूकी विश्व नंबर एक और मौजूदा चैंपियन थे। हालांकि, आयुष बाद के टूर्नामेंटों में अपने प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख सके। भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय के सामने पहले दौर में कड़ी चुनौती होगी। उनका सामना फ्रांस के तीसरी वरीयता प्राप्त और मौजूदा विश्व चैंपियन एलेक्स लानिएर से होगा। इसके अलावा किरण जॉर्ज मलेशिया के चियाम जून वेई से भिड़ेंगे, जबकि तरुण मन्नेपल्ली का मुकाबला फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव से होगा। महिला एकल में भारत की अश्मिता चालिहा भी अच्छी फॉर्म के साथ उतरेंगी। उन्होंने इस साल कोरिया मास्टर्स का खिताब जीता था। इसके अलावा पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में जापान की तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची को हराकर उन्होंने सबका ध्यान खींचा था। अश्मिता पहले दौर में बुल्गारिया की कलोयाना नलबंतोवा से खेलेंगी। भारत की देविका सिहाग के सामने पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग की चुनौती होगी। वहीं, आकर्षि कश्यप का मुकाबला यूक्रेन की पोलिना बुह्रोवा से होगा।

धनतेरस-दिवाली और सोना: सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट से मांग मजबूत रहने की उम्मीद

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुंबई। सोने की कीमतें अक्तूबर के उच्चतम स्तर से लगभग पांच प्रतिशत नीचे आ गई हैं। यह रुझान में बदलाव के बजाए कीमतों में एक स्वस्थ सुधार दर्शाता है। धनतेरस और दिवाली से पहले सोन-चांदी की कीमतों में गिरावट सोने की मांग को मजबूत करेगी। विशेषज्ञों और उद्योग का कहना है, नवरात्री से ही सोने की कीमतों बहुत अधिक वृद्धि नहीं होने की वजह से मांग बनी हुई है। धनतेरस और दिवाली में मजबूत मांग की उम्मीद कारोबारी कर रहे हैं। इस मौके पर बिक्री बढ़ाने के लिए विशेष ऑफर और छूट भी दी जा रही है।

कोटक नियो के करेंसी और कमोडिटी रिसर्च के प्रमुख अनिंद्या बनर्जी ने अमर उजाला डॉटकॉम के साथ बातचीत में बताया, सोने और चांदी की कीमतों करेक्शन आया है। उतार-चढ़ाव के बाद भी त्योहारों के दौरान फिजिकल मांग को सहारा मिल रहा है। नवरात्रि के बाद से हमने खपत और मांग, आभूषण और फिजिकल मांग में अच्छी वृद्धि देखी गई है। हमें उम्मीद है कि त्योहारों के मौसम में यह मांग बनी रहेगी। केंद्रीय बैंकों द्वारा की जा रही सोने की खरीदारी एक्युमुलेशन और इंस्टीट्यूशन बाइंग लंबे समय तक सहारा देते रहेंगे। उन्होंने बताया, इस त्योहारी सीजन में, सोने की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है क्योंकि उपभोक्ता सोने को वैल्यू पर भरोसेमंद संग्रह मानते हैं। हालांकि सोने की कीमतें ऊंचाई से कम हुई हैं, हम इसे एक मौके के तौर पर देखते हैं और सोने पर भरोसा बना हुआ है। आज के खरीदार अपने खरीदने के फैसलों में अधिक जानकारी से लेता है। कीमतें अधिक होने की वजह से ग्राहक इसके वजन को कम कर सकते हैं। उपभोक्ता अब डिजाइन और वैल्यू के साथ-साथ शुद्धता और पारदर्शिता को महत्व देते हैं। आभूषण खरीदने में भरोसा एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। सोना अभी पारंपरिक रूप से सुरक्षित निवेश की बजाए मैक्रोइकॉनामिक फंडामेंटल्स को ट्रैक कर रहा है। उन्होंने बताया कि बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों ने फेडरल रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने की उम्मीदों को बढ़ा दिया है, जिससे हाल ही में बुलियन में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। बनर्जी ने बताया, सोने की कीमतों में 29 जनवरी 2026 की उच्चतम स्तर 1,80,779 रुपये प्रति दस ग्राम के से अभी तक 21 प्रतिशत की गिरावट आई है।



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।